फाल्गुन कृष्ण पक्ष, नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 5 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 108, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ट्रंप के खिलाफ निक्की हेली की पहली जीत 16

'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा 15

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के परिवार न होने संबंधी बयान पर प्रधानमंत्री मोदी ने किया पलटवार

मेरा जीवन खुली किताब, 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार

आदिलाबाद, (तेलंगाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परिवार ना होने' को लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक 'खुली किताब' बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम आयु में ही घर छोड़ दिया था।

जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने 'परिवारवादी दलों' पर हमला बोला और कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था, 'अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया।" प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने हुए, 'अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई, इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।' मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार बताया और कहा कि जिसका कोई नहीं है, वह भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। उन्होंने कहा, 'मेरा भारत-मेरा परिवार, इन्हीं भावनाओं का विस्तार लेकर मैं सपनों को संकल्प के साथ सिद्ध करने के लिए आपके लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा। एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। मैं देशवासियों के लिए जिऊंगा, ये सपना लेकर निकला था।

भाजपा नेताओं ने अपने बायो में लिखा 'मोदी का परिवार'

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने 'एक्स' के 'प्रोफाइल' पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिख लिया। सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने प्रोफाइल में यह बदलाव किया और उसके बाद गृहमंत्री शाह ने। कुछ देर बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, गिरिराज सिंह, स्मृति ईरानी, मीनाक्षी लेखी, भूपेंद्र यादव और अनुराग ठाकुर सहित कई नेताओं ने 'एक्स' प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया।

कांग्रेस का कटाक्ष, टेनी-बृजभूषण हैं असली परिवार

नई दिल्ली। कांग्रेस ने भाजपा द्वारा सोशल मीडिया मंचों पर 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू किए जाने के बाद सोमवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के निरंतर बढ़ने से भाजपा के नेता परेशान हो गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा सांसद अजय मिश्रा टेनी और बृजभूषण शरण सिंह प्रधानमंत्री मोदी का 'असली परिवार' हैं। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बृजभूषण शरण सिंह के 'एक्स' प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए कटाक्ष किया, 'मोदी का परिवार बृजभूषण शरण सिंह का स्वागत करता है।'

रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकार नहीं

वोट के बदले नोट मामले में शीर्ष न्यायालय ने पांच जजों की पीठ का पलटा फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की पीठ ने सांसदों-विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं होती है। शीर्ष न्यायालय ने इसी के साथ 1998 के नरसिम्हा राव जजमेंट के अपने फैसले को पलट दिया है। तब पांच जजों की पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि सदन के सदस्यों के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। पीठ ने कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में संसदीय विशेषाधिकारों के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए 1998 के फैसले की व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है।जस्टिस चंद्रचूड़ ने पीठ के लिए फैसले का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा, 'सांसद एवं विधायकों द्वारा रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट करते हैं।' न्यायालय ने 'पीवी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में 1998 के फैसले में बहुमत और अल्पमत के तर्क का विश्लेषण करते हुए कहा कि उसने इस विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से फैसला सुनाया है- भले वह संविधान के अनुच्छेद 105 से संबंधित हो और 194 से जुड़ा हो कि क्या एक सांसद या विधायक किसी आपराधिक अदालत में रिश्वतखोरी के आरोप में अभियोग से छूट का दावा कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'हम इस पहलू पर बहुमत के फैसले से असहमत हैं और उसे खारिज करते हैं।'

संविधान की आकांक्षाओं के लिए विनाशकारी

फैसला सुनाते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'यह (भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी) संविधान की आकांक्षाओं और विचारशील आदर्शों के लिए विनाशकारी है और एक ऐसा राजतंत्र स्थापित करता है, जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी और प्रतिनिधित्व प्रदान करने वाले लोकतंत्र से वंचित करता है।'

स्वच्छ राजनीति सुनिश्चित करने वाला फैसला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण या वोट देने के लिए रिश्वत लेने पर अब कानूनी कार्रवाई से छूट नहीं मिलने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को शानदार बताया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा। मोदी ने इस फैसले से संबंधित एक रिपोर्ट एक्स पर साझा करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय शानदार है जो स्वच्छ राजनीति को सुनिश्चित करेगा।

- **प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा संविधान पीठ में शामिल**
- **फैसले में कहा- सांसदों और विधायकों को आपराधिक मुकदमें से नहीं मिलेगी छूट**

जेएमएम विधायक का मामला और नरसिम्हा राव फैसले का हवाला

यह नया मामला तब सामने आया, जब सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन के एक कथित रिश्वत मामले की सुनवाई कर रहा था। सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत ली। इस मामले में साल 1998 के सुप्रीम कोर्ट के पीवी नरसिम्हा राव बनाम भारत गणराज्य मामले के फैसले का हवाला दिया गया, जिसमें कहा गया था कि संसद या विधानमंडल में कोई भी सांसद-विधायक जो कहते हैं और जो भी करते हैं, उसे लेकर उन पर किसी भी अदालत में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। वर्ष 2019 में तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई, जस्टिस अब्दुल नजीर और जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई की और कहा कि पीवी नरसिम्हा मामले में दिया गया फैसला बिलकुल इसी तरह का है और वह फैसला यहां भी लागू होगा।

आपत्तिजनक वीडियो के बाद भाजपा सांसद का लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- **सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा- यह मेरी छवि खराब करने की साजिश**

अमृत विचार : बाराबंकी से भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद रावत व उनके शुभचिंतक सकते में हैं। रावत ने अपनी दावेदारी वापस ले ली है।

सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को 'एक्स' पर बताया कि उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उनसे यह भी कहा है कि जब तक वह आरोप से बरी नहीं हो जाते, वे कोई भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। सोमवार को उनका चुनाव कार्यालय भी बंद रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच, बल्कि राजनीतिक हलकों में भी सांसद के वायरल वीडियो की ही चर्चा रही। भाजपा की लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को जारी 195 उम्मीदवारों की पहली सूची में उपेंद्र सिंह रावत को फिर से बाराबंकी से टिकट दिया गया था। इस बीच सोशल मीडिया पर रावत का एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो गया, जिसके बाद रावत ने चुनाव लड़ने से इनकार कर अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। सांसद ने कहा है कि वायरल वीडियो फेक है। एआई तकनीकी से बनाया गया है। इसमें मेरा चेहरा लगा दिया गया है। ऐसा ही वीडियो वर्ष 2022 व 2023 में भी वायरल किया गया था। रावत ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मेरी बढ़ती लोकप्रियता के बाद यह विरोधियों की साजिश है। उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई है। इसके पीछे वे लोग हैं, जो राजनीति में अलग-थलग हो चुके हैं। दोबारा मुझे टिकट मिलना उन्हें गंवारा नहीं था। मामले की प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि आपत्तिजनक वीडियो मामले का सच जल्द ही सामने आ जाएगा।

एक नजर

आप को पार्टी कार्यालय खाली करने का निर्देश

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) को सोमवार को निर्देश दिया कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए राउज एवेन्यू में आवंटित जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए अपने कार्यालय को हटा ले। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 'आप' का पक्ष रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद 15 जून 2024 तक जमीन खाली करने का आदेश पारित किया।

उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी 'सनातन धर्म को मिटाने' संबंधी टिप्पणी को लेकर अप्रसन्नता जताई। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्टालिन से कहा कि वह एक मंत्री हैं और उन्हें अपनी टिप्पणी के परिणाम पता होने चाहिए थे। पीठ ने कहा कि आपने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है।

हिमाचल में हिमस्खलन किन्नौर में एक की मौत

शिमला। हिमाचल में भारी हिमपात के बाद पिछले 24 घंटों में लाहौल स्पीति जिले और किन्नौर में दो अलग-अलग हिमस्खलनों ने सार्वजनिक तथा निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। किन्नौर जिले में हिमस्खलन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। अधिक हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है।

मंत्रिमंडल का विस्तार आज संभव, बनेंगे पांच नए मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

राजभवन में शपथ की तैयारी

अमृत विचार : योगी मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार मंगलवार को किए जाने की तैयारी है। समझा जा रहा है कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दोपहर 3 बजे आगरा से लौटने के बाद शाम लगभग पांच बजे राजभवन में कैबिनेट में शामिल होने जा रहे मंत्रियों को शपथ दिला सकती हैं। राजभवन का स्टाफ तैयार है लेकिन आयोजन राज्यपाल के लखनऊ पहुंचने के बाद ही फाइनल किया जाएगा। पांच मंत्रियों को योगी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। इसमें दो कैबिनेट, दो राज्यमंत्री और एक स्वतंत्र प्रभार मंत्री हो सकते हैं। योगी के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार का यह तीसरा कैबिनेट विस्तार होगा।

दूसरे विस्तार के बाद योगी मंत्रिमंडल में 52 मंत्री हैं। फिलहाल आठ मंत्रियों की जगह खाली है। सूत्रों के अनुसार योगी के तीसरे विस्तार में जिन विधायकों का नाम लगभग फाइनल है उसमें सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान के अलावा रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना का नाम शामिल है। रालोद के राजपाल बालियान और अशरफ अली भी मंत्री बनेंगे।

सलमान खुर्शीद की पत्नी दो अन्य की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने अपने निजी लाभ के लिए केंद्र सरकार के 71.50 लाख रुपये का शोधन किया। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में स्थित 15 कृषि भूखंड और डॉ जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की कुल 45.92 लाख रुपये की कुछ बैंक जमा राशि को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। ईडी ने दावा किया कि एक जांच में यह पाया गया है कि ट्रस्ट को प्राप्त 71.50 लाख रुपये के अनुदान का इस्तेमाल भारत सरकार द्वारा स्वीकृत शिविरों के आयोजन के लिए नहीं किया गया था, बल्कि इसका इस्तेमाल ट्रस्ट के प्रतिनिधि प्रत्यूष शुक्ला, सचिव मोहम्मद अतहर और परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद द्वारा ट्रस्ट के हित और अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया था। एजेंसी ने कहा है कि इस प्रकार अनुदान के तौर पर प्राप्त धनराशि को अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए इस्तेमाल किया गया।

पानी भरने गई किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, सिंगाही (लखीमपुर खीरी)

- **बेहोशी की हालत में तड़के घर से कुछ दूरी पर डाल गए आरोपी**

अमृत विचार : सिंगाही थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार की शाम घर से कुछ दूर सरकारी नल पर पानी भरने गई 13 वर्षीया किशोरी को दो किशोरों ने दबोच लिया और गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। किशोरी की हालत बिगड़ी तो उसके घर से कुछ दूर बेहोशी की हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति की 13 वर्षीया पुत्री रविवार की शाम करीब सात बजे घर से कुछ दूर लगे सरकारी नल पर पानी भरने गई थी। जहां से गांव के ही 15-17 साल के किशोरों ने उसे दबोच लिया। गन्ने के खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोग नल पर पहुंचे तो उसकी बाल्टी रखी मिली। गांव के आसपास अक्सर बाघ की चहलकदमी के कारण घरवालों को आशंका हुई। इस पर उसकी ग्रामीणों के साथ तलाश की, सोमवार तड़के करीब तीन बजे पुत्री बेसुध हालत में घर से कुछ दूर पड़ी मिली। होश आने पर किशोरी ने पूरी घटना बताई।

बिजनौर व बागपत से रालोद ने घोषित किए उम्मीदवार

- **बिजनौर से चंदन चौहान और बागपत से राजकुमार**

लखनऊ। इंडिया गठबंधन से हाल ही में नाता तोड़कर भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुए राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने सोमवार को लोकसभा और विधान परिषद के चुनावों के लिए क्रमशः दो एवं एक सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। रालोद द्वारा 'एक्स' पर अपने हैंडल से डाले गए संदेश में बताया कि पार्टी ने बिजनौर लोकसभा सीट से चंदन चौहान और बागपत सीट से राजकुमार सांगवान को उम्मीदवार बनाया है। गुर्जर समुदाय के चंदन इस वक्त मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से विधायक भी हैं। इनके पिता संजय सिंह चौहान वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में बिजनौर से सांसद चुने गए थे और दादा नारायण सिंह चौहान 1979 में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं। राजकुमार सांगवान प्रभावशाली जाट नेता हैं। विधान परिषद की एक सीट के लिए योगेश चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि राजग ने अभी सीटों के बंटवारे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा है।

पेट के कैंसर से पीड़ित हैं इसरो प्रमुख सोमनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आदित्य एल-1 की लॉंचिग के दिन चला था पता**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ पेट के कैंसर से पीड़ित हैं। जिस दिन भारत का आदित्य-एल1 मिशन अंतरिक्ष में लॉन्च हुआ था, उसी दिन इसरो प्रमुख में कैंसर का पता चला। मीडिया से एक बातचीत में सोमनाथ ने इसकी पुष्टि की है कि जांच के दौरान शरीर में अनियंत्रित कोशिकाओं की वृद्धि के बारे में पता चला जिसके आधार पर कैंसर का निदान किया गया है।

सोमनाथ ने बताया कि दो सितंबर 2023 को आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च की सुबह मेरी स्कैनिंग की गई, इसमें पता चला कि पेट में अनियंत्रित रूप से कैंसर कोशिकाएं बढ़ रही हैं। मिशन लॉन्च के बाद मैं चेन्नई गया, वहां दोबारा स्कैनिंग और कई और जांच की गई। रिपोर्ट्स से पता चला कि ये वंशानुगत रोग है। डॉक्टर्स ने ऑपरेशन की सलाह दी। डॉक्टर्स की टीम ने कैंसर की सर्जरी और फिर कीमोथेरेपी की। डॉक्टर्स ने नियमित स्कैनिंग की सलाह दी है। फिलहाल मैं ठीक हूं।

वीडियो माध्यम से ईडी के समक्ष पेशी को तैयार केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी किए गए आठवें समन के बाद भी सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए लेकिन उन्होंने कहा कि वह 12 मार्च के बाद वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एजेंसी के सामने पेश होने को तैयार हैं। प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों ने बताया कि एजेंसी केजरीवाल के जवाब की समीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी केजरीवाल के डिजिटल माध्यम से पेश होने के अनुरोध को स्वीकार नहीं कर सकती और मामले में पूछताछ के लिए उन्हें नौवां समन जारी कर सकती है।

मिसाल पीलीभीत रोड पर अपने तीन मंजिला घर में हाइड्रोपोनिक खेती की शुरुआत कर रामवीर कई राज्यों में फैला चुके हैं कारोबार

खेत न मिट्टी, सब्जी-फलों से 80 लाख का सालाना कारोबार

महिपाल गंगवार, बरेली

अमृत विचार : न खेत है और न ही मिट्टी, फिर भी फल और सब्जियां उगाई जा रही हैं। पीलीभीत रोड पर पासपोर्ट ऑफिस के पास रहने वाले रामवीर सिंह ने अपने तीन मंजिला घर को ही अपना खेत बना रखा है। घर के कोने-कोने में सब्जियों और फलों की फसलों की हरियाली दिखाई दे रही है। इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक पर करीब आठ साल पहले शुरू की गई इस खेती की बदौलत उनका सालाना कारोबार 80 लाख तक पहुंच गया है। रामवीर की यह उपलब्धि एक मिसाल बन गई है, विदेशों से भी लोग उसे देखने पहुंचते हैं।

तीन मंजिला मकान को बनाया सब्जी घर

रामवीर के घर में हर तरफ सब्जियों और फलों का अंबार उनके जुनून की कहानी बयां कर रहा है। घर का छज्जा पालक, धनिया और फूल गोभी से भरा हुआ है तो बालकनी में स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी और शिमला मिर्च की फसल लहलहा रही है। करीब दो सौ वर्ग गज में बने उनके तीन मंजिला घर में 12 हजार से ज्यादा पौधे लगे हुए हैं। घर पर हाइड्रोपोनिक खेती का प्रयोग सफल होने के बाद रामवीर ने बड़ा बाईपास के पास दो एकड़ का एक फार्म भी बना लिया। वहां भी उन्होंने हाइड्रोपोनिक तकनीक से करीब 18 हजार पौधे लगा रखे हैं। रामवीर के मुताबिक इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक का उपयोग अब देश के बड़े शहरों में भी गति पकड़ रहा है।

पिछले बरसों में गुजरात, पुणे, मध्य प्रदेश, इंदौर समेत देश के कई राज्यों में उनकी साझेदारी में हाइड्रोपोनिक तकनीक से खेती के लिए फार्म खोले गए हैं। सोशल मीडिया से उनकी इस खेती की जानकारी पाकर लोग अब विदेश से भी उसे देखने पहुंचते हैं।

रामवीर को दुबई से मिला आइडिया

रामवीर बताते हैं कि उनके एक दोस्त के चाचा को 2012 में कैंसर होने पर डॉक्टरों ने आशंका जताई कि फलों और सब्जियों में केमिकल इसका कारण हो सकता है। इसके बाद 2016 में वह दोस्तों के साथ दुबई गए तो वहां हाइड्रोपोनिक सिस्टम देखा, जिसमें बिना मिट्टी के पोषणयुक्त खेती की जा रही थी। जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया की मदद लेकर घर पर ही पूरा सिस्टम तैयार किया और खेती शुरू कर दी।

पाइप में उगाए जाते हैं पौधे

हाइड्रोपोनिक खेती पाइपों के जरिए होती है। पाइप में ऊपर छेद कर पौधे लगाए जाते हैं। पाइप में पानी होता है, जिसमें पौधों की जड़ें डूबी रहती हैं। पानी में ही पौधों की जरूरत के मुताबिक पोषक तत्व घोल दिए जाते हैं। यह तकनीक गाजर, मूली, शिमला मिर्च, मटर, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, ब्लूबेरी, तरबूज, खरबूज, अनन्नास, अजवाइन, तुलसी, टमाटर, भिंडी जैसे छोटे पौधों वाली फसलों के लिए उपयुक्त है।

शहर में आज

- क्रिसेंट पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव समारोह तुलसी नगर में दोपहर तीन बजे।
- विकास भवन में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी दोपहर दोपहर 12 बजे।
- बरेली कॉलेज के हॉकी ग्राउंड में तीन दिवसीय अंतरमहाविद्यालय रोवर्स-रेंजर्स समागम का उद्घाटन दोपहर 1:30 बजे।
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन पर समाजवादी छात्र सभा और विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन सुबह 11 बजे।
- नगर निगम में जनसुनवाई सुबह 10 बजे।

रामपुर बाग में दो महीने पहले बनी सड़क धंसी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

स्मार्ट सिटी

- हादसा होने से बचा, काफी देर बंद रहा ट्रैफिक, सड़कों के धंसने का सिलसिला जारी
- जल निगम ने बनाई थी सड़क, नगर आयुक्त ने प्रमुख सचिव को लिखा पत्र

अमृत विचार : स्मार्ट सिटी में सड़कों के धंसने का सिलसिला नहीं रुक पा रहा है। सोमवार को रामपुर बाग में जल निगम की ओर से सिर्फ दो महीने पहले बनाई गई सड़क धंसी तो शहर में चल रहे कामों की गुणवत्ता की पोल खुलकर सामने आ गई। हादसा होने की आशंका से सड़क पर बड़े वाहनों को रोक दिया गया। नगर आयुक्त ने गंभीरता से लेते हुए प्रमुख सचिव को चिट्ठी भेज जल निगम के अधिकारियों की शिकायत की है।

जल निगम के सीवर लाइन बिछाने के बाद यह सड़क स्मार्ट सिटी कंपनी ने बनवाई थी लेकिन बाद में पता चला कि जल निगम ने सीवर लाइन के मेन लाइन से जोड़ना भूल गया है। इस पर सीवर लाइन को जोड़ने के लिए सड़क को दोबारा खोदा गया और यहां डिप भी बनाया गया। इसके बाद काफी दिनों तक सड़क को खुदा ही छोड़ दिया गया। लोगों को आने-जाने में दिक्कत हुई तो स्मार्ट सिटी के अफसरों ने नाराजगी जताते हुए जल निगम को सड़क को बनाने को कहा।

कहा जा रहा है कि सड़क को बरेली स्मार्ट सिटी के मानकों के अनुरूप बनाना था लेकिन जल निगम ने मानकों का पालन नहीं किया। सड़क को जैसे-तैसे बनाकर यातायात चालू करा दिया। दो दिन हुई बारिश के बाद सोमवार को सड़क कई जगह धंसने लगी। देखते-देखते यहां गहरा गड्ढा हो गया। हादसे की आशंका देखते हुए आसपास के लोगों ने गड्ढे के चारों ओर छोटे-बड़े पत्थर रख दिए ताकि कोई वाहन उसमें न गिर जाए। रामपुर बाग में रहने वाले डॉ. अतुल अग्रवाल ने कहा कि जल निगम ने शहर को बदसूरत कर दिया है। आए दिन सड़क खोद दी जाती हैं। रामपुर बाग में सीवर की समस्या दूर नहीं हो पा रही है।

प्रभा टॉकीज के सामने सोमवार सुबह अचानक सड़क धंसने के बाद काफी देर बाधित रहा यातायात। ● अमृत विचार

> जल निगम ने सड़क पर हुए गड्ढे को सीमेंट की गिट्टी डालकर पाट दिया है। इसके बाद आवागमन शुरू हो गया है। गड्ढे खोदकर सड़क खराब करने पर जल निगम अफसरों को चेतावनी दी गई है। उनके काम से नगर निगम की छवि खराब हो रही है। विभागीय अफसरों के खिलाफ प्रमुख सचिव को पत्र भेजा जाएगा। – **निधि गुप्ता**, वत्स नगर आयुक्त

विकास भवन रोड फिर खोद डाला

बरेली, अमृत विचार: जल निगम ने सोमवार को ही विकास भवन रोड पर भी दोबारा खुदाई करके फिर कई डिप खोल दिए। सड़क को खुदा ही छोड़ दिए जाने से इस रोड पर भी हादसे का खतरा पैदा हो गया है।

डॉ. अतुल अग्रवाल ने बताया कि लखनऊ में ही इसी तरह सड़क धंसने से कार गहरे गड्ढे गिरने से बाल-बाल बच गई। अमृत विचार में सोमवार को ही इसका फोटो छपा है। बरेली में भी वैसी ही स्थिति होते-होते बच गई। इसके अलावा शहर में कई जगह सीवर के डिप या तो नीचे या फिर ऊंचे हैं, जिसकी वजह से वाहन चालकों को निकलने में काफी परेशानी होती है।

विकास भवन के सामने सीवर के डिप को उठाने के लिए खोद दी सड़क।

महानगर क्षेत्र में मरम्मत के लिए आज सात घंटे गुल रहेगी बिजली

बरेली, अमृत विचार : महानगर उपकेंद्र के फीडर नंबर एक और दो के तहत आने वाले क्षेत्र आशुतोष सिटी, छोटी बिहार, बड़ी विहार, मुंशीनगर, सर्जन स्टेट, हैप्पी होम, परवाना नगर, बड़ी बिहार की विद्युत सप्लाई मंगलवार सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मरम्मत कार्य की वजह से बंद रहेगी। इसके अलावा 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र किला के अंतर्गत 11 केवी सिटी-2 फीडर की लाइन पर मरम्मत कार्य की वजह से हुसैनबाग, बाकरगंज की विद्युत आपूर्ति दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। इसके अलावा 33/11 केवी विदयुत उपकेंद्र सीबीगंज के 11 केवी बरेली-एक फीडर और सर्वोदय नगर फीडर पर मरम्मत कार्य की वजह सुबह 11 से शाम 4 बजे तक स्वालेनगर, आनंद बिहार, किला छावनी, लीचीबाग, चंदननगर, सर्वोदय नगर, सनौआ, गोविंदापुर, सनईया रानी, वाकरनगर-सुनद्रासी में बिजली गुल रहेगी।

गलियों के रैंप बनाने के साथ दो दिन में पूरे करें काम : नगर आयुक्त

बरेली, अमृत विचार : कुतुबखाना पुल के सभी काम गुरुवार तक हर हाल में पूरे कर लें। पाइप लाइन नहीं डालने की वजह से रुका हुआ काम रात में कराएं। यह बात नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने शाम को पुल के निरीक्षण के दौरान अफसरों से कहीं। नगर आयुक्त ने सेतु निगम के अफसरों से कहा कि जहां-जहां पुल गलियों से जुड़ रहा है वहां गलियों के रैंप बनाए जाएं। रैंप नहीं बने होने से जनता को आवागमन में दिक्कत हो रही है। व्यूकटर लगने का काम भी मंगलवार तक पूरा करने की बात अफसरों ने कही है। यहां पाइप लाइन को नीचे गहराई में डालने का काम नहीं हो रहा था। इसे सोमवार की रात में ही करने की बात कही। इस दौरान सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक अरुण कुमार, स्मार्ट सिटी के सहायक अभियंता सुशील सक्सेना, सेतु निगम के सहायक अभियंता दिलीप कुमार, अवर अभियंता सुनील गिरी आदि रहे।

सदर तहसील: लेखपालों पर मेहरबान अफसरों ने अवैध लाभ देकर सरकारी खजाने पर बढ़ाया बोझ

ऑडिट जांच में पकड़े गए नाजायज यात्रा भत्ते से लेकर वेतन वृद्धि तक देने के गोलमाल, शासन ने दिया वसूली का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राजस्व परिषद के अपर आयुक्त ने एसडीएम सदर और तहसीलदार को भेजी रिपोर्ट
- तीन साल पहले शुरू हुई वित्तीय अनियमितताएं, बिल बुक की जांच में हुआ खुलासा

अमृत विचार : ऑडिट टीम की जांच में सदर तहसील में बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ियां पकड़ी गई हैं। ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक अफसरों ने पिछले तीन साल में नियम-कायदों को ताक पर रखकर लेखपालों को जमकर नाजायज लाभ पहुंचाया। अवैध रूप से आवास और यात्रा भत्ता देने के साथ वेतनवृद्धि तक देकर सरकारी खजाने पर लाखों का बोझ बढ़ा दिया गया। अब तक लगातार चल रहे इस खेल के उजागर होने के बाद राजस्व परिषद के अपर आयुक्त वित्त शिवधनी सिंह यादव ने लेखपालों को अवैध रूप से दी गई धनराशि की वसूली करने का आदेश दिया है।

राजस्व परिषद की ओर से सदर तहसील को भेजी गई रिपोर्ट के मुताबिक ऑडिट टीम के वर्ष 2022-23 की बिल बुक की जांच करने पर इन गड़बड़ियों का खुलासा हुआ है। इसमें पता चला कि 52 लेखपालों को शहरी क्षेत्र के आवास भत्ते के साथ नियत यात्रा भत्ते का भी भुगतान किया जा रहा है, जबकि दोनों भत्ते एक साथ देय नहीं है। अफसरों को इन सभी लेखपालों को दिए गए यात्रा भत्ते की धनराशि की वसूली करने का निर्देश दिया गया है। प्रत्येक लेखपाल से 1200 -1200 रुपये के हिसाब से 1.24 लाख की वसूली कर राजकोष में जमा की जानी है।

ऑडिट टीम की रिपोर्ट एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर के साथ आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद और डीएम को भी भेजी है और वित्तीय अनियमितताओं का संज्ञान लेने को कहा है। अपर आयुक्त वित्त ने तहसीलदार सदर को निर्देश दिया है कि निरीक्षण पत्र जारी होने के दो महीने के अंदर अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और इसकी रिपोर्ट डीएम के जरिए अपर आयुक्त वित्त कार्यालय को भेजी जाएगी।

चिकित्सा अवकाश के दौरान भी यात्रा भत्ता और स्टेशनरी का पैसा : ऑडिट टीम ने बिल बुक की जांच में पाया कि लेखपाल महेंद्र पाल दो मई 2022 से 31 मई 2022 तक चिकित्सा अवकाश पर थे। इस अवधि के वेतन का ही उन्हें भुगतान नहीं किया गया बल्कि यात्रा भत्ता और स्टेशनरी के लिए पैसों का भी भुगतान किया गया है। महेंद्रपाल से यह पूरी रकम वसूल कर जमाकोष में जमा कराने को कहा गया है।

शासनादेश की अनदेखी करके दे दी वेतन वृद्धि : लेखपाल भूषित की सेवापुस्तिका की जांच से पता चला कि उनकी नियुक्ति 16 फरवरी 2008 को हुई थी। उन्हें प्रथम एसीपी 16 फरवरी 2018 को ग्रेड वेतन 2000 में प्राप्त वेतन 29300 रुपये से ग्रेड वेतन 2400 में निर्धारित करने पर 30500 रुपये निर्धारित की गई। फिर एक मार्च 2018 से 31400 रुपये निर्धारित की गई जो त्रुटिपूर्ण है। दस वर्ष पर एसीपी में 16 फरवरी 2018 को विकल्प के आधार पर 22 दिसंबर 2016 और 13 अप्रैल 2020 को जारी शासनादेश के तहत छह माह का अंतर दोनों वेतन वृद्धियों में होना अनिवार्य है। इससे अधिक वेतन भुगतान वसूली योग्य है। निर्देश दिया गया है कि अधिक वेतन भुगतान और महंगाई भत्ते का परीक्षण कराकर अतिरिक्त धनराशि कोष में जमा कराई जाए। ऑडिट टीम से इसका सत्यापन भी कराया जाए।

आयकर कटौती किए बगैर दे दिया वेतन

जांच में यह भी पाया गया कि लेखपाल गोपाल प्रसाद, उस्मान रजा, नरेंद्र चंद्र, निर्दोष कुमार और राजेश कुमार, शिवशंकर लाल, चतुर बिहारी लाल और सौरभ कुमार के वेतन से अग्रिम तौर पर आयकर की कटौती नहीं की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 से आयकरदाता लेखपालों से आयकर कटौती करने का निर्देश दिया गया है। 17 लेखपालों की सेवापुस्तिका का बिल बुक से सत्यापन भी पांच साल से न कराए जाने की पुष्टि हुई है। ऑडिट टीम से इसका सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

इन लेखपालों को दिया गया अवैध यात्रा भत्ता

तहसील सदर के लेखपाल हजारी लाल, ओमप्रकाश, विष्णु दयाल, महेंद्र पाल, धर्मवीर, रामस्वरूप, उग्रसेन, अजयवीर सिंह, आस मोहम्मद खान, गोकरन सिंह, हरद्वारी लाल, मिहीलाल, राघवेंद्र सिंह, संदीप कुमार, शिशुपाल सिंह, सुभाष चंद्र, छत्रपाल देवयंशी, फैजदार शुक्ला, हरीश कुमार गंगवार, लाल बहादुर, राकेश बाबू, राम मोहन शर्मा, श्याम सिंह, उमा शंकर, अवधेश कुमार यादव, राजवीर सिंह, लक्ष्मी प्रसाद पांडेय, उस्मान रजा, नरेंद्र चंद्र, निर्दोष कुमार, संजेश कुमार, शिव शंकर लाल, चतुर बिहारी लाल, प्रेमपाल गंगवार, दिनेश कुमार शर्मा, अवधेश कुमार शर्मा, जय नारायन, प्रवीन कुमार शर्मा, जय प्रकाश, भूसित, अनिल कुमार, अनूप कुमार, जसवीर सिंह, सोमपाल, जयदीप कुमार, पुरुषोत्तम सिंह, आशीष राघव, महेश कुमार, नीतू गंगवार, विनय कुमार, सौरभ सिंह और अभिषेक तोमर से अवैध रूप से लिए गए यात्रा भत्ते की रकम की वसूली की जाएगी।

प्रस्ताव : बरेली के 14 वार्ड होंगे कूड़ा मुक्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गीला कूड़ा बेचकर इन वार्डों के लोग कमाई भी करेंगे, रेट तय होना बाकी
- एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए चुना गया बरेली का प्रस्ताव

अमृत विचार: देश के सौ स्मार्ट सिटी के बीच एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रस्ताव तैयार करने की प्रतियोगिता में बरेली स्मार्ट सिटी 18वीं रैंक मिली है। इस प्रस्ताव के तहत बरेली स्मार्ट सिटी के चुने गए 14 वार्डों में लोग गीला कूड़ा बेचकर कमाई करेंगे। हालांकि अभी इसका रेट तय नहीं किया गया है। दावा किया गया है कि परियोजना के अन्तर्गत चुने गए स्मार्ट सिटी को उसके प्रस्ताव के अनुरूप 20 करोड़ से 135 करोड़ तक की धनराशि आवंटित की जाएगी।

यूरोपीय संघ की साझेदारी में दिल्ली में हुए भारत सरकार के कार्यक्रम में पिछले महीने देश के सभी स्मार्ट सिटी के सीईओ ने प्रस्तुतियां दी थीं जिसका नतीजा अब आया है। चुने गए स्मार्ट सिटी में बरेली भी शामिल है। दरअसल, सुरक्षित उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नवप्रवर्तन, एकीकरण और स्थायित्व के लिए शहरी निवेश यानी सिटीज-2 योजना शुरू की गई है। इसका उद्देश्य वित्तीय सहायता और तकनीकी विशेषज्ञता देकर शहरों में विकास परियोजनाओं को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता के पहले दौर में 36 शहरों को चुना गया था। इन स्मार्ट सिटी के सीईओ ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) में सिटीज 2.0 प्रस्तावों के लिए साक्षात्कार और प्रस्तुतियों में भाग लिया।

बरेली स्मार्ट सिटी की ओर से प्रस्तावित एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन पर केंद्रित 'हरित प्रांगण' जीरो वेस्ट वार्ड परियोजना, शहरी विकास और पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है जिसमें बरेली स्मार्ट सिटी के 14 वार्डों को जीरो वेस्ट वार्ड बनाया जाएगा। बरेली स्मार्ट सिटी की ओर से सीईओ निधि गुप्ता वत्स ने दिल्ली में हुई प्रतियोगिता में प्रस्तुति दी थी।

जीरो वेस्ट के लिए ये वार्ड चुने

परियोजना में नाथ कॉरिडोर में आने वाले वार्डों के साथ स्मार्ट सिटी के छह वार्ड चिह्नित किए गए हैं। इनमें वार्ड 9 नौमहला, वार्ड 20 आजमनगर, वार्ड 32, गांधी उद्यान, वार्ड 35 रामपुर गार्डन, वार्ड 57 फाल्तूनगंज, वार्ड 64 सिकलापुर, वार्ड 8 डीडीपुरम, वार्ड 50 जनकपुरी, वार्ड 42, चौधरी मोहल्ला, वार्ड-7 वीरभट्टी, वार्ड 13 शांति विहार, वार्ड- 33 वनखंडीनाथ, वार्ड-75 एजाज नगर, वार्ड 54 भूड़ शामिल हैं।

नाथ धाम में छह सौ किसानों से भूमि अधिग्रहीत करेगा बीडीए

बरेली, अमृत विचार : बदायूं रोड पर नाथ धाम आवासीय योजना का डिमांड सर्वे पूरा हो गया है। इसमें छह सौ से ज्यादा आवेदन आए हैं। इसमें किसानों से सहमति पत्र लेकर भूमि अधिग्रहण की जाएगी। सर्किल रेट से ढाई गुना दर किसानों को दी जा सकती है।

विशेष कार्याधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि बदायूं रोड पर प्रस्तावित नाथ धाम आवासीय योजना को धरातल पर उतारने से पहले किसानों से सहमति पत्र लिया जाएगा। इसके लिए अखा, भगवानपुर, वहनपुर, रफियाबाद, मंजनूपुर, कैमुआ, सरदार नगर समेत सात गांव के करीब छह सौ किसानों से भूमि अर्जित की जाएगी। बताया कि किसानों से संवाद के बाद रेट तय किया गया जाएगा।

बिजली गिरने से सिग्नल फेल ट्रेनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीतांबरपुर और पिलखुआ में सिग्नल हुआ फेल
- कॉशन मेमो देकर ट्रेनें चलाई गईं काशी विश्वनाथ एक घंटा खड़ी रही

अमृत विचार: बारिश की वजह से रविवार देर रात कई ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। पीतांबरपुर में बिजली गिरने के कारण सिग्नल फेल हो गया। कंट्रोल रूम से सूचना पर कर्मचारियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद ट्रेनों का संचालन शुरू कराया। इस बीच ट्रेनों को कॉशन देकर गुजारा गया।

पीतांबरपुर -रसुईया स्टेशन के बीच में देर रात 1:30 बजे बिजली गिरने से अप लाइन पर सिग्नल फेल हो गया। कई उपकरण खराब हो गए। इससे लखनऊ की तरफ से आ रही 15127 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस को पीताबंरपुर स्टेशन पर करीब एक घंटे खड़ा कर दिया गया। कई यात्रियों ने रेलवे को एक्स पर शिकायत की तो कॉशन मेमो देकर ट्रेन को चलाया गया। इससे ट्रेन दो घंटा 53 मिनट लेट हो गई। रात में 3:30 बजे सिग्नल ठीक हुआ। इस बीच 12229 लखनऊ मेल, 14207 पद्मावत एक्सप्रेस, 12231 लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया और इन्हें कॉशन मेमो देकर गुजारा। वहीं बरेली में सिग्नल फेल होने से पद्मावत एक्सप्रेस को रोकना पड़ा। इससे पहले पिलखुआ में सिग्नल फेल होने के कारण इस ट्रेन को हापुड़ में ही दो घंटा खड़ा कर दिया गया। गुस्साए यात्रियों ने शिकायत की तो रेल अधिकारियों द्वारा सिग्नल फेल होने की जानकारी दी गई।

होली : ट्रेनों में अभी से बढ़ने लगी वेटिंग मुख्यालय भेजा स्पेशल ट्रेनों का प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: होली अभी 20 दिन दूर है लेकिन नियमित ट्रेनों में अभी से वेटिंग लंबी होनी शुरू हो गई है। कई ट्रेनों में वेटिंग सौ के पार पहुंच गई है। अब होली स्पेशल ट्रेनें चलने का इंतजार किया जा रहा है। रेल अफसरों ने स्पेशल ट्रेनें चलाने का प्रस्ताव मुख्यालय भेज दिया है।

होली इस बार 25 मार्च को है। इस त्योहार पर पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाली ट्रेनों में सर्वाधिक भीड़ होती है। सोमवार शाम को 12204 सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस में 20 मार्च को वेटिंग 86, 23 मार्च को 109, 24 मार्च को 55, 15098 अमरनाथ एक्सप्रेस में 20 मार्च को 26, 15656 कामाख्या एक्सप्रेस में 20 मार्च को 34, 14674 शहीद एक्सप्रेस में 20 मार्च को 19, 22 मार्च को 20, 23 मार्च को 32, 13020 बाघ एक्सप्रेस में 20 मार्च को 49, 21 मार्च को 81, 22 मार्च को 97, 15910 अवध असम एक्सप्रेस में 20 मार्च को 61, 21 मार्च को 63, 22 मार्च को 94, 23 मार्च को 109, 15274 सत्याग्रह एक्सप्रेस में 20 मार्च को 22, 21 को 26, 22 को 36, 23 को 36, 15652 लोहित एक्सप्रेस में 21 मार्च को 101 और 15904 चंडीगढ़ डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस में 21 मार्च को 144 वेटिंग थी। इस बीच रेल प्रशासन ने होली पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का प्रस्ताव मुख्यालय भेज दिया है। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि स्पेशल जल्द ही स्पेशल ट्रेनों की घोषणा कर दी जाएगी।

बरेली जंक्शन पर आने वाली ट्रेनों में फिर बढ़ने लगी है भीड़। ● अमृत विचार

फरवरी में ही हुई थी मरम्मत फिर भी मार्च में बिजली कटौती

- सिटी फीडर और सिविल लाइंस इलाके में बिजली गुल होने से लोग हुए परेशान

बरेली, अमृत विचार : फरवरी में मरम्मत कार्य कराने के बाद बेहतर बिजली की सप्लाई के दावे विभाग के फेल हो रहे हैं। मरम्मत कार्य होने के बावजूद बारिश के दौरान शहर में बिजली संकट हो गया। कहीं ट्रिपिंग तो कहीं लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान रहे। वहीं अभी मरम्मत कार्य बचे हुए हैं। इसकी वजह से सोमवार को किला उपकेंद्र के सिटी फीडर और सिविल लाइन्स क्षेत्र में बिजली गुल रही। वही शहर के अन्य इलाकों में भी ट्रिपिंग और बिजली कटौती हुई।

किला उपकेंद्र से जुड़े 11 केवी सिटी- एक फीडर पर सोमवार को मरम्मत कार्य की वजह से दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक मुलूकपुर, जवाहर पैलेस, चुना भट्टा समेत अन्य जगह बिजली कटौती की गई। इसके अलावा सिविल लाइंस के जंक्शन रेलवे कॉलोनी, आवास विकास कॉलोनी, स्टेट बैंक कॉलोनी बियावान कोठी के पास समेत अन्य जगह पर सुबह 3 से 8 बजे तक फाल्ट से बिजली गुल रही।

अब सप्ताह भर में 30 डिग्री सेल्सियस पार कर जाएगा पारा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन दिन की बारिश के बाद खुला मौसम तो बढ़ा दिन का तापमान
- जिले में 24 घंटे में 14 मिमी बारिश दर्ज, बहेड़ी, नवाबगंज में ज्यादा

अमृत विचार: एक बार फिर से जिले के मौसम में बदलाव हुआ। सोमवार को बादल छाए रहने के साथ तेज धूप खिली तो दिन का तापमान बढ़ गया। मौसम विभाग ने एक सप्ताह में 29 से 30 डिग्री तापमान पहुंचने का पूर्वानुमान जताया है, जिससे साफ है कि अब गर्मी का अहसास होगा। जिले में 24 घंटे में 14 मिमी बारिश दर्ज की गई, जिसमें बहेड़ी, नवाबगंज और फरीदपुर में सबसे अधिक 20-20 मिमी बारिश हुई।

सोमवार को सामान्य तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया लेकिन यह रविवार से दो डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 13 डिग्री दर्ज किया गया जो रविवार से तीन डिग्री कम रहा। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को सुबह के समय धुंध रहेगी। इसके बाद बुधवार से मौसम साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी होगी।

बार-बार मौसम बदलने बढ़े बुखार के मरीज, जिला अस्पताल में बनेगा अलग वार्ड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सोमवार को ओपीडी में पहुंचे 1269 मरीज, इनमें सबसे अधिक बुखार के

अमृत विचार : मौसम में लगातार बदलाव से बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। तीन दिन की बारिश के बाद मरीजों की संख्या और बढ़ गई है। ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ने की वजह से जिला अस्पताल में हार्ट वार्ड में अलग से बुखार के मरीजों के लिए वार्ड बनाया जाएगा।

विभागीय कर्मचारियों के अनुसार सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में 1269 मरीज इलाज के लिए पहुंचे जिसमें 157 मरीज सर्दी, खांसी और बुखार से ग्रसित मिले। वहीं त्वचा रोगियों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

बुखार पीड़ितों के लिए हेल्प डेस्क भी बनेगी : कोविड की दस्तक के बाद जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में बुखार रोगियों के लिए हेल्प डेस्क बनाई गई थी लेकिन कोविड का प्रकोप कम होने पर इसे बंद कर दिया गया था। अब बुखार का प्रकोप बढ़ने पर जिला अस्पताल स्थित हार्ट वार्ड में दोबारा से हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। इस डेस्क पर आकर मरीज या उनके तीमारदार बुखार संबंधी समस्त जानकारी और परामर्श की सलाह ले सकते हैं। यहां डॉक्टर के साथ ही नर्सिंग स्टाफ तैनात किया जाएगा।

> बुखार रोगियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर एक अलग वार्ड बनाने की योजना है। वहीं हेल्प डेस्क भी स्थापित कराई जाएगी। –**डॉ. अलका शर्मा**, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल

दिव्यांगों की परेशानी का कोई इलाज नहीं

सीएमओ कार्यालय स्थित दिव्यांगजन कार्यालय में सोमवार को शिविर में दिव्यांगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शिविर में दिव्यांग कई महीने चक्कर लगाते हैं लेकिन समस्या का समाधान न होने पर मायूस होकर लौट जाते हैं।

अवध-असम एक्सप्रेस 16 घंटे लेट पहुंची बरेली

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर सोमवार को कई ट्रेनें देरी से पहुंची। सोमवार को जंक्शन पर आने वाली 15910 अवध असम एक्सप्रेस करीब 16 घंटा लेट थी। इसके अलावा पुरबिया एक्सप्रेस, आनंद विहार गरीबरथ, गरीब नवाज एक्सप्रेस, पाटलीपुत्र चंडीगढ़, अकाल तख्त, नई दिल्ली एसी सुपरफास्ट आदि ट्रेनें देरी से पहुंचीं।



ब्लैकमेलिंग: सभी आरोपियों के फोन चालू फिर भी पता नहीं लगा पा रही पुलिस

दरोगा-सिपाही और तीनों फर्जी पत्रकारों का 10 दिन बाद भी सुराग नहीं, सवालों में घिरे लगातार दबिश दिए जाने के दावे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बेकरी मालिक को नाबालिग लड़की के चक्कर में फंसाकर मांगे थे सात लाख

अमृत विचार : बेकरी मालिक को ब्लैकमेल करने के मामले में फरार दरोगा-सिपाही और फर्जी पत्रकारों के दस दिन बाद भी गिरफ्तार न होने के कारण अब पुलिस पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, लगभग सभी आरोपी लगातार अपने फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं लेकिन फिर भी गिरफ्तारी के लिए बनाई गई टीमें उनकी लोकेशन ट्रेस न होने की बात कहकर पल्ला झाड़ रही हैं। पुलिस ने अब तक सिर्फ उस नाबालिग लड़की को गिरफ्तार किया है जिसे नौकरी दिलाने का झांसा देकर यह गैंग ब्लैकमेलिंग के लिए इस्तेमाल कर रहा था। परसाखेड़ा में बेकरी चलाने वाले शाहबाद (रामपुर) के मुस्तकीम ने फर्जी पत्रकार नावेद, चांद अल्वी और गुलाम साबिर आजाद से नाबालिग लड़की को होटल में उसके पास भेजने के लिए दो हजार रुपये में सौदा किया था। लड़की के कुछ देर होटल में मुस्तकीम के पास रुककर चली आई। इसके बाद फर्जी पत्रकारों के साथ थाना किला के सिपाही कोलेंद्र ने मुस्तकीम को धर लिया था। उसे किला चौकी लाकर उससे सात लाख रुपये मांगे गए।

चौकी इंचार्ज सौरभ कुमार ने सिपाही कोलेंद्र और तीनों फर्जी पत्रकारों के साथ उसे रकम लाने के लिए उसकी बेकरी पर भेजा। पीछे खुद भी बेकरी पर पहुंच गया, लेकिन इसी बीच मुस्तकीम फोन यूपी 112 को बुलाने में कामयाब हो गया। इसके बाद चौकी इंचार्ज, सिपाही, तीनों फर्जी पत्रकार और लड़की के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से सभी आरोपी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीमें बनाई गई हैं। रविवार को पुलिस ने बारादरी इलाके में रहने वाली किशोरी को तो गिरफ्तार कर लिया लेकिन चौकी इंचार्ज और सिपाही समेत बाकी आरोपियों का अब तक पता न लगने का दावा किया जा रहा है जबकि इन सभी आरोपियों के फोन लगातार चालू बताए जा रहे हैं। इस वजह से अब पुलिस पर भी सवाल उठने लगे हैं कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वह गंभीरता से कोशिश कर भी रही है या नहीं।

अब तक 20 से ज्यादा दबिश देने का दावा

अफसरों का दावा है कि दरोगा, सिपाही और फर्जी पत्रकारों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। एक टीम दूसरे जिलों में कई जगह दबिश देकर लौट आई है, दूसरी टीम अब भी दूसरे जिलों में उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के 20 से ज्यादा संभावित ठिकानों पर अब तक दबिश दी गई है लेकिन अब तक उनका कुछ पता नहीं लगा है।

लगातार वीडियो शेयर कर रहा है साबिर

पुलिस एक तरफ आरोपियों की लोकेशन ट्रेस न होने की बात कह रही है, दूसरी तरफ आरोपी गुलाम साबिर एक के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर रहा है। इन वीडियो में वह खुद को साजिश रचकर फंसाए जाने का आरोप लगा रहा है। उधर, इंस्पेक्टर किला हरेंद्र सिंह का कहना है कि दोनों टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। अभी कोई आरोपी हाथ नहीं आया है। जल्द सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कानून का नजरिया... पीड़ित तो किशोरी है, बेकरी मालिक नहीं

फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार भटनागर का कहना है कि बेकरी मालिक को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहे दरोगा-सिपाही और फर्जी पत्रकारों ने किशोरी को बहला-फुसलाकर इस्तेमाल किया है। बेकरी मालिक जो मुकदमे का वादी है, उसने भी दो हजार रुपये देकर किशोरी को होटल के कमरे में बुलाने की बात खुद स्वीकार की है। इस लिहाज से इन सभी पर पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। कानून में यह कहीं नहीं लिखा है कि वादी आरोपी नहीं बन सकता। पुलिस को इस मामले में किशोरी का धारा 164 के तहत बयान भी दर्ज कराना चाहिए। उसे नौकरी दिलाने के बहाने इस तरह का काम कराने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

एक नजर

दुष्कर्म के आरोपी बना रहे हैं समझौते का दबाव

बरेली, अमृत विचार : दुष्कर्म के आरोपी रिश्ते के मामा और उसके साथियों को पुलिस दस दिन बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है। आरोपी पीड़िता और उसके परिजनों पर फैसले का दबाव बना रहे हैं और इन्कार करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि उसके रिश्ते के मामा ने दुष्कर्म किया था। आरोपी उसे राजस्थान ले जा रहे थे, लेकिन परिजनों ने पकड़ लिया। पीड़िता ने एसएसपी को 16 फरवरी को शिकायती पत्र दिया था, तब एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने 24 फरवरी को दुष्कर्म समेत तमाम धाराओं में आरोपी करन कुमार समेत पांच छह अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पीड़िता अपने मामा के यहां थाना बारादरी क्षेत्र में रह रही है। उसने बताया कि आरोपी उसके सगे मामा की हत्या करने को कह रहे हैं।

बीडीसी सदस्य के बेटे ने नहा रही युवती का बनाया वीडियो

बरेली, अमृत विचार : भमोरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बीडीसी सदस्य के बेटे पर उनकी बेटी का नहाते हुए वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी और उसके परिजनों ने मारपीट की। पीड़िता ने एसएसपी को शिकायती पत्र देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। एसएसपी ने मामले की जांच कराकर रिपोर्ट दर्ज कराने का आश्वासन दिया है। महिला के मुताबिक उनके पड़ोस में बीडीसी सदस्य का घर है। चार दिन पहले बीडीसी सदस्य के बेटे ने उनकी बेटी का नहाते हुए वीडियो बना लिया। उन्होंने थाना भमोरा में शिकायती पत्र दिया, लेकिन राजनीति दबाव के चलते रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। आरोप है कि पीड़िता के पशुओं को भी आरोपियों ने जहर देकर मार दिया। आरोपी अब पति और बच्चों की हत्या करने की धमकी दे रहे हैं।

बरेली कॉलेज में पकड़ा गया बिना फीस प्राइवेट परीक्षा फार्म जमा करने का खेल

विद्यार्थी परिषद के कथित कार्यकर्ता को पुलिस को सौंपा, बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े की आशंका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में प्राचार्य की आईडी और पासवर्ड के जरिए स्नातक और परास्नातक की प्राइवेट परीक्षा के सैकड़ों फार्म बगैर फीस जमा कर दिए जाने की आशंका है। सोमवार को यह खेल तब पकड़ा गया जब कथित रूप से विद्यार्थी परिषद के एक कार्यकर्ता को फीस अदायगी की फर्जी रसीद के साथ कई फार्म जमा करने की कोशिश करने के दौरान धर लिया गया। आरोपी को बारादरी पुलिस के सुपुर्द कर तहरीर भी दी गई है। पूछताछ के दौरान उसने इस खेल में एक कैफे संचालक के साथ कई छात्र नेताओं के शामिल होने की बात उगली है।

चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि सोमवार दोपहर बीएससी का छात्र नितिन निवासी शिवाजी नगर हरुनगला चार छात्रों के प्राइवेट परीक्षा फार्म जमा करने कॉलेज पहुंचा था। काउंटर पर बैठे कर्मचारी मनोज सिंह को उसने फीस जमा करने की जो रसीद दी, उसका बार कोड कई बार कोशिश करने के बावजूद स्कैन नहीं हुआ तो कर्मचारी को शक हुआ। ध्यान से देखने पर उसने पाया कि रसीद का रंग अलग है। वैध रसीद पर बरेली कॉलेज का लोगो ब्लैक एंड व्हाइट होता है लेकिन नितिन जो रसीद लाया था, उस पर कलर्ड लोगो प्रिंट था। कर्मचारी ने नितिन को रोककर प्राचार्य प्रो. ओपी राय को जानकारी दी। प्राचार्य ने उसे बुलाकर सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने फर्जीवाड़े का सारा खेल उगल दिया। प्राचार्य ने इसके बाद बारादरी थाना प्रभारी को सूचना दी और फिर नितिन को पुलिस के हवाले कर दिया। छात्र के पास से आकाश सिंह, पवन गौतम आदि छात्रों के फार्म मिले हैं।

पूछताछ के दौरान नितिन ने बताया कि वह इससे पहले 10-12 छात्रों के फार्म जमा कर चुका है। हालांकि कॉलेज प्रशासन को आशंका है कि इस तरह का फर्जीवाड़ा करके अब तक सैकड़ों फार्म जमा किए गए होंगे। दरअसल बरेली कॉलेज में पिछले साल 17 हजार व्यक्तिगत परीक्षा फार्म जमा किए गए थे। इस बार भी अब तक करीब 10 हजार जमा किए जा चुके हैं। आशंका है कि फर्जीवाड़े के इस खेल के जरिए कॉलेज को अच्छीखासी चपत लगाई गई है।

- फीस अदायगी की फर्जी रसीदों के जरिए जमा किए जा रहे थे परीक्षा फार्म
- कई छात्र नेता कैफे के जरिए प्राचार्य के आईडी-पासवर्ड से कर रहे थे खेल

शक : किसी कर्मचारी ने लीक किया आईडी-पासवर्ड

बरेली कॉलेज में आठ काउंटर पर परीक्षा फार्म जमा किए जाते हैं। इन काउंटर पर रहने वाले कर्मचारियों के पास प्राचार्य की आईडी और पासवर्ड भी होता है। इस कारण यह तय माना जा रहा है कि किसी कर्मचारी ने ही प्राचार्य की आईडी और पासवर्ड लीक किया है। इसी के जरिए कैफे से फार्म फारवर्ड करने के बाद फर्जी रसीद दिखाकर कॉलेज में फार्म जमा कर दिए गए। प्राचार्य ने बताया कि मामले की गबन जांच कराई जाएगी। यह भी पता किया जा रहा है कि आईडी और पासवर्ड कैसे और कहां से लीक हुआ।

छात्र भुगतेंगे खामियाजा, गलत भरे गए फार्म रद्द होंगे

बरेली कॉलेज में अब तक जमा होने वाले प्राइवेट परीक्षा फार्म और फारवर्ड परीक्षा फार्मों का मिलान किया जाएगा। प्राचार्य ने इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना को निर्देश दिए हैं। इन फार्मों की सूची विश्वविद्यालय को भी भेजी जाएगी ताकि गलत तरीके से भरे और जमा किए गए छात्रों की परीक्षा पर रोक लगाई जा सके। प्राचार्य ने परीक्षा नियंत्रक को तुरंत पासवर्ड भी बदलने के निर्देश दिए। यह भी कहा है कि नियमित अंतराल के बाद लगातार पासवर्ड में बदलाव किया जाए।

असल खिलाड़ी कोई और, नितिन को एक फार्म पर मिलते थे 50 रुपये

बरेली कॉलेज में पकड़े गए छात्र नितिन से पूछताछ करने से साफ हुआ कि इस फर्जीवाड़े में उसकी हैसियत एक गुर्गे की ही थी। उसने बताया कि एक साइबर कैफे संचालक और कई छात्र नेताओं की मदद से वह फार्म जमा करता था। उसने कई लोगों के नाम भी बताए लेकिन अभी यह साफ नहीं हुआ है कि इस फर्जीवाड़े में किसकी क्या भूमिका थी। नितिन ने बताया कि सभी फार्म एक ही साइबर कैफे से भरे गए हैं। उसे एक फार्म जमा करने के लिए 50 रुपये दिए जाते हैं। उसने अपने साथ आए छात्रों से फार्म जमा करने का शुल्क भी लिया था। चीफ प्रॉक्टर ने बताया कि स्नातक की प्राइवेट परीक्षा का फार्म फॉरवर्ड करने की फीस 525 और परास्नातक की 625 रुपये है। उधर, विद्यार्थी परिषद की अवनि यादव ने बताया कि नितिन का उनके संगठन से कोई लेनादेना नहीं है। वह कॉलेज प्रशासन से मांग करेंगी कि इस मामले की जांच कराकर दोषी छात्रों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

> फर्जी रसीद से फार्म जमा करने का खेल पकड़ा गया है। छात्र को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। आईडी पासवर्ड कैसे लीक हुई, इसकी जांच कराई जाएगी।
>
> – प्रो. ओपी राय, प्राचार्य बरेली कॉलेज

शासन ने तीन एडीजीसी की समाप्त की सेवाएं

बरेली, अमृत विचार : शासन ने सोमवार को तीन अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) की सेवाएं समाप्त कर दीं। डीएम की ओर से तीनों के खिलाफ जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन न करने की रिपोर्ट भेजी गई थी।

हटाए गए एडीजीसी में एनडीपीएस कोर्ट के अमित बिसारिया, निशा और पॉक्सो कोर्ट की सोनी मलिक शामिल हैं। बताया जा रहा है कि डीएम ने पिछले दिनों समीक्षा के बाद तीनों को कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश दिया था। लंबित मामलों पर पिछली बैठक में स्पष्टीकरण भी मांगा था। इसके बाद तीनों को हटाने के लिए लिखापढ़ी कर दी थी। अमित बिसारिया ने बताया कि उन्हें हटा दिया गया है। प्रशासन उनसे सरकारी वकील के तौर पर काम नहीं लेना चाहता तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। सोनी मलिक ने कहा कि पॉक्सो एक्ट में सबसे ज्यादा सजाएं कराने के बाद बी उन्हें हटा दिया गया।

कार का शीशा तोड़कर 1.50 लाख का सामान चोरी

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर के जनकपुरी में रिश्तेदारी में आए कोलकाता के युवक की कार का शीशा तोड़कर चोर 1.50 लाख रुपये का सामान गायब कर दिया गया। प्रेमनगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोलकाता के कालीपुर निवासी अमित सिन्हा ने बताया कि वह 29 फरवरी को अपने साले राकेश कुमार सक्सेना के यहां जनकपुरी में आए थे। उन्होंने कार घर के बाहर खड़ी कर दी थी। दो मार्च को जब वह सुबह 6.45 बजे देखा कि कार के शीशे टूटे हुए हैं।

आरोप: पुलिस की वर्दी में एक और ब्लैकमेलर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महिला सिपाही पर बहन के साथ फायर ब्रिगेड के जवान को फंसाकर लाखों ऐंठने का आरोप
- नवाबगंज में तैनात जवान के पिता की शिकायत पर इंस्पेक्टर नवाबगंज को जांच

अमृत विचार : पुलिस की वर्दी पर एक के बाद एक दाग लग रहे हैं। अब शाहजहांपुर के तिलहर सर्किल में तैनात महिला सिपाही और उसकी बहन पर फायर ब्रिगेड के एक जवान को फंसाकर ब्लैकमेल करने और लाखों रुपये ऐंठ लेने का आरोप लगा है। जवान के पिता की शिकायत पर एसएसपी ने इंस्पेक्टर नवाबगंज को जांच का आदेश दिया है। स्योहारा (बिजनौर) के गांव मुंडा खेड़ी में रहने वाले नृपेंद्र सिंह की ओर से दिए गए शिकायती पत्र के मुताबिक उनका बेटा विनीत कुमार फायर ब्रिगेड में सिपाही है और नवाबगंज में तैनात है। आरोपी महिला सिपाही ने विनीत से जान-पहचान के बाद उसे अपनी बहन से यह झूठ बोलकर मिलवाया था कि वह भी पुलिस में है। इस मुलाकात में महिला सिपाही की बहन ने भी वर्दी पहन रखी थी। नृपेंद्र सिंह के मुताबिक दोनों बहनों ने उनके बेटे को धीरे-धीरे अपने जाल में फंसाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। अब तक वे चार लाख रुपये ऐंठ चुकी हैं और अब आठ लाख और मांग रही हैं।

नृपेंद्र सिंह ने एसएसपी को बताया कि विनीत के और रकम देने से इन्कार करने पर थाना नवाबगंज में उसके खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करा दी। इससे उनका बेटा अवसाद में चला गया। दोनों बहनें मेरठ की रहने वाली हैं। नृपेंद्र की शिकायत पर एसएसपी ने इंस्पेक्टर नवाबगंज को जांच का निर्देश दिया है। बता दें कि महिला सिपाही की बहन की ओर से करीब सप्ताह भर पहले एसएसपी के आदेश पर थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोप था कि विनीत ने शादी का वादा कर उससे दो साल तक दुष्कर्म किया और फिर वादे से मुकर गया।

एसएसपी कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे नृपेन्द्र सिंह। ● अमृत विचार

एसएसपी को कई साक्ष्य भी सौंपे: पुलिस में न होने के बावजूद वर्दी पहनकर विनीत को धोखा दिए जाने के साक्ष्य भी नृपेंद्र सिंह ने एसएसपी को सौंपे हैं। इनमें महिला सिपाही की बहन के वर्दी पहनकर वीडियो कॉल करने के स्क्रीन शॉट है, इसके अलावा महिला सिपाही और उसकी बहन को यूपीआई के जरिए भेजी गई रकम का भी ब्योरा है। उधर, रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से विनीत अवकाश पर है। उसका मोबाइल नंबर भी बंद है।

सुरेशशर्मा नगर के तिहरे हत्याकांड में छैमार गैंग के नौ सदस्य दोषी

विधि संवाददाता, बरेली

- स्पेशल जज फॉस्ट ट्रैक कोर्ट की कोर्ट में हुई सुनवाई, 7 मार्च को होगी सजा पर सुनवाई
- आठ साल पहले सुरेश शर्मा नगर में आयकर निरीक्षक के घर डाली गई थी डकैती

अमृत विचार: सुरेश शर्मा नगर में करीब आठ साल पहले आयकर विभाग के निरीक्षक के घर में घुसकर डकैती डालने के दौरान उनकी मां, भाई और भाभी की हत्या करने के मामले में स्पेशल जज फॉस्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर ने छैमार हसीन गैंग के नौ आरोपियों को परीक्षण में दोष सिद्ध करार दिया है। सजा के बिंदु पर 7 मार्च को सुनवाई होगी।

सरकारी वकील दिगम्बर पटेल ने बताया कि वादी मुकदमा रविकान्त मिश्रा ने थाना बारादरी में तहरीर देकर बताया था कि वह सुरेश शर्मा नगर (25 ए पार्ट-3) के निवासी हैं। आयकर विभाग पीलीभीत में निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। 21 अप्रैल 2014 सुबह 9 बजे घर से पीलीभीत चले गये थे। 23 अप्रैल 2014 की सुबह सूचना मिली कि परिजनों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। आशंका होने पर वह अपने घर आये तो मेनगेट अंदर से बंद था। गैलरी में खिड़की खुली दिखायी दे रही थी और ग्रिल निकली हुई थी। छत का दरवाजा खुला था। जब उन्होंने पास के निर्माणाधीन मकान की छत से अंदर जाकर देखा तो मां पुष्पा की लाश सीढ़ियों के पास पड़ी थी। बेडरूम में भाई योगेश और उनकी पत्नी प्रिया की लाश पड़ी थी। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। अलमारी टूटी थी। अज्ञात बदमाशों द्वारा लूटपाट के इरादे से परिजनों की हत्या कर दी थी।

पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध डकैती कर हत्या करने, आपराधिक षडयंत्र की गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की, जिसमें शेरगढ़ कुड़ला नगरिया निवासी वाजिद, बिथरी चैनपुर डेरा उमरिया निवासी हसीन, यासीन उर्फ जीशान, नाजिमा, हाशिमा, माल खरीदने वाला सर्राफ शाहजहांपुर कोतवाली मोहल्ला चैक, सदर कैंट निवासी राजू वर्मा, सम्भल निवासी समीर उर्फ साहिब उर्फ नफीस, बिथरी चैनपुर डेरा उमरिया निवासी जुल्फाम और फहीम समेत नौ आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट भेजी थी।

पुलिस ने विवेचना में पाया था कि आरोपी पड़ोस के निर्माणाधीन मकान के जरिए रात के समय घर में प्रवेश कर सब्बल के जरिए खिड़की की ग्रिल निकालकर घर में दाखिल हुए थे और वादी की बुजुर्ग मां के उठने पर सिर पर ईंट मारकर हत्या कर दी। फिर भाई-भाभी को भी सब्बल और ईंट मारकर बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया था।

फिल्म देखने के बाद की थी वारदात : पुलिस ने जब बदमाशों को पकड़ा था तो उन्होंने पूछताछ में बताया था कि चादर बेचने के दौरान महिलाओं की ओर से रैकी करने के बाद सभी कुमार टॉकीज के पीछे मिले थे और यहां सभी ने फिल्म देखी थी। इसके बाद हसीन कालिया ने दोबारा जाकर रैकी की थी और फिर घटना की थी।

छैमार डेरों पर पुलिस की दबिश के दौरान लूटा गया पर्स बरामद होने के बाद हुआ था घटना का खुलासा

2 मई 2014 को मुखबिर से सूचना पर बिथरी के उमरिया गांव में नदी के किनारे स्थित डेरों पर पुलिस ने दबिश दी थी। एक व्यक्ति और दो औरतें मिलीं। तलाशी में चार चांदी के सिक्के बरामद हुए। पेंट की जेब से एक पर्स मिला। जिसमें गुप्ता पॉली क्लिनिक का पर्चा मिला। जिसमें पुष्पा देवी का नाम ऊपर लिखा था। दूसरे कागज पर आयकर विभाग योगेश मिश्रा लिखा हुआ था। पकड़ी गयी महिलाओं ने अपना नाम नाजिमा उर्फ कल्लो पत्नी हसीन, दूसरी ने हाशिमा पत्नी यासीन बताया था। व्यक्ति ने अपना नाम वाजिद बताया था। पर्स को देखने पर विजय देव मिश्रा ने रोते हुए बताया कि साहब यह तो मेरे भाई योगेश का है। वाजिद से कड़ाई से पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर घटनाक्रम का खुलासा किया था। वाजिद ने बताया था कि सब्बल के सहारे से खिड़की की ग्रिल हटाकर घर में घुसे थे।

कॉलोनी में भीख मांगने के दौरान की थी रेकी

दो जून 2014 को मोहल्ला सुरेश शर्मा नगर की रहने वाली राजकुमारी और प्रियंका ने अपने बयान में बताया था कि घटना के तीन दिन पहले गली में भीख मांगते हुए महिलाओं को देखा था। तीन मई के समाचार पत्र में जब मुल्जिमों के फोटो छपी तो महिलाओं को पहचाना। हसीन, नाजिमा, हाशिमा, यासीन हत्या से पूर्व घर के आसपास सब्जी बेचने के बहाने घूमते फिरते थे और इन लोगों ने रेकी कर घटना को अंजाम दिया। महिलाओं की गवाही दोषसिद्ध करने का महत्वपूर्ण आधार बनीं।

गांजा तस्कर शराफत चला रहा था शंकर ढाबा, बीडीए ने चलाया बुलडोजर

बरेली, अमृत विचार : भोजीपुरा के सैदपुर चुन्नीलाल में शराफत ढाबा चला रहा था। वह शंकर नाम से ढाबा चलाकर गांजे की सप्लाई कर रहा था।

इज्जतनगर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। अब बीडीए ने सोमवार को उसके ढाबे को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। इज्जतनगर पुलिस ने शनिवार रात शराफत को पकड़ा था। उसके पास से एक किलो से अधिक गांजा मिला था। वह डेलापीर सब्जी मंडी में ट्रक चालकों को गांजा सप्लाई करता था। पुलिस पूछताछ में आया था कि उसका सैदपुर चुन्नी लाल में शंकर ढाबा है। सोमवार को उसके ढाबे को बीडीए ने गिरा दिया।

सैदपुर चुन्नीलाल में गांजा तस्कर शराफत के ढाबे को बुलडोजर चलाकर किया ध्वस्त।

चार अवैध कॉलोनियों पर भी चला बुलडोजर

- बीडीए की प्रवर्तन टीम ने पीलीभीत बाईपास रोड पर रिठौरा के पास चार अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया

रिठौरा। रिठौरा में भरसा रोड पर नरेन्द्र गंगवार लगभग चार हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल में और राजीव कुमार 35 सौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बिना नक्शा पास कराए कॉलोनी बसा रहे थे। प्रवर्तन दल ने बुलडोजर चला कर इसे ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा पीलीभीत बाईपास पर ताज भट्ठे के पास चार हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में राजीव डोगरा और नसीरउद्दीन पांच हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में कॉलोनी बना रहे थे। इन पर भी बुलडोजर चला दिया गया। टीम में सहायक अभियन्ता हरीश चौधरी, अवर अभियन्ता रमन अग्रवाल एवं प्रवर्तन टीम के सदस्य शामिल थे।

फर्जी टिकट पर विदेश भेजने की कोशिश का आरोप

बरेली, अमृत विचार : बीमा कंपनी के एजेंट ने कंपनी के दूसरे कार्यालय के हेड पर दूसरे व्यक्ति को विदेश भेजने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

इज्जतनगर की सेवाधाम कॉलोनी निवासी आलोक सक्सेना ने बताया कि वह प्रभा टॉकीज के पास स्थित एक बीमा कंपनी में कार्यरत हैं। कंपनी का दूसरा कार्यालय अयूब खां चौराहा के पास है। कंपनी ने सही कार्य करने वालों को बैंकाक भेजने का निर्णय लिया था, जिसमें उनका भी नाम शामिल था। यात्रा 19 फरवरी से 21 फरवरी तक की थी। 18 फरवरी को वह रात दिल्ली पहुंच गए। 19 फरवरी को इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर पहुंचे और बैंकाक और थाईलैंड के काउंटर पर संपर्क किया तो पता चला कि उनके स्थान पर कोई दूसरा आलोक सक्सेना जा रहा है। शिकायत करने पर आरोपी को हवाई जहाज से उतार दिया गया, हालांकि वह भी नहीं जा सके। इससे दूसरी शाखा का हेड और आरोपी उनसे रंजिश मानने लगे हैं। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

संसद में उठ चुका है मुद्दा, गुमराह कर चुके हैं इफको के अफसर

इफको में भूदाताओं को रोजगार न देने पर साल 1991 में संतोष गंगवार ने संसद में उठाए थे सवाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली/आंवला

अमृत विचार : किसानों की जमीन लेकर उनको नौकरी न देना पड़े, इसके लिए इफको प्रबंधन ने झूठ की सभी सीमाएं पार कर दीं। कई साल पहले इफको को जमीन देने के बाद भूदाताओं ने धरना प्रदर्शन करने के दौरान भी लाठियां खाईं और जेल गए। इसको लेकर 24 जुलाई 1991 को सांसद संतोष गंगवार ने संसद में भूदाताओं और क्षेत्रीय लोगों को रोजगार से जुड़े सवाल किए थे तब भी गुमराह किया था।

सांसद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री से इफको आंवला प्लांट की शुरुआत के समय में नियोजित श्रमिकों की संख्या, वर्तमान की संख्या, कितने भूदाताओं को स्थाई रोजगार दिया गया और शेष को कब तक शामिल करने की जानकारी मांगी थी। तत्कालीन रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. चिंता मोहन ने इफको के हवाले से सांसद को बताया था कि 1986 में जब प्लांट की शुरुआत हुई थी, तब उस समय तकरीबन 689 श्रमिक थे। 24 जुलाई 1991 में इनकी संख्या बढ़कर 986 पहुंच गई। जिनमें 308 श्रमिक बरेली के हैं। राज्यमंत्री ने दावा किया था इफको ने उन सभी भूदाता किसानों को सीधे रोजगार दिया है जिन्होंने अपनी 60 प्रतिशत से अधिक जमीन दी थी। अन्य भूदाता किसानों को रिक्तियों की उपलब्धता और उनके द्वारा आवश्यक कौशल प्राप्त करने के अधीन रोजगार प्रदान करना संभव हो सकता है। अकुशल नौकरियों के लिए रोजगार की संभावना बहुत सीमित है। सेंधा गांव के ओमशंकर सक्सेना बताते हैं कि इफको ने रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय को गलत तथ्य पेश किये थे। 60 से 100 प्रतिशत जमीन देने वाले कई किसान रोजगार के लिए आज भी संघर्ष कर रहे हैं। वह भी उन्हीं किसानों में शामिल हैं। जब किसानों ने 27 दिसंबर 2018 से 12 जनवरी 2019 तक धरना प्रदर्शन किया था। इस दौरान इफको अधिकारियों ने रिक्तियां निकलने पर भूदाताओं को 50 प्रतिशत भर्ती करने का लिखित समझौता किया पर आज तक कोई अमल नहीं हो सका। आरोप लगाया कि इफको ने वर्ष 2005 से अब तक एक भी भूदाता को स्थाई रोजगार नहीं दिया है। जबकि वर्ष 2021 से अब तक इफको में करीब तीन सौ लोगों को स्थाई रोजगार दिए गए हैं। जिनमें अधिकतर इफको अधिकारियों के संबंधी हैं। भूदाता रोजगार मांगते हैं तो रिक्तियां न होने का हवाला देकर उनको टरका दिया जाता है।

तहसील प्रशासन आज करेगा किसानों की जमीन की पैमाइश

आंवला : नौगवां गांव निवासी छह किसानों ने इफको द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाकर अदालत की शरण ली थी। अदालत ने तहसील प्रशासन को जमीन की पैमाइश कर चिह्नित करने का आदेश दिया था। तहसील टीम रविवार को किसानों की जमीन की पैमाइश करने पहुंची थी। इफको अधिकारियों ने अवकाश का हवाला देकर पैमाइश न करने का अनुरोध किया था। जिसपर टीम वापस लौट गई थी। वहीं किसान नेता ओमशंकर सक्सेना ने बताया कि तहसील प्रशासन ने मंगलवार की दोपहर में पैमाइश करने की सूचना दी है।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त
शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण

1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गढ्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
    - 24 घंटे के अन्दर
    - 14 दिन के बाद भी
    - हथेली व तलुवे का भी पीला होना
    - Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना

(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286
- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय :
सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

सीएचसी में बेटियों के जन्म पर मनाया उत्सव

बरेली,अमृत विचार : जिला प्रोबेशन कार्यालय की ओर से सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेटियों के जन्म पर कन्या जन्मोत्सव हुआ। इस दौरान नवजात बालिकाओं के माता-पिता के साथ केक काटा गया। अभिभावकों को बच्चों के कपड़े और अन्य सामान दिए गए। कार्यक्रम में वन स्टाप सखी सेंटर की प्रबंधक चंचल, डॉ. शैली, आरती, सोनी, स्टाफ नर्स आरती, रोहिनी और भाजपा के भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के महामंत्री विपिन कुमार उपस्थित रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेवेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व सीनियर कंसल्टेंट- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME: 10:00 AM TO 5:00PM
8077344353
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, शहीद भगत सिंह के बराबर, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश् लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत
मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

यूविन पोर्टल पर मिलेगा टीकाकरण का ब्योरा

बरेली, अमृत विचार : कोविड टीकाकरण को लेकर शुरू किये गए कोविन पोर्टल की तर्ज पर यूविन पोर्टल में बदलाव किए गए हैं। यूविन पोर्टल से महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण की पूरी जानकारी आसानी से मिल सकेगी। एक निजी होटल में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसके दो दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत की गई।

सीएमओ डॉ विश्राम सिंह ने बताया कि यह पोर्टल कोविन की तरह काम करेगा। इससे लाभार्थी घर बैठे ही टीकाकरण के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। टीकाकरण का प्रमाण पत्र भी मिलेगा। यूविन पर पंजीकरण होने के बाद गर्भवती और बच्चे का देश में कहीं भी टीकाकरण हो सकेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि यूविन पोर्टल की शुरुआत स्वयंसेवी संस्था यूएनडीपी के सहयोग से की गई है।

बड़ा बाईपास : मुआवजे के लिए डीएम से मिलने पहुंचे किसान

आश्वासन, एक सप्ताह में तय कराएंगे एनएचएआई अफसरों के साथ बैठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बड़ा बाईपास के लिए अधिग्रहीत जमीन के मुआवजे की मांग कर रहे किसान सोमवार को फिर कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम रविंद्र कुमार से मिले। डीएम ने उन्हें आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के अंदर एनएचएआई के अफसरों के साथ उनकी बैठक कराने के लिए तारीख तय करा दी जाएगी।

रजऊ परसपुर से परसाखेड़ा तक करीब 32.5 किलोमीटर लंबा बड़ा बाईपास बनाने के लिए वर्ष 2013 में 33 गांवों के हजारों किसानों की जमीन अधिग्रहीत हुई थी। करीब छह सौ किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। बरसों से किसानों के बरेली से दिल्ली तक चक्कर काटने के बावजूद कोई हल नहीं निकल पाया है। सोमवार को अखिल भारतीय किसान महासभा के जिलाध्यक्ष हरिनंदन सिंह पटेल की अगुवाई में तमाम किसान डीएम से मिलने पहुंचे।

मुआवजे की मांग को लेकर डीएम से मिलने पहुंचे किसान। ● अमृत विचार

- **दस साल से मुआवजे के लिए चक्कर काट रहे हैं छह सौ से ज्यादा किसान**

डीएम को दिए पत्र में उन्होंने कहा कि वे मुआवजे की मांग करते-करते थक चुके हैं। 18 जनवरी को आत्मदाह की धमकी देने के बाद 17 जनवरी को उन्हें एक महीने के अंदर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया गया था लेकिन डेढ़ महीने बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हरिनंदन सिंह पटेल ने बताया कि डीएम ने किसानों को आश्वासन दिया है कि एक सप्ताह के अंदर एनएचएआई के अफसरों के साथ बैठक के लिए तारीख तय कराई जाएगी। इस दौरान अख्तर खां, प्रेमपाल तिवारी, जौहरी, मेंहदी हसन, सतीश चंद्र, कन्हईलाल, रामकिशोर, सूरज सिंह, ज्ञान प्रकाश, किशन लाल, धीर सिंह, शरीफ खां, चेतराम आदि किसान मौजूद रहे।

मशीनें दुरुस्त हुई तो अब रिजेंट की कमी से नहीं हो पा रहीं खून की जांचें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **लंबे समय से तीन सौ बेड अस्पताल में बॉयो केमिस्ट्री और सीबीसी मशीनें थीं खराब**
- **रिजेंट नहीं होने से जांच के लिए जिला अस्पताल भेजे जा रहे हैं खून के सैंपल**

अमृत विचार : स्वास्थ्य सेवाओं की खराब हालत मरीजों की सेहत पर भारी पड़ रही है। तीन सौ बेड अस्पताल में पहले पैथोलॉजी लैब में पांच महीने से खून की जांच की मशीनें खराब रहीं। एक सप्ताह पहले मशीनें सही हो गई हैं तो रिजेंट नहीं होने से जांच के लिए सैंपल जिला अस्पताल भेजे जा रहे हैं। इसकी वजह से जांच में देरी हो रही है और मरीज परेशान हो रहे हैं। लैब कर्मचारियों ने उच्चाधिकारियों को कई बार पत्र देकर कमी को लेकर अवगत कराया लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

तीन सौ बेड अस्पताल की ओपीडी में करीब 300 से 400 मरीज रोजाना इलाज के लिए आते हैं। इनमें करीब 30 से 40 मरीजों को खून की जांच का परामर्श डॉक्टर दे रहे हैं लेकिन रिजेंट की कमी के चलते लैब का स्टाफ मरीजों का सैंपल तो ले रहा है लेकिन सैंपल जांच को जिला अस्पताल भेजे जा रहे हैं। जिससे एक दिन देरी से मरीजों को रिपोर्ट मिल रही है।

जिला अस्पताल में डॉक्टर न नर्सिंग स्टाफ, निराश होकर लौट रहे हैं मरीज

बरेली, अमृत विचार : जिले अस्पताल में स्टाफ की कमी से व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। यहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की दस साल से कमी है और अब नर्सिंग स्टाफ की भी कमी हो रही है। मरीजों की देखभाल की जिम्मेदारी ठेका कर्मचारियों के कंधों पर है लेकिन पदों के सापेक्ष ठेका कर्मचारियों के पद भी रिक्त हैं। एडीएसआईसी ने भी स्टाफ की तैनाती को लेकर शासन को पत्र लिखा है। जिला अस्पताल में सोमवार को सबसे अधिक 13 सौ के करीब मरीज इलाज के लिए पहुंचे। जिला अस्पताल में शासन की ओर से स्थाई स्टाफ नर्स के 63 पद स्वीकृत हैं जिसके सापेक्ष 42 स्टाफ नर्स तैनात हैं। इनमें शामिल वरिष्ठ स्टाफ नर्स मात्रिका का प्रभार देख रहीं है। वहीं आउटसोर्सिंग से 48 पदों के सापेक्ष 39 स्टाफ ही तैनात हैं। वहीं डॉक्टरों के 43 पदों के सापेक्ष महज 24 डॉक्टर ही तैनात हैं। इसके साथ ही हृदय रोग, गुर्दा रोग, सर्जन समेत अन्य विशेषज्ञों के पद कई वर्षों से रिक्त हैं जिसके चलते बड़ी संख्या में गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों को हायर सेंटर रेफर करना मजबूरी बन गया है।

बिजली विभाग के दो लाख से अधिक बकायादारों से नहीं हो रही वसूली

बरेली, अमृत विचार : ओटीएस योजना समाप्त होने के बाद भी अधिकारी बकाया बिजली का बिल जमा नहीं करा पा रहे हैं। अभी भी दो लाख से अधिक उपभोक्ताओं पर 30 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है, जबकि पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने निर्देश दिए हैं कि पिछले साल की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक वसूली नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। 8 नवंबर से 31 दिसंबर तक एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) योजना में ग्रामीण क्षेत्र के तीन लाख 76 हजार उपभोक्ताओं पर 1120 करोड़ रुपये का बकाया था। वहीं शहरी क्षेत्र में 71 हजार उपभोक्ताओं पर 75 करोड़ रुपये का बकाया था। योजना के दौरान अधिकारी बकाया बिल की आधी भी वसूली नहीं कर सके। योजना समाप्त होने के बाद बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चलाकर कुछ दिन कार्रवाई की गई, लेकिन अब अभियान बंद कर दिया गया है। अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि पांच हजार से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। अधिक से अधिक बकाया वसूली के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

अब बिना आधार के नहीं बन सकेंगे आय-जाति, निवास प्रमाण पत्र

- **फर्जीवाड़ा रोकने के लिए शासन ने प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया में लागू की नई व्यवस्था**

बरेली, अमृत विचार : अब बिना आधार नंबर के आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र नहीं बन सकेंगे। शासनादेश के बाद जिले में भी व्यवस्था लागू कर दी गई है। आवेदन करने पर आधार नंबर से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा और इसे बताने के बाद प्रमाण पत्र जारी होंगे।

अभी तक बिना आधार नंबर के ही आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाते थे, लेकिन इससे फर्जीवाड़ा होने की आशंका बनी हुई थी। एक औसत के मुताबिक ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर सामान्य दिनों में रोजाना जिले भर से एक हजार के करीब आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन आते हैं, जबकि विशेष अवसर पर संख्या बढ़ जाती है। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के जानकारों के अनुसार अब जारी होने वाले सभी प्रमाण पत्र आधार नंबर से लिंक होंगे। अधिकतर लोगों के आधार बने हुए हैं, वहीं जिनके नहीं बने हैं, उन्हें पहले आधार बनवाना होगा, इसके बाद आवेदन करके प्रमाण पत्र हासिल कर सकेंगे।

विधवा पुत्रवधू को भी मिले पारिवारिक पेंशन

संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति ने भेजा सीएम को ज्ञापन। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार: संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति की ओर से सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन भेजा। समिति के संयोजक जयवीर सिंह ने बताया कि 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक को काल्पनिक वेतन वृद्धि, सेवानिवृत्ति के समय राशि कृति धनराशि की 12 वर्ष में बहाली, विधवा पुत्रवधु को पारिवारिक पेंशन का लाभ, केंद्रीय कर्मियों की भांति अप्रैल 2005 से पहले विज्ञप्ति पदों के सापेक्ष नियुक्त कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ समेत अन्य मांगों की मांग की गई हैं।

बीमा-निवेश सलाहकार अनुज अग्रवाल सम्मानित

बरेली, अमृत विचार: भारतीय जीवन बीमा निगम के सुभाषनगर शाखा प्रबंधक एनएस चावला की ओर से बीमा, निवेश सलाहकार अनुज अग्रवाल को जीवन अक्षय प्लान में पांच लाख की धनराशि जमा कराने पर पुरस्कृत किया गया। वरिष्ठ मंडल प्रबंधक एम के प्रभाकर ने भी अनुज अग्रवाल को बधाई दी है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी जेके गुप्ता, विकास अधिकारी अमित शर्मा मौजूद रहे।

डैश बोर्ड पर ई ग्रेड तक पहुंचे विभाग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सीएम डैशबोर्ड पर डी और ई ग्रेड पाने वाले विभागों के अधिकारियों को रैंकिंग में सुधार के निर्देश दिए। बार-बार ऐसी स्थिति न आए। डीएम ने सोमवार को विकास भवन में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा, सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग और खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक की।

समीक्षा में पाया गया कि मत्स्य, उच्च शिक्षा विभाग में कार्यदायी संस्था आवास विकास की ओर से फर्नीचर की आपूर्ति, शीशे लगाने के कार्य में सी ग्रेड मिला है। पुलिस विभाग को विधि विज्ञान प्रयोगशाला निर्माण में ई ग्रेड मिला। वहीं 20 थानों के निर्माण कार्य में महज दो थानों का कार्य ही करा पाने पर पीडब्लूडी को भी ई ग्रेड आया है। अग्निशमन केंद्र बहेड़ी के निर्माण कार्य में ई ग्रेड, एमएसएमई की सुविधा प्रोत्साहन केंद्र निर्माण पर रैंकिंग खराब आई। डीएम ने कहा कि, जो कार्य पूरे हो चुके हैं और संबंधित संस्था, विभाग की ओर से अपडेट न होने से रैंकिंग पिछड़ रही है तो मामले में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आकांक्षात्मक ब्लॉकों में निर्धारित मानकों के विकास कार्यों की समीक्षा करते करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुद्रा लोन वितरित कराने, गोशालाओं के निर्माण में तेजी लाने पर जोर दिया। सीडीओ जग प्रवेश, एडीएम प्रशासन दिनेश, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, डीडीओ दिनेश कुमार यादव, डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, पीडी डीआरडीए तेजवंत सिंह समेत सभी खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

विकास भवन में अफसरों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार।

- **डीएम ने सीएम डैशबोर्ड पर डी, ई ग्रेड पाने वाले विभागों के अधिकारियों को दी चेतावनी**

मतदान केंद्रों पर चाक-चौबंद होने चाहिए इंतजाम : डीएम ने लोकसभा चुनाव में केंद्रों पर मतदाताओं के लिए बेहतर व्यवस्था करने के आदेश अफसरों को दिए। कहा कि पोलिंग बूथों को जाने वाले मार्ग, शौचालय, पानी व्यवस्था, रैंप, खिड़की-दरवाजे, बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया जाए। मतदाताओं को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। कहा कि जिन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी लाइन लगती है वहां पर उनके बैठने के लिए शेड की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी व्यवस्थाओं की जांच कर लें।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

सारांश कॉलेज में सामूहिक नकल की पुष्टि के बाद भी कानूनी कार्रवाई नहीं

सख्ती के दावों की सामने आई असलियत, सिर्फ केंद्र व्यवस्थापक बदला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मुख्यमंत्री के नकल माफिया के खिलाफ लगातार कड़े रुख के बावजूद आंवला के सेंधा मोहपुर के सारांश उच्चतर माध्यमिक स्कूल में छात्रों को नकल कराने के मामले में शिक्षा विभाग के अधिकारी सख्त कार्रवाई करने से पीछे हट रहे हैं। नकल कराए जाने की पुष्टि के बाद डीआईओएस ने केंद्र व्यवस्थापक तो बदल दिया है लेकिन कानूनी कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया है। इस मामले में राजनीतिक दबाव की भी बात कही जा रही है।

इस बीच एक और गंभीर खुलासा केंद्र व्यवस्थापक के हार्ड डिस्क से सीसीटीवी रिकार्डिंग डिलीट कर देने का हुआ है। परीक्षा के दौरान कॉलेज के ही विषय शिक्षकों की ड्यूटी भी लगाने की पुष्टि हुई है। बता दें कि 29 फरवरी को हाईस्कूल की विज्ञान की परीक्षा के दौरान छात्रों ने कक्ष निरीक्षक पर बोल-बोलकर नकल कराने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की थी।

सोमवार को इस मामले में डीआईओएस देवकी सिंह ने केंद्र व्यवस्थापक सारांश गुप्ता को तत्काल प्रभाव से गैनी के चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज के सहायक अध्यापक सुखलाल मौर्य को केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किया है। डीआईओएस बताया कि गंभीर मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

फॉलोअप

छात्रों का बोर्ड परीक्षा में नकल के लिए वसूली का आरोप, प्रधानाचार्य ने पीटा

- कॉलेज के ही विषय शिक्षकों को लगाया था परीक्षा ड्यूटी पर

नकल : केंद्र व्यवस्थापक ने बना रखी थी टीम

डीआईओएस की ओर से जारी आदेश के मुताबिक सारांश गुप्ता को केंद्र व्यवस्थापक बनाया गया था। 29 फरवरी को नकल के आरोप की जांच में पाया गया कि केंद्र व्यवस्थापक ने सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग डिलीट करा दी है। पूछने पर उन्होंने बताया कि 29 फरवरी का डाटा पेन ड्राइव में सुरक्षित है। कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी पंजिका से पुष्टि हुई कि विज्ञान और गणित के स्कूल के ही शिक्षक ड्यूटी कर रहे थे। केंद्र व्यवस्थापक ने यह कहकर अधिकारियों को गुमराह भी किया कि शिक्षिका कम्प्यूटर ऑपरेटर है और पुरुष शिक्षक परीक्षा सहायक। परीक्षा प्रभारी, अन्य परीक्षा सहायक और कम्प्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी लगाने के बारे में आदेश पंजिका की जांच की गई तो उसमें अंतिम आदेश दो फरवरी का पाया गया। एक महीने बाद भी पंजिका में आदेश नोट नहीं किया गया था। केंद्र व्यवस्थापक ने शातिर ढंग से परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने के लिए बाकायदा टीम बनाई हुई थी।

> विरोधियों की साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। डीआईओएस की ओर से लगाए सभी आरोप निराधार हैं। जिन छात्रों ने नकल की शिकायत की थी, वे भी शिकायत वापस लेने की बात कह रहे हैं। – **सारांश गुप्ता**, केंद्र व्यवस्थापक

बिजनेस पोस्ट से डाकिये पहुंचा रहे विवाह के निमंत्रण

बरेली, अमृत विचार : अब डाकिया विवाह का निमंत्रण घर लेकर पहुंच रहे हैं। भारतीय डाक विभाग ने राजस्व में बढ़ोत्तरी के लिए यह सुविधा शुरू की है। इसके लिए डाक विभाग की बिजनेस पोस्ट के माध्यम से आर्टिकल बुक कर भेजा जा रहा है। जिले में अब तक 154 लोग इस सुविधा का लाभ ले चुके हैं।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार विवाह कार्यक्रम के दौरान कार्ड वितरित करने का काम महत्वपूर्ण होता है। डाकिया बिजनेस सेवा के माध्यम से एक्जीक्यूटिव से संपर्क कर निमंत्रण भेज रहे हैं। इसके लिए विभाग की ओर से आगुंतकों की सूची, उनका पता आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए निर्धारित शुल्क तय किया गया है। प्रवर डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया कि बिजनेस पोस्ट सेवा प्रधान डाकघर के साथ ही अन्य डाकघरों में कारपोरेट और भारी संख्या में डाक देने वाले संस्थानों को उपलब्ध कराई जाती है। अब विवाह निमंत्रण भेजकर विभाग राजस्व बढ़ाएगा।

यूपी बोर्ड: अंग्रेजी और विज्ञान के सवालों में उलझे परीक्षार्थी

राजकीय इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आते छात्र। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : यूपी बोर्ड की परीक्षा में सोमवार को छात्र अंग्रेजी और विज्ञान के प्रश्नपत्रों को हल करने में उलझे रहे। सोमवार को 133 परीक्षा केंद्रों पर डीआईओएसए सहित सभी सचल दलों ने निरीक्षण किया।

सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक पहली पाली में 29216 छात्रों में से 26339 और 22459 छात्राओं में से 21964 ने अंग्रेजी की परीक्षा दी। इसके अलावा पहली पाली में ही इंटर की कृषि वनस्पति विज्ञान भाग एक की परीक्षा में 624 छात्रों में से 569 उपस्थित रहे और सभी 31 छात्राएं उपस्थित रहीं। कृषि अर्थशास्त्र सप्तम की परीक्षा में 741 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 726 और 11 छात्राएं उपस्थित रहीं। कम्प्यूटर की परीक्षा में पंजीकृत 167 के सापेक्ष 158 छात्र और 126 में से 124 छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। इसे बाद 2 से 5:15 बजे तक इंटरमीडिएट की भौतिक विज्ञान की परीक्षा में पंजीकृत 25,836 छात्रों में से 24,491 ने परीक्षा दी, जबकि 1,345 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। मनोविज्ञान की परीक्षा में 26 छात्रों में से 24 और 288 छात्राओं में से 283 छात्राएं उपस्थित रहीं। शिक्षा शास्त्र की परीक्षा में 3,237 में से 2,989 छात्रों ने परीक्षा दी जबकि 248 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

आधार में फोटो बदलवाने के लिए पहुंच रहे अधिक लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डाकघर में एक महीने में 370 लोगों ने आधार कार्ड में कराया संशोधन

अमृत विचार: प्रधान डाकघर और अन्य डाकघरों में आधार संशोधन काउंटर पर सर्वाधिक लोग फोटो बदलवाने के लिए आवेदन कर रहे हैं। आधार में फोटो ठीक नहीं होने से परेशानी हो रही है। आधार संशोधन पर तैनात पर कर्मियों के अनुसार करीब 90 प्रतिशत लोग आधार पर लगी अपनी फोटो से संतुष्ट नहीं हैं।

इसके साथ ही नाम संशोधन, पता संशोधन के मामले भी अधिक हैं। एक महीने में करीब सात सौ से अधिक लोगों की ओर से फोटो बदलने को लेकर आवेदन किया गया है। इसके अलावा 350 से अधिक लोगों की ओर से नाम और पता में बदलाव कराया गया है। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के कर्मियों की ओर से भी एईपीएस पोर्टल के माध्यम से आधार कार्ड में संशोधन कराया जा रहा है।

इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं। प्रवर डाक अधीक्षक अमित दत्त ने बताया कि इसके लिए विभागीय स्तर से 50 रुपये शुल्क निर्धारित है। आधार में फोटो बदलने के 90 दिन के भीतर नया आधार डाउनलोड किया जा सकेगा।

प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए ट्रायल देतीं खिलाड़ी।

सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता के लिए 12 खिलाड़ियों का चयन

बरेली, अमृत विचार : खेल निदेशालय के निर्देश पर सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रदेश स्तरीय सब जूनियर हॉकी बालिका के लिए मंडल स्तरीय ट्रायल में 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया।

क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को निर्धारित दस्तावेजों की जांच के बाद मैदान में प्रवेश दिया गया। ट्रायल में 20 से अधिक खिलाड़ी पहुंचे, जिसमें खेल और शारीरिक मापदंडों के आधार पर यशस्वी, अनामिका, अंजलि, गौरी, लावण्या, संगीता, संध्या, मीनाक्षी, उपासना, रंजना, वंदना का चयन हुआ। चयनित खिलाड़ी 6 से 11 मार्च तक स्पोर्ट्स स्टेडियम अयोध्या में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। ट्रायल के दौरान अभिलाषा, उप क्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद, अविनाश समेत अन्य मौजूद रहे।

बीएड और एमएड की परीक्षा 5 अप्रैल से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने जारी किया कार्यक्रम
- स्नातक की 19 मार्च और परास्नातक की 10 अप्रैल से होंगी

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएड और एमएड की वार्षिक परीक्षा का प्रस्तावित कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 5 अप्रैल से द्वितीय पाली में सुबह 11 से 2 बजे के बीच होगी।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षा 5 से 27 अप्रैल तक, बीएलएड प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की परीक्षा 8 से 22 अप्रैल, एमएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की 5 से 22 अप्रैल, बीपीएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की 8 से 26 अप्रैल तक होंगी। अब लगभग सभी वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी हो गया है। स्नातक की 19 मार्च से 24 मई तक तीन पालियों में, परास्नातक की 10 से 27 अप्रैल तक सुबह की पाली में और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा 1 से 18 अप्रैल तक तीनों पालियों में परीक्षा होगी।

विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की आज अंतिम तिथि

स्नातक, परास्नातक, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, बीएड और एमएड के परीक्षा फार्म 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ भरने की अंतिम तिथि 5 मार्च है। अभी भी कुछ छात्र फार्म भरने से रह गए हैं, जिसकी वजह से अभी एक बार और तिथि बढ़ाई जा सकती है।

15 से 20 मार्च के बीच हो सकती है पीएचडी प्रवेश परीक्षा

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा (आरईटी) 15 से 20 मार्च तक हो सकती है। विश्वविद्यालय के शोध निदेशालय की वेबसाइट पर परीक्षा के प्रस्तावित तिथि का लिंक दिया गया है। जल्द ही इस संबंध में निर्देश जारी किए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा के लिए पिछले साल 30 अक्टूबर तक फार्म भरवाए गए थे। करीब तीन हजार आवेदन आए थे लेकिन किन्हीं कारणों से परीक्षा नहीं हो सकी थी। 4 जनवरी को शोध निदेशालय की ओर से 10 से 15 जनवरी तक पोर्टल खोला गया था, इसके तहत छात्रों को संशोधन का मौका दिया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जीता द्वितीय पुरस्कार

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के बीटेक केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र अनुज कुमार सिंह ने सतत विकास के लिए कृषि, जैविक और अनुप्रयुक्त विज्ञान में वर्तमान दृष्टिकोण पर नौवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुति में दूसरा पुरस्कार हासिल किया। कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल के कृषि और कृषि वानिकी संकाय और कृषि पर्यावरण विकास सोसायटी माझा घाट, रामपुर के सहयोग से हुए सम्मेलन में डॉ. हरीश कुमार के मार्गदर्शन में अनुज ने "जिंक ऑक्साइड नैनोपार्टिकल्स के साथ एम्बेडेड सोडियम एल्जिनेट और सागो स्टार्च से तैयार बायोडिग्रेडेबल कम्पोजिट फिल्म का संश्लेषण विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो. केपी सिंह, डॉ. एमएस करुणा ने अनुज को बधाई दी।

विद्यार्थियों ने औषधीय पौधों का महत्व जाना

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी विभाग के डीफार्म प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने सोमवार को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक दिवसीय हर्बल गार्डन का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अजवाइन, तुलसी, कपूर, इलाइची, सौंफ और हल्दी आदि पौधों के औषधीय गुणों के बारे में जाना।

गार्डन निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि हर पौधा अपने अलग गुण के लिए जाना जाता है, जैसे सर्पगंधा पौधे का उपयोग रक्त चाप को ठीक करने में किया जाता है और अश्वगंधा पौधे का उपयोग तनाव को कम करने के लिए किया जाता है। बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के सह अध्यापक रोहित कुमार बिजौलिया ने बताया कि कई रोगों का इलाज औषधीय पौधों के माध्यम से कर सकते हैं। फार्मेसी विभाग की प्रधानाचार्या निधि गंगवार ने विद्यार्थियों को फार्मेसी में औषधि पौधों की उपयोगिताओं को समझाया। भ्रमण की समन्वयक सह अध्यापिका सौम्या अग्रवाल रहीं। इस मौके पर सह अध्यापिका सृष्टि कटियार व जगमोहन गंगवार मौजूद रहे।

हर्बल गार्डन का निरीक्षण करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

जागरुकता लाने के लिए बच्चों को दिखाएं वीडियो

बरेली, अमृत विचार : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सोमवार को स्मार्ट क्लास का बेहतर उपयोग करने के लिए विकास भवन सभागार बैठक की। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षित करने के साथ ही अभिभावकों, ग्रामीणों को भी अलग-अलग माध्यमों से जागरूक करें।

जो आंगनबाड़ी केंद्र विद्यालय परिसर में स्थापित हैं, वहां पर आंगनबाड़ी के बच्चों, उनकी माताओं, धात्री महिलाओं को पोषक आहार, स्वच्छता, एनिमिया से बचाव का वीडियो दिखाकर जागरूक करें। ग्रामीणों को आंधी, तूफान, बिजली गिरने, भूकंप, आग लगने पर बचाव करने के वीडियो दिखाने की बात कही।

बरेली कॉलेज में आज से शुरू होगा रेंजर्स-रोवर्स समागम

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में मंगलवार से तीन दिवसीय रेंजर्स-रोवर्स समागम होगा। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह करेंगे। इसके बाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इसमें 12 कॉलेजों की टीमें प्रतिभाग करेंगी।

जिलेभर में ज्ञापन सौंप शिक्षकों ने जताया विरोध

बरेली, अमृत विचार : शिक्षकों के मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ ने कई ब्लॉक में ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया। कोहाड़ापीर स्थित बीआरसी पर खंड शिक्षा अधिकारी तौसीफ अहमद को महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने टैबलेट संचालन को सिम और खर्चा देने के साथ केंद्र की तर्ज पर अवकाश की मांग की। इस मौके पर शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा, नगर अध्यक्ष अरुणेश कुमार शर्मा, मो. साजिद, सर्वेश कुमार गंगवार, मदन गोपाल यादव, उषा शर्मा, अल्पना मिश्रा, उमेश कुमार, संदीप कुमार शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

शिक्षकों ने टैबलेट से हाजिरी का जताया विरोध

बरेली, अमृत विचार : यूपी प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने बिथरी चैनपुर के खंड शिक्षा अधिकारी को महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों ने टैबलेट से बच्चों की उपस्थिति समेत कई समस्याओं का विरोध जताते हुए समाधान की मांग की। ब्लॉक मंत्री प्रेम शंकर ने बताया कि स्कूलों में शिक्षकों पर विभाग की ओर से टैबलेट के माध्यम से बच्चों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की सूचना भेजने का दबाव बनाया जा रहा है। इसकेअल अलावा शिक्षकों का वेतन रोकने के साथ उनसे अमर्यादित व्यवहार किया जा रहा है। बताया कि टैबलेट संचालन के लिए जरूरी संसाधन मुहैया नहीं कराए गए हैं। यदि शिक्षकों के उत्पीड़न पर रोक नहीं लगी तो बीएसए दफ्तर, शिक्षा निदेशालय पर शिक्षक धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। देव कुमार, देवेंद्र कुमार, दारा सिंह, सिराज उपस्थित रहे।

नाथ महोत्सव पर आईएमए लगाएगा रक्तदान शिविर

बरेली, अमृत विचार : नाथ महोत्सव पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) 6 मार्च को आईएमए भवन स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित करेगा। 2 मार्च को आईएमए भवन में बैठक नाथ महोत्सव को लेकर तैयारी की गई। आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने बताया कि शिविर में रक्तदान के अलावा नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श भी दिया जाएगा। वहीं आवश्यक औषधियों का वितरण भी किया जायेगा। शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लगेगा। बैठक में आईएमए सचिव डॉ. गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल, डॉ. मयंक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

परीक्षक के लौटने का विरोध

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में रविवार को एमएससी गणित की प्रयोगात्मक परीक्षा में बाह्य परीक्षक मदन लाल सिंह के लौट जाने के मामले में सोमवार को विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य के समक्ष विरोध जताया। कहा कि शिक्षक को विभाग में ताला पड़ा मिला। यह शिक्षक का अपमान है।

मृतक आश्रितों का नौकरी न मिलने पर लखनऊ में धरना

लखनऊ मुख्यालय पर धरना देते मृतक आश्रित के चयनित लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- परिवहन निगम में पांच साल से मृतक आश्रितों को नहीं मिली नौकरी

अमृत विचार : परिवहन निगम में साल 2018 से मृतक आश्रितों को नौकरी नहीं मिल रही है। वह जिले और मुख्यालय में अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। सोमवार को जिले के मृतक आश्रितों ने लखनऊ स्थित परिवहन निगम के मुख्यालय के बाहर धरना दिया। आवेदकों का कहना है कि ज्वाइनिंग लेटर नहीं मिलने तक उनका धरना जारी रहेगा।

रोडवेज में 2018 से मृतक आश्रितों की नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया बंद चल रही है। इसका समय समय पर रोडवेज यूनियन अधिकारी विरोध करते रहे हैं। जिले से भी करीब 20 लोगों का मृतक आश्रित में चयन होना है। मृतक आश्रित सोमवार को लखनऊ में परिवहन निगम के मुख्यालय पर धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठने वालों में सारांश, सैफ अली, पंकज कश्यप, मोहित साहू, शैलेंद्र, अनुराग, यासीन खान, राज मोहम्मद के अलावा अन्य जिलों के भी आश्रित पहुंचे।

कैंसर से बचाव के लिए छात्राओं को लगाया एचपीवी टीका

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत क्यारा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय में 15 वर्ष से अधिक आयु की छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण की दूसरी डोज निशुल्क लगाई गई।

एचपीवी डोज लगवाती बालिका।

डॉक्टरों ने बताया कि इस टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर से काफी हद तक बचाव होता है। इस मौके पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह, कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण सिंह, डॉ. मेधावी अग्रवाल, डॉ. आदर्श चहल, डॉ. अंकिता डे, डॉ. नामिष, डॉ. आशीष, डॉ. मुकुल, डॉ. अयान, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान आदि मौजूद रहे।

वालीबॉल में आरपीएफ और लोको शेड की टीमें विजयी

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ इज्जतनगर मंडल की ओर से रेलवे स्पोर्ट्स स्टेडियम इज्जतनगर में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में सोमवार को वॉलीबाल मैच में रेलवे सुरक्षा बल की टीम और परिचालन विभाग के बीच मैच खेला गया। जिसमें रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने 25-5 और 25-6 अंकों से जीत दर्ज की। दूसरा मैच लोको शेड और सिग्नल के बीच खेला गया। जिसमें लोकोशेड की टीम ने 25-22 और 25-16 अंकों से जीत दर्ज की।

वालीबॉल मैच में भिड़तीं टीमें।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा.शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार

मालियों की पुलिया बरेली

9837023223

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा.आर.एस.सिंह

B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)

स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

- रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
- 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।

मोटे होने का रामवाण इलाज

विशेष चिकित्सा:- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

सैक्स समस्याऐं

छिपाएं नहीं बताएं या मिलें

स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी

- शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
- हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
- इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
- वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
- योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांकः- 10 मार्च 2024, रविवार 24 मार्च 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463 7599211076

सड़क हादसे में महिला और किसान की मौत

अलग-अलग हादसों में तीन लोग गंभीर घायल

संवाददाता, बरेली/नवाबगंज

मृतक रेशमा।

- नवाबगंज में एक ही दिन में हुए तीन सड़क हादसे

अमृत विचार : नवाबगंज क्षेत्र में सोमवार को अलग-अलग तीन सड़क हादसों में एक महिला की मौके पर मौत हो गई और किसान ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

पीलीभीत के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव नाराइंटेर निवासी निशालुद्दीन अपनी मां रेशमा और बहन शना के साथ बरेली में दवा लेने बाइक से जा रहे थे। वह कस्बा चौकी रिछोला के पास पहुंचे कि पीलीभीत की ओर से आ रही रोडवेज बस ने मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। उसके बाद बाइक को रौंदते हुए बस चालक बस लेकर फरार हो गया। पुलिस ने तीनों को आनन-फनन में सीएचसी नवाबगंज भेजा। जहां चिकित्सकों ने रेशमा को मृत घोषित कर दिया। जबकि, शना और निशालुद्दीन को बरेली रेफर कर दिया। निशालुद्दीन की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दूसरी हादसे में मोहम्मद यासीन सोमवार की सुबह करीब आठ बजे हरदुआ चौराहे पर वाहन के इंतजार में खड़े थे। वह घर से मजदूरी के लिए निकले थे। नवाबगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ऑटो ने टक्कर मार दी। ऑटो की टक्कर लगने से मोहम्मद यासीन हाइवे पर जा गिरे और उनके बाएं पैर की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया। पुलिस ने यासीन को उपचार के लिए सीएचसी नवाबगंज भेजा, जहां से उन्हें नवाबगंज के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। नवाबगंज पुलिस ने ऑटो चालक सुरेश लाल निवासी बरखना हरचंदपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जबकि, तीसरी घटना नवाबगंज के गांव भंगा में हुई। यहां रामेश्वर दयाल दोपहर करीब 12 बजे खेत से फसल देखकर घर वापस आ रहे थे कि परेवा वैश्य की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर किसान रामेश्वर दयाल सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए पीलीभीत ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

सार-संक्षेप

डेलापीर नाले में मिले शव की हुई शिनाख्त

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर क्षेत्र में डेलापीर में निजी अस्पताल के सामने नाले में रविवार को बुजुर्ग का शव मिला था। शिनाख्त न होने पर प्रेमनगर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार को बुजुर्ग की शिनाख्त हो गई। बारादरी के सूफी टोला निवासी शादाब ने पुलिस को बताया कि मृतक का नाम मोहम्मद मियां है। वह दो दिन पहले से लापता थे। नाला में गिरकर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मोहम्मद मियां का शव परिजनों को सौंप दिया।

महिला ने दो दिन में दो लोगों को कर दिया बैनामा

बरेली, अमृत विचार : जालसाज महिला ने एक ही जमीन का दो लोगों को बैनामा कर दिया। पहले पक्ष ने कब्जा करके मकान बना लिया, तब दूसरा पक्ष भी कब्जा करने पहुंच गया। कोर्ट के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने आरोपी महिला समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। खजुरिया जुल्फिकार निवासी धर्मपाल ने बताया कि आदर्शनगर थाना प्रेमनगर निवासी विमलेश कुमारी की बिहारमान नगला में जमीन का उन्होंने 12 दिसंबर 2023 को बैनामा कराया। उन्होंने जमीन पर मकान बना लिया। 19 दिसंबर को आदर्शनगर निवासी अरविंद पटेल, विपिन पटेल, हाफिजगंज के गांव सुंडियावा के उपेन्द्र और आशुतोष सिटी निवासी अरुण आ गए और सभी आरोपियों ने जगह छोड़ने का दवाब बनाया। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां दी। अरुण ने बताया कि उसने 13 दिसंबर को विमलेश कुमारी से बैनामा कराया है और गवाह विपिन और उपेन्द्र हैं। धर्मपाल के अनुसार विमलेश कुमारी और उसके साथियों ने धोखाधड़ी करते दो लोगों के लिए बैनामा करा दिया। कोर्ट के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने विमलेश कुमारी, उपेन्द्र कुमार, अरविंद पटेल, विपिन पटेल और अरुण कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दानपात्र के ताले तोड़कर चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज थाना क्षेत्र में खलीलपुर स्थित मंदिर पर लगे दान पत्र के ताले तोड़कर चोरी करने वाले दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक अन्य भाग गया। शनिवार रात स्लीपर रोड की गली नंबर चार स्थित मंदिर पर लगे दान पत्र के ताले तोड़कर चोरों ने हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली थी। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो चोर सूरज और कुनाल को गिरफ्तार कर लिया, जबकि विशाल भाग गया। तीनों खलीलपुर के ही रहने वाले हैं। एक अन्य मामले में सीबीगंज के गांव महेशपुर निवासी साबिर पुत्र माजिद को 12 बोर तमंचा समेत गिरफ्तार किया गया।

पिता की मौत के बाद बेटे-बहू ने घर पर किया कब्जा

बरेली, अमृत विचार : किला क्षेत्र में बुजुर्ग मां ने बेटे और बहू पर पिता की मौत के बाद घर पर कब्जा करने का आरोप लगा है। आरोप है कि पिटाई कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने सोमवार को एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से शिकायत की है। मामले में जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। बाकरगंज निवासी परवीन ने बताया कि उनके पति शब्बीर खां आठ महीने पहले काफी बीमार थे। इस दौरान उनके छोटे बेटे ने पड़ोस की रहने वाली युवती से प्रेम विवाह कर लिया। जिससे गुस्साए पिता ने उसे बेदखल कर दिया। इसके बाद पति का निधन हो गया। आरोप है कि निधन के बाद बेटे और बहु ने जबरन सामान घर में रख लिया। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। इसकी शिकायत थाना किला में की गई मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्हें घर से निकाल दिया। आरोप है कि बेटे ने उन्हें और अपनी बहन को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवाने की धमकी दी है।

अंकित यादव के नेपाल भागने का शक

बरेली, अमृत विचार : सदर हवालात की सरिया काटकर भागने वाला हिस्ट्रीशीटर अंकित यादव को एसओजी समेत पुलिस की टीमें जिले और आसपास के जिलों में तलाशती रही, लेकिन उसके उत्तराखंड के रास्ते नेपाल पहुंचने का शक है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी ने नेपाल से अपने किसी खास को भी फोन कर बताया है। हालांकि इस पर कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। पुलिस टीम अंकित की पत्नी आशी और दोस्त बृजमोहन को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। 23 फरवरी को जिला जेल (सेंट्रल जेल-2) से 61 बंदियों और कैदियों को सुनवाई के लिए कोर्ट लाया गया था। पेशी के बाद अंकित यादव और सचिन सैनी सदर हवालात की दो सरिया काटकर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस का मानना है कि अगर अंकित यादव नेपाल भी भाग गया होगा तो ज्यादा दिन वह नेपाल में समय नहीं बिता पाएगा।

युवतियों की शिनाख्त तक नहीं करा पाई पुलिस

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज में हाइवे किनारे और कैंट में आम के बाग में हत्या कर दो युवतियों के फेंके गए शवों के मामले में हत्यारोपियों की गिरफ्तारी तो दूर पुलिस अब तक उनकी पहचान नहीं कर पाई है। दोनों हत्याएं फाइलों में बंद हो गईं। कैंट थाना क्षेत्र के ठिरिया निजावत खां में आम के बाग में 20 दिसंबर 2023 को 22 साल की युवती की गला रेत कर हत्या कर शव फेंका गया था। पुलिस ने इस मामले में ऑनर किलिंग से लेकर हत्या के हर एक पहलू पर जांच की, मगर पुलिस को अभी तक कुछ हाथ नहीं लगा। वहीं 30 जनवरी को सीबीगंज थाना क्षेत्र के बड़े बाईपास पर परधौली चौराहे के पास हाइवे किनारे 25 साल की युवती की हत्या कर शव फेंका गया था। जिसके दोनों हाथ और पांव सफेद चादर से बंधे हुए थे लेकिन अब तक युवती की पहचान नहीं हो सकी है।

चुनावी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रशासन ने बनाईं 90 टीमें

निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए एफएसटी, एसएसटी की 45-45 टीमें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए क्षेत्रवार फ्लाइंग स्क्वॉड (एफएसटी) और स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) की 90 टीमों का गठन कर दिया गया है। आचार संहिता लगते ही टीमें सक्रिय हो जाएंगी।

लोकसभा चुनाव 2024 की प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए तमाम तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। साड़ी, शराब से लेकर पैसे वितरित कर चुनाव को प्रभावित न किया जा सके, इसके लिए एफएसटी और एसएसटी की टीमों का गठन कर दिया गया है। एडीएम प्रशासन दिनेश ने बताया कि 90 टीमें बनाई गईं हैं, इसमें 45 एफएसटी की और इतनी ही एसएसटी की हैं। आचार संहिता लगने ही टीमें सक्रिय हो जांएगी।

अधिसूचना लगते ही सक्रिय हो जाएं, होर्डिंग-बैनर हटाएं: लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने के लिए सोमवार को एडीएम प्रशासन दिनेश ने सभी एसडीएम के साथ बैठक की। एडीएम ने कहा कि सभी अपनी तैयारी अभी शुरू कर दें। आचार संहिता लगते ही तेजी से कार्रवाई करनी है। सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में होर्डिंग, बैनर को हटाने की कार्रवाई तेज करनी होगी। दीवारों पर प्रचार-प्रसार के लिए जो पेंटिंग की गई हैं, उन्हें सही से मिटाने का काम करेंगे, ताकि प्रचार-प्रसार की बातें पढ़ने में न आ सकें।

किसी भी क्षेत्र में किसी भी दल के प्रत्याशी की होर्डिंग्स नहीं दिखनी चाहिए। इस दौरान एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव, एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य, एसडीएम नवाबगंज नहने राम समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

चुनाव के संबंध में बैठक करते आईजी और एसएसपी। ● अमृत विचार

चुनाव को लेकर हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी शुरू

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी शुरू कर दी है। जल्द ही शस्त्रों का सत्यापन कराते हुए जमा कराने का काम भी शुरू किया जाएगा। सोमवार को पुलिस लाइन स्थित रविन्द्रालय सभागार में आईजी डॉ. राकेश सिंह और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में बैठक की। बैठक में शान्ति एवं कानून व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही गुण्डा-एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, शस्त्र अधिनियम समेत थाना क्षेत्रों के हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी, शस्त्र सत्यापन व शस्त्रों को जमा कराने की कार्रवाई और क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। दूसरे राज्यों की सीमाओं पर बने चेकपोस्ट में सभी आने-जाने वाले सवारी वाहनों समेत माल वाहक वाहनों की सघन चेकिंग के भी निर्देश दिए। इसके अलावा रमजान, होली और शिवरात्रि त्योहारों के के दौरान शोभायात्राओं के मार्गों, जलाभिषेक के अवसर पर मन्दिरों और होलिका दहन स्थानों का स्थलीय निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। बैठक में एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी दक्षिणी मानुष पारिक, पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात शिवराज समेत जिले के समस्त चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

सिनेमा और एफएम के जरिए मतदान के लिए फैलाएंगे जागरूकता

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए डीएम रविंद्र कुमार ने लोगों में जागरूकता की अलख जगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। डीएम ने कहा कि मतदान का समय करीब आने पर सिनेमा, एफएम से भी स्वीप सांग से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। डीएम ने बताया कि पिछले चार महीने से अलग-अलग माध्यमों से लोगों को चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे थे। अब स्वीप सांग के जरिए जन-जन तक जागरूकता का संदेश पहुंचाने के लिए सभी गांवों, नगर निगम, नगर पालिका, पंचायतों में लाउड स्पीकरों से एनाउंस कराया जाएगा। गीत के जरिए यह बताने की कोशिश की गई है, कि चुनाव में एक-एक वोट की क्या अहमियत है और मतदान करना क्यों जरूरी है। उन्होंने बताया कि 33 लाख 46 हजार मतदाताओं का ध्यान चुनाव में मतदान कराने की तरफ आकर्षित किया जाएगा।

प्रशासन ने वाहन मांगने शुरू किए

बरेली। लोकसभा चुनाव के लिए जिले में पैरामिलिट्री फोर्स का आना शुरू हो गया है। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से परिवहन विभाग से वाहनों की मांग शुरू कर दी गई है। आचार संहिता लगने के बाद दो हजार से अधिक वाहनों का अधिग्रहण करने के लिए वाहन मालिकों को नोटिस भेजे जाएंगे। वहीं चुनावी डयूटी में जाने वाली रोडवेज बसों को भी रूट पर जाने के लिए ठीक कराने का काम शुरू कर दिया है। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव के समय दो हजार से अधिक वाहनों की जरूरत होगी। अभी जितने वाहन प्रशासन की तरफ से मांगे जा रहे उन्हें मुहैया करा दिए जा रहे हैं। जल्द ही वाहनों का अधिग्रहण करने का काम शुरू कर दिया जाएग। वहीं परिवहन निगम भी बसों की मरम्मत कराकर चुनाव डयूटी के लिए तैयार कर रहा है।

धरोहर राशि में फर्जीवाड़े पर फर्म को काली सूची में डाला

बरेली। पीडब्ल्यूडी में ई-टेंडरों की धरोहर राशि में फर्जीवाड़े पर चीफ इंजीनियर संजय कुमार तिवारी ने पीलीभीत की फर्म आरएस इंटरप्राइजेज को भी ब्लैक लिस्ट कर दिया है। पिछले सप्ताह भी एक फर्म को भी ब्लैकलिस्ट किया गया था।

पीलीभीत में ई-टेंडरिंग में धांधली पर जनवरी में दो ठेकेदारों पर कार्रवाई की गई थी। उन्हें नोटिस जारी किए गए तो चार और ठेकेदारों की ओर से टेंडर की धरोहर राशि में खेल सामने आ गया था। इनमें आरएस इंटरप्राइजेज, ठेकेदार मोहम्मद अय्यूब, राजेश कुमार और सक्षम शामिल थे। इन्होंने जाली कागज तैयार कर टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया था। मो. अयूब और सक्षम कंस्ट्रक्शन का पंजीकरण बरेली में होने पर मुख्य अभियंता एसके तिवारी ने नोटिस जारी किया, जबकि आरएस इंटरप्राइजेज की जांच रिपोर्ट देने को एक्सईएन को पत्र लिखा था। जांच पूरी होने पिछले दिनों सप्ताह ठेकेदार अयूब की फर्म और अब आरएस इंटरप्राजेज फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। जबकि सक्षम इंटरप्राइजेज पर भी फर्जीवाड़े का आरोप तय हो चुका है। मुख्यालय से रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

कुछ इस तरह ठेकेदारों ने किया खेल: ई-टेंडर प्रक्रिया में किसी भी टेंडर को लेने के लिए ठेकेदार को निविदा मूल्य की दस प्रतिशत धनराशि सरकार के खाते में आनलाइन ट्रांसफर करनी होती थी। मगर, आरएम इंटरप्राइजेस और मो अयूब की फर्म ने टेंडर मूल्य की सिर्फ एक प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा कर रसीद में इसे दस प्रतिशत दर्शाकर टेंडर हासिल कर लिया। इतना ही नहीं एडिट की गई रिसिप्ट को ऑनलाइन पोर्टल पर भी अपलोड कर दी।

बारिश से फसलें बर्बाद, ईंट भट्ठों को भी करोड़ों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः बारिश और ओलावृष्टि ने जिले में फसलों के साथ ईंट भट्ठों को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। दो दिन की बारिश से पथेरी में रखी लाखों कच्ची ईंटें गलकर बर्बाद हो गई। ईंट भट्ठा मालिकों ने फरवरी में भी दो तीन बार बेमौसम बारिश से हुए नुकसान का हवाला देते हुए सरकार से रॉयल्टी और टैक्स में छूट देने की मांग है।

ईंट भट्ठा मालिकों का कहना है कि जिले के करीब दो सौ ईंट भट्ठे हैं। एक बार बारिश से भट्ठे की 30 प्रतिशत आय का नुकसान होता है। दो दिन की बारिश ने भट्ठा मालिकों को करोड़ों का नुकसान हुआ है और उनकी कमर टूट गई है।

उधर, जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र चौधरी ने बताया कि बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान की जानकारी देने के लिए अब तक 55 किसानों ने बीमा कंपनी और कृषि विभाग की हेल्पलाइन पर फोन किया है। कृषि अधिकारी ने कहा कि किसानों के सामने अगर किसी तरह की दिक्कत है तो वे उनके कार्यालय पर भी आकर लिखित शिकायत दे सकते हैं। टोल फ्री नंबर पर भी कॉल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन के साथ कृषि विभाग की टीम भी फसलों के नुकसान का आंकलन कर रही है।

बिथरी चैनपुर में बारिश के बाद बर्बाद हुईं ईंटे। ● अमृत विचार

टैक्स में छूट दे सरकार

एक भट्ठा मालिक न्यूनतम चार लाख जीएसटी और तीन लाख रुपये रॉयल्टी के तौर पर देता है। फिर भी सरकार से आपदा पर राहत नहीं मिलती। बारिश से भट्ठे पर सात से आठ लाख का नुकसान हुआ है। - **कमलेश पटेल**, भट्ठा मालिक

बारिश का सबसे ज्यादा नुकसान भट्ठे को होता है। फरवरी और मार्च में बार-बार बारिश होने से हम लोगों की कमर पूरी तरह टूट गई है। इस बारिश से करीब तीन लाख रुपये का नुकसान पहुंचा है। -**शमसाद हुसैन**, भट्ठा मालिक

मुआवजे की जरूरत

फसल पककर तैयार थी। अच्छी पैदावार की उम्मीद थी लेकिन बारिश और तेज हवा से सब बर्बाद हो गया। सरसों के फूल झड़ गए और गेहूं की बालियां बिखर गईं। कुदरत ने उम्मीदों पर फिर पानी फेर दिया है। -**गेंदनलाल गंगवार**, नवाबगंज

तेज हवा और बारिश से तीन बीघा में खड़ी सरसों गिर गई है। दो बीघा में गेहूं भी खराब हो गया। पंद्रह दिन बाद कटाई होनी थी। प्रशासन को किसानों को मुआवजा देने के लिए किसी तरह का इंतजार नहीं करना चाहिए। -**सीताराम**, भुता

कार्यालय बंद कराएंगे और फिर गेट करेंगे बंद

बरेली, अमृत विचार : नगर निगम में तैनात सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को सोमवार से परिसर में धरना शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि तीन दिन में उनकी मांगे पूरी नहीं की गईं तो मंगलवार को कार्यालय बंद कराएंगे और फिर गेट को बंद कर देंगे। सफाई कर्मचारियों ने सफाई कार्य में ठेका प्रथा का विरोध किया और निजी हाथों में सौंपे जा रहे वार्डों से सफाई कर्मचारियों को नहीं हटाने की मांग की। कर्मचारी संघ के महामंत्री राजेश कुमार ने कहा कि दो दिन में कर्मचारी नहीं चेते तो तीसरे दिन निगम के सभी गेटों को बंद कर देंगे। धरना सभा में दीपक वाल्मीकि सुनील पूर्व पार्षद वेदप्रकाश, अरुण गौतम रामरतन, अजय चौहान, मिशनपाल, जयपाल पटेल, तरुण गौतम, देवदास, पंकज बाबू, राजेन्द्र समदर्शी, रजनी बाला, लता वाल्मीकि, अनीता वाल्मीकि, राजीव सिंह, सुरेशपाल, सोमपाल, बादाम सिंह, महावीर, कमल, ड्राइवर और सफाई नायक भी मौजूद रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

फैक्ट्री में सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत

सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज में ओरिएंटल एरोमेटिक्स कंपनी में सोमवार को सुरक्षा सप्ताह की शपथ के शुरुआत हुई। इस दौरान सुरक्षा संबंधी निबंध, प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिता कराई जाएंगी। 11 मार्च को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस मौके पर अधिशासी निदेशक सतीश कुमार रे, उप महा प्रबंधक जमदग्नि पाठक, अरुण कुमार, केपी सिंह, मो. वसीम खालिद आदि मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव के बाद शुरू हो पाएगा यूनानी मेडिकल कॉलेज

- पीडब्ल्यूडी एक्सईएन का दावा 10 फीसदी काम बाकी, 15 दिन में हो जाएगा पूरा
- नवंबर 2022 में बनना शुरू हुआ मेडिकल कॉलेज मार्च 2023 तक पूरा होना था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हजियापुर में 113 करोड़ लागत के यूनानी मेडिकल कॉलेज का 90 फीसदी निर्माण हो चुका है, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन संजीव कुमार का दावा तो 20 मार्च तक बाकी 10 फीसदी भी निर्माण पूरा करने का है लेकिन जल्द आचार संहिता लागू होने की संभावना के चलते शुरुआत लोकसभा चुनाव के बाद ही होने की उम्मीद है।

नवंबर 2022 में बनना शुरू हुआ यूनानी मेडिकल कॉलेज मार्च 2023 तक पूरा होना था लेकिन निर्माण स्थल पर डंप हजारों मीट्रिक टन कूड़ा हटने और बजट मिलने में देरी से निर्माण अटकता रहा। पिछले महीने डीएम ने निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज त्रिपाठी के मुताबिक अभी बिजली फिटिंग चल रही है।

हजियापुर में निर्माणाधीन यूनानी मेडिकल कॉलेज।

चारदीवारी भी जल्द बन जाएगी। 20 मार्च तक निर्माण पूरा कर भवन हैंडओवर कर दिया जाएगा। दावा है कि बरेली मंडल में सौ बेड का यह पहला ऐसा मेडिकल कॉलेज होगा जहां लोगों को यूनानी पद्धति से इलाज मिलेगा। यहां सौ विद्यार्थी बीयूएमएस करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक जिले में यूनानी पद्धति के नौ अस्पताल हैं, लेकिन उनमें मरीज भर्ती करने की सुविधा नहीं है। 6.3 एकड़ में बन रहे हजियापुर में मेडिकल कॉलेज में 144 छात्र और 122 छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल होंगे। निदेशक, प्रोफेसर, प्राचार्य और स्टाफ के लिए 50 से अधिक आवास होंगे।

शाहजी रफीकुल औलिया के कुल की रस्म अदा की

बरेली, अमृत विचार : बाकरगंज स्थित खानकाह-ए-शाहजी रफीकुल औलिया मोहम्मदिया कदीरिया रफीकिया मुनीरिया में सोमवार को हजरत शाह रफीकुल औलिया के उर्स का कुल की रस्म के साथ समापन हो गया। महफिल में बड़ी तादाद में अकीदतमंद शामिल हुए।

सुबह फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी हुई और फिर जोहर के बाद उर्स की आखिरी महफिल हुई, जिसमें मुफ्ती अतीक पीलीभीती ने नूरानी, सैयद असलम मियां वामिकी, कारी आताउर्रहमान काशीपुरी ने शाहजी रफीकुल औलिया की शान बयां की। वहीं शायरे इस्लाम शराफत कदीरी और मौलाना मुस्तकीम कदीरी ने नात व मनकबत के कलाम पेश किए। सरताज रफीकी मुनीरी, सैयद वसी, कारी यासीन, रिजवान रफीकी आदि ने भी कलाम पेश किये। शाम को 4:15 बजे पर हजरत शाहजी रफीकुल औलिया का आखरी कुल हुआ। दुआ सज्जादनशीन मोहिब मियां ने की। इस दौरान नायब सज्जादा फय्यूख अहमद, हसीन मियां, जहीर मियां, जुनैद अख्तर, नूर अहमद, सैयद मंसूर मियां, फैजी मुमताज, नन्हे, नबी हसन आदि शामिल रहे।

रोडवेज भर्ती : ठगों के हाथ लगा आवेदकों का डाटा

- लगातार आवेदकों के पास आ रही हैं ठगों की फोन कॉल

बरेली, अमृत विचार : परिवहन निगम में चालक और परिचालकों के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का डाटा लीक होकर ठगों के हाथ में पहुंच गया है। इसके बाद ठगों ने आवेदकों पर अपना जाल डालना शुरू कर दिया है। कई आवेदकों के पास ठगों के फोन आने के बाद बरेली डिपो के एआरएम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के साथ रोडवेज के अधिकारी भी मामले की जांच कर रहे है।

परिवहन निगम में संविदा पर नियुक्ति के लिए आवेदन करने वाले एक अभ्यर्थी को की गई कॉल का रविवार को ऑडियो वायरल हुआ था। कॉल करने वाले ने आवेदक के शैक्षिक प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपियां अपने पास होने का दावा करते हुए नियुक्ति के लिए एक लाख रुपये की मांग की थी। अभ्यर्थी से यह भी कहा था कि पहली किस्त में 50 हजार रुपये देने के सप्ताह भर बाद उसे ज्वाइनिंग लेटर दे दिया जाएगा। बाकी 50 हजार ज्वाइनिंग लेटर लेने के बाद देने होंगे। इस तरह की कॉल रोडवेज के कई कर्मचारियों को भी की गईं। कर्मचारियों के शिकायत करने के बाद ने एआरएम ने कॉल करने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। विभागीय अधिकारी यह पता करने की कोशिश कर रहे हैं कि आवेदकों का डाटा बाहर कैसे पहुंचा।

> अभ्यर्थियों से पैसों की मांग करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। पुलिस के साथ विभागीय अधिकारी भी मामले की जांच कर रहे है। - **संजीव श्रीवास्तव**, एआरएम बरेली डिपो

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे बेटे के सेना दस्तावेज नं. 3205085X हवलदार जगदीश, में मेरा सही नाम Om vir Singh है, Ombir नहीं, कृपया इसे मेरे बेटे के सेना रिकॉर्ड में सही करें। **ओम वीर सिंह पुत्र हरिराम निवासी गांव व पोस्ट घरौंट तहसील हथीन, जिला पलवल, हरियाणा।**

सूचना
मेरे पुत्र के सभी शैक्षिक प्रमाण-पत्रों में मेरा नाम Kailash Chander व मेरी पत्नी का नाम Kalpana Diwakar व मेरे पुत्र का नाम Kartikey Choudhary दर्ज है जो कि गलत है जबकि सही नाम Kailash Chandra पत्नी का नाम Kalpna Dewaker व पुत्र का नाम Kartikeya Chaudhary है। मेरे पुत्र के सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों में उक्त नाम दर्ज किया जाये। **कैलाश चन्द्र पुत्र स्व. राम चन्द्र निवासी- 115, मो. अटारिया, सी.बी. गंज, बरेली**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र अमित कुमार व पुत्रवधू ज्योतिका को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **उदल पुत्र जागन लाल व सुनीता देवी पत्नी उदल निवासी म.नं. 302, कांधरपुर रवि साधना हॉस्पिटल के पास, सद्भावना कालोनी, थाना कैन्ट, जिला बरेली।**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मै. महेश चन्द्र अग्रवाल परसाखेड़ा से बरेली को आ रहा था। आते वक्त मेरा बैग रास्ते में कहीं गिर गया उसमें मेरे पेपर के साथ आर.के. इन्डस्ट्रीज राईस मिल के कुछ फार्म भी मेरे बैग में थे जिसकी संख्या फार्म 3ग (1) संख्या 051641 तथा फार्म 3 ख संख्या 074742, 074743, 074744 एवं 074745 थे जिनका प्रयोग अवैध होगा। **महेश चन्द्र अग्रवाल पुत्र श्री विश्वनाथ अग्रवाल (एकाउन्टेन्ट) आर.के इण्डस्ट्रीज, बी-3, परसाखेड़ा, बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 0828060 व इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 215701331 के अंक पत्र कहीं गुम हो गये हैं। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। **विशाल वर्मा पुत्र श्यम बिहारी वर्मा नि. लौंगपुर म. केलीपुर, तह. फरीदपुर, जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के सी.बी.एस.ई. बोर्ड की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंकतालिका में मेरा नाम SABIH UL HASAN अंकित तथा हाईस्कूल की अंकतालिका में मेरी पुत्री का नाम SAMREEN AKHTER अंकित है जोकि गलत है। जबकि मेरा सही नाम SHABIH UL HASAN तथा मेरी पुत्री का सही नाम SAMREEN.AKHTAR है। **शबीह उल हसन पुत्र श्री बदरूल हसन निवासी चौधरी सराय शकील रोड, बदायूँ।**

सूचना
मैंने अपना नाम FARIKUMISAYEN से बदलकर FARIKUN Nisha रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **फरीकुन निशा पत्नी जहांदार खान निवासनी मूड़ा बुजुर्ग लखीमपुर खीरी।**

धर्म दर्शन

शिव आदि तत्व हैं, वह ब्रह्म हैं, वह अखंड, अभेद्य, अच्छेद्य, निराकार, निर्गुण तत्व है। वह अपरिभाषेय हैं, वह नेति-नेति हैं। अभिव्यक्ति में प्रतीत होते हैं, जिन्हें विद्या तथा अविद्या कह सकते हैं। ऋग्वेद में भगवान शिव का सबसे पहला उल्लेख मिलता है,जो उनकी दिव्य पहचान पर प्रकाश डालता है। भगवान शिव को अक्सर रुद्र के रूप में जाना जाता है। रुद्र जिसका अर्थ है "गर्जना करने वाला" देवत्व के कच्चे और मौलिक पहलुओं का प्रतीक है। उन्हें एक उग्र देवता के रूप में चित्रित किया गया है,जो तूफान, विनाश और कायाकल्प से जुड़ा है।

आत्मज्ञान, वैराग्य एवं कल्याण का प्रतीक शिव तत्व

ऋग्वेद के मंत्र बुरी ताकतों से सुरक्षा के लिए रुद्र के आशीर्वाद का आह्वान करते हैं,जो विध्वंसक और रक्षक दोनों के रूप में उनकी दोहरी प्रकृति को प्रदर्शित करता है। जैसे ही हम ऋग्वेद से यजुर्वेद की ओर बढ़ते हैं,हम रुद्र से शिव में परिवर्तन का अनुभव करते हैं। शिव,संस्कृत शब्द "शिव" से लिया गया है,जो शुभता और पवित्रता का प्रतीक है। इस चरण में भगवान शिव को तपस्वी योगी के रूप में चित्रित किया गया है,जो हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों पर ध्यान कर रहे हैं। वह वैराग्य, आत्मज्ञान और परोपकार के आदर्शों का प्रतीक हैं। यजुर्वेद शिव को ध्यान और आध्यात्मिकता के दिव्य आदर्श के रूप में महिमामंडित करता है। सामवेद हमें सर्वोच्च देवता महादेव से परिचित कराता है। महादेव, रुद्र और शिव के रूप में अपने पिछले अवतारों को पार करते हुए,भगवान शिव की दिव्यता की भव्यता को समाहित करते हैं। वह ब्रह्मांडीय व्यवस्था का अंतिम स्रोत, ब्रह्मांड का निर्माता, पालनकर्ता और संहारक है। सामवेद महादेव को उनकी सर्वशक्तिमानता और परोपकारी सर्वव्यापकता का चित्रण करते हुए एक लौकिक देवता के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सृष्टि 16 तत्वों से निर्मित हैं। पहले पांच तत्व, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, पृथ्वी लोक से संबंधित हैं। छठा तत्व 'शिव तत्व' है जिसका संबंध आज्ञा चक्र से है तथा वह माथे के केंद्र में स्थित है। विशुद्धि और आज्ञा चक्र के बीच में 11 तत्व हैं,किंतु फिर भी शिव तत्व को छठा तत्व कहा जाता है,क्योंकि शिव आदि, अनादि, अनंत, अखंड हैं,जो बुद्धि की समझ से परे हैं। सारे तत्व उसी में निहित हैं। शरीर में तीन प्रकार की ग्रंथियां होती हैं,ब्रह्म ग्रंथि, विष्णु ग्रंथि तथा रुद्र ग्रंथि। ब्रह्म ग्रंथि तथा विष्णु ग्रंथि खोलना अपेक्षाकृत सरल है,किंतु रुद्र ग्रंथि को खोलना बहुत कठिन है। इसके खुले बिना शेष 11 तत्वों का अनुभव नहीं हो सकता। 16 तत्वों के अनुभव के बाद ही शिव और शक्ति का संयोजन होता है और शिव तत्व की प्राप्ति होती है। संपूर्ण वेदों में विभिन्न श्लोक भगवान शिव की दिव्य उपस्थिति को दर्शाते हैं। अथर्ववेद का एक श्लोक शिव के लौकिक नृत्य, तांडव का सार दर्शाता है: "न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नमः महद्यशः ।"/ तन्द्य त्वाग्वं प्रस्वादं पयधि। यह श्लोक भगवान शिव के निराकार स्वरूप की प्रशंसा करता है,इस बात पर जोर देता है कि उनकी दिव्य ऊर्जा असीमित और मानवीय समझ से परे है। यह इस विश्वास को पुष्ट करता है कि भगवान शिव के प्रति सच्ची भक्ति मूर्ति पूजा से परे है और उनके लौकिक सार से जुड़ती है। शिव का वास्तविक अर्थ है 'वह जो नहीं है'अर्थात् शून्य। आधुनिक भौतिक विज्ञानियों ने भी यह साबित कर दिया है कि पूरी सृष्टि शून्य से निकलती है और शून्य में ही चली जायेगी। व्यापक शून्यता अस्तित्व का आधार और ब्रह्मांड का मूल तत्व गुण है। इस विशाल शून्यता को ही शिव कहते हैं।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

भौतिक शक्ति का सूचक असुर

व्युत्पत्ति की दृष्टि से 'असुर' शब्द 'असुः+'र' (असुः=प्राण,र =वाला) का अर्थ प्राणवान, ऊर्जावान, शक्तिशाली या शक्ति संपन्न है। कालांतर में यह भौतिक शक्ति का सूचक/प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में 'असुर' शब्द का प्रयोग 105 बार हुआ है। इसमें भी 99 बार भौतिक 'शोभन' अथवा मंगल सूचक है,जबकि मात्र 15 बार ही देवों के शत्रु विशेष के लिए। यास्क के "निरुक्त" (3/8) के अनुसार शारीरिक शक्ति के आधिक्य के कारण ही इन्द्र के लिए, तदुपरांत,नैतिक बल के सूचक के रूप में वरुण देव के लिए हुआ है।

प्राचीनतम असीरियन (असुर) साम्राज्य या परवर्ती मैसापोटामियन साम्राज्य (फारस (ईरान), इराक, तुर्की आदि पड़ोसी क्षेत्रों का) के निवासी पारसियों का धर्म,विश्व के भारतीय वैदिक धर्म के समान ही प्राचीनतम है। इस पारसी धर्म को 'जरथुस्त्र "धर्म" भी कहा जाता है। पारसियों की सर्वशक्तिमान सत्ता या ईश्वर को ही "अहुर मज्दा" या "अहोरमज्द" कहते हैं। 'अहोर' शब्द वैदिक 'असुर' शब्द का रूपांतर है। अथवा यह कहा जा सकता है कि अहोरमज्दाका वैदिक संस्कृत रूपांतर "असुरेन्द्र" है। अहुरमज्दा का आशय 'आसुरी मेधा' या 'बुद्धिबल' से है वैदिक "वृत्रघ्नइन्द्र" को ही अवेस्ता में "वेघ्रोघ्न" कहा गया है। ऋग्वेद (10/138/3-4) में इन्द्र को वज्र के प्रहार से देव विरोधी दानवों सहित वृत्रासुर का वध करने वाला कहा गया है। ऋग्वेद के 'अग्निदेव' की भांति पारसियों के प्राचीनतम धर्म ग्रंथ "जेंद अवेस्ता" में भी सर्वाधिक पवित्र देवता वही हैं। उसी अग्निदेव के माध्यम से ही "अहुरमज्दा" की पूजा होती है। प्रमुख अंतर यह भी है कि वेदों में जहां देवों तथा देवियों की स्तुति है, वहीं अवेस्ता में प्रायः कई की निंदा और असुरों की उपासना या स्तुति है। किंतु यह आश्चर्यजनक है कि वेदों और अवेस्ता दोनों में ही वैदिक सवितृ (सूर्य), सोम, अर्यमा, आदि की स्तुति है। विषयांतर के भय से विस्तृत चर्चा न कर इतना ही कहना पर्याप्त है कि हजारों वर्षों पूर्व भारत एवं फारस और ईरान में परस्पर सांस्कृतिक संबंध अत्यंत प्रगाढ़ थे। असीरिया तो असुरों का ही सामाज्य था और आधुनिक ईरान, इराक, तुर्की, बहरीन, कुवैत, कतर, सउदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात या यह कहा जाए कि फारस की खाड़ी के आसपास का संपूर्ण भूभाग ही उसमें समाहित था। आधुनिक संपूर्ण इस्रायल सहित मिश्र का कुछ भाग अधीन था।

सातवीं सदी के बाद विजेता इस्लाम धर्मावलंबियों के अत्याचार, उत्पीड़न, बलात्कार, धर्मांतरण ने वहां के मूलनिवासियों को इस्लाम स्वीकार करने या पलायन को विवश किया। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार असुर,देवदृष्टि से अपभ्रंश भाषा का अधिक प्रयोग करते थे (ते$सुरोहेलयो हेलया इति कुर्वन्तः पराबभूवुः)। पतंजलि और शबर स्वामी इस बात के समर्थक हैं। शांख्यायन तथा आश्वलायन श्रौतसूत्रों की "आसुरि विद्या" को शतपथ ब्राह्मण में ही प्रयुक्त "माया" शब्द का समानार्थी बताया गया है। माया को ही लोकभाषा में "जादूगरी" कहा गया है, किंतु यह बहुत आश्चर्यजनक है कि सभी भौतिक विद्याएं इसी में समाहित/समाविष्ट हो सकती हैं। सुप्रसिद्ध विद्वान, स्व. डॉ राज बली पाण्डेय जी के अनुसार, "आसुरि" शुद्ध भौतिक प्रवृत्ति से उत्पन्न सभी ज्ञान-विज्ञान असुर विद्या हैं। इसमें 'सुर विद्या' अथवा 'देवी विद्या' या आध्यात्मिकता को स्थान नहीं है।" 'हिन्दू धर्मकोश' पृष्ट,69. ऋग्वेद में देवताओं के लिए विशेषण के रूप में असुर शब्द का प्रयोग होता रहा है। विशेष रूप से वरुण आदि के लिए।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति

हे सोम! आप उपयाम-पात्र में ग्रहण करने योग्य हैं। आदित्यों के सदृश तेजस्विता के लिए आपको हम ग्रहण करते हैं। हे इंद्रदेव! आप हिंसक प्रवृत्ति से सर्वथा रहित हैं। याजक द्वारा प्रदत्त हवि के प्रतिदान स्वरूप आपका दान संपन्नता बढ़ाने वाला होता है। हम आदित्यों के स्नेह भाव के लिए आपकी स्तुति करते हैं। हे आदित्य! आप आलस्य, प्रमाद आदि से सर्वथा रहित हैं। आपकी जो शक्ति सामर्थ्य,अविनाशी और दिव्य आनंदप्रद है, वह सूर्य मंडल मे स्थापित है। हे आदित्य ग्रह! (पात्र) हम आदित्यदेव की प्रसन्नता हेतु आपको ग्रहण करते हैं। देवताओं के सुख के निमित्त यह यज्ञ है,अतएव हे आदित्य! आप हम सबके लिए कल्याणकारी हों। आपकी शुभ संकल्प युक्त मति हमें उपलब्ध हो। हे आदित्य! आप अज्ञान रूपी अंधकार के विनाश के निमित्त कारण हैं। हे पुरुषार्थी मनुष्यों! तुम अपनी वाणी में सुसंस्कारिता को धारण करो। जब गृहस्थ आश्रम में दंपती धर्माचरण का निर्वाह करते हैं,तभी पावन सुसंस्कारवान पुत्र उत्पन्न होते हैं और नित्य ही समृद्धि को प्राप्त होकर वे दुष्कर्मों और ऋणादि से निवृत्त रहते हुए श्रेष्ठ गृह में निवास करते हैं।

हे सोमासिक्त धान्य! यजुर्वेद के मंत्रों से जिसकी कामना की गई है, ऋक् मंत्रों से स्तुत्य तथा साम के स्तोत्रों द्वारा संवर्धित आपका सेवन अश्वों और गौओं को भी प्रेरणा देने में समर्थ है। आपके सेवन से प्राप्त होने वाले अभीष्ट फल की इच्छा से युक्त हम आपका सादर सेवन करते हैं। हम सब ब्रह्मतेज से संपन्न, दुग्धादि रसों से परिपूर्ण, श्रेष्ठ शरीर और शिवसंकल्पकारी मन से सदा युक्त रहें। श्रेष्ठ दान प्रदाता त्वष्टादेव हमें ऐश्वर्य प्रदान करें तथा हमारे शरीर में जो कमी है,उसे भी दूर करें। हे ऐश्वर्यवान इंद्रदेव! हमें श्रेष्ठ मन, गाय आदि पशुओं और ज्ञानीजनों तथा श्रेष्ठ कल्याणकारी भावनाओं से युक्त करें। ज्ञान से प्रेरित दिव्य मानवों द्वारा जो श्रेष्ठ कर्म संपादित होते हैं, उससे हमें जोड़ें,जो सत्कर्म हमें देवताओं के अनुग्रह प्रदान करते हैं,वह यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति के साथ आपके निमित्त समर्पित हों। हम सब लोग सदैव ब्रह्मवर्चस जल, सुदृढ़ शरीरों और शुभ संकल्पकारी पवित्र मन से युक्त रहें। श्रेष्ठ पदार्थों के दाता,सर्वप्रेरक परमात्मा हमें संपूर्ण ऐश्वर्य संपदा प्रदान करें। दानशील विधाता,सर्वोत्पादक सविता,प्रजा के पालक-प्रजापति, देदीप्यमान अग्निदेव, त्वष्टादेव और सर्वव्यापक विष्णुदेव,यह सभी देवगण हमारी आहुति को स्वीकार करें। यज्ञकर्मों के ज्ञाता हे देवगण! आप हमारे यज्ञ में पधारें, हमारी आहुति को स्वीकारें तथा यज्ञ से संतुष्ट होकर अपने-अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रयाण, प्रस्थान करें।

हे मन के अधिष्ठाता देव! इस यज्ञ को श्रेष्ठ औषधियों से परिपूर्ण करें और वायु का शोधन करें। यह आहुति आपके प्रति समर्पित है। जिस परमात्मा से उत्तम अन्य कोई नहीं है,जो संपूर्ण लोकों में संव्याप्त है,वे प्रजापालक सोलह कलाओं से अपनी प्रजा में रमण करते हैं। वे सूर्य, विद्युत व अग्नि रूप तीनों ज्योतियों को अपने भीतर समाहित किए हुए हैं। उत्तम कर्म करने में कुशल हे अग्निदेव! हमें तेजस्विता, पराक्रम एवं अपार वैभव संपदा प्रदान करें। आप देव-शक्तियों के बीच में अति तेजस्वी हैं। अतः आपकी कृपा से हम मनुष्यों में तेजस्विता का संचार हो। ये ज्योतिर्मयी रश्मियां संपूर्ण प्राणियों के ज्ञाता सूर्य को तथा समस्त विश्व को,दृष्टि प्रदान करने के लिए विशेष प्रकाशित होती हैं। हे ग्रह (पात्र)! हम आपको ज्योतिर्मान सूर्य के लिए स्वीकृत करते हैं। हे महिमामयी गौ! आप इस यज्ञ से उत्पन्न पोषणयुक्त मंडल रूपी कलश को सूंघें,वायु के माध्यम से ग्रहण करें। इसके सोमादि पोषक तत्व आपके अंदर प्रविष्ट हों। उस ऊर्जा को पुनः सहस्त्रों पोषक धाराओं द्वारा हमें प्रदान करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

शिवरात्रि प्रकृति से तादात्म्य का संदेश

मनुष्य का शरीर पंच भौतिक तत्वों का संयोजन है, इसीलिए धर्मग्रंथों में पृथ्वी को माता, आकाश को पिता और जल, अग्नि, वायु को देवता मानकर पूजा करने का उल्लेख है। इसी के लिए मांगलिक-कार्यक्रमों के प्रारंभ करने के पहले स्वस्तिवाचन मंत्र पढ़ने का विधान किया गया है जिसमें प्रकृति की अनुकूलता की कामना की गई है। भगवान शंकर और माता पार्वती के पुत्र गणेश जी प्रथम देवता हैं। जिस प्रकार समस्त भैतिक यंत्र ऊर्जा से संचालित होते हैं उसी प्रकार पंच भौतिक शरीर भी आत्मा की ऊर्जा से संचालित होता है। मनुष्य ही नहीं, बल्कि सृष्टि में जितने अन्य जीव-जंतु हैं, सभी को ऊर्जा की आवश्यकता है। इसका संदेश यही हुआ कि पार्वती माता, शिवजी पिता और पुत्र गणेश ऊर्जा के रूप में पुत्र हैं। वे माता-पिता से दूर न जाकर उन्हीं के चरणों की परिक्रमा करते हैं। कार्तिकेय के पूरे ब्रह्मांड की परिक्रमा का आशय उनमें वायु-तत्व की प्रधानता हैं जबकि वाहन नन्दी जल-तत्व का सूचक इसलिए है क्योंकि पशु जिन इलाकों में रहता है, सबसे पहले वह जल-स्रोत ही तलाशता है। शिवरात्रि का पर्व आकाश तथा पृथ्वी पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों की पूजा का पर्व है। इन संसाधनों का संरक्षण कैसे किया जाए ताकि मां पार्वती और शिव की कृपा-परिधि में सभी भौतिक पदार्थ रह सके, इस पर सजगता तथा तादात्म्य बनाने का पर्व है शिवरात्रि।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

एक नजर

इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

आंवला, अमृत विचार : इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, फूलपुर इकाई आफिसर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अनुराग तिवारी का नगर आगमन पर ब्राह्मण महासभा ने स्वागत किया। जितेंद्र तिवारी ने कहा ब्राह्मण सभी के उत्थान की कामना करते है। दरअसल दोनों पदाधिकारी दिल्ली इफको मुख्यालय से आंवला इकाई आ रहे थे। आंवला आगमन पर ब्राह्मणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कृष्ण पाल शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, माधव पाराशरी, आशीष शर्मा एड., अमित त्रिपाठी, अतुल मिश्रा, चन्द्र प्रकाश शर्मा, राजेंद्रपाल शर्मा, सौरभ तिवारी, सर्वेस यादव आदि क्षेत्रीय ब्राह्मण और इफको कर्मी मौजूद रहे।

कार की टक्कर से घायल हुआ बाइक सवार

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : नेशनल हाईवे धनेटा फाटक के पास कार की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। राहगीरों ने उसे पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। रामपुर के कोतवाली मिलक निवासी रामधुन बाइक से सोमवार दोपहर में बरेली किसी काम से जा रहे थे। हाईवे के धनेटा फाटक के पास पहुंचने पर पीछे से आ रहे किसी कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी, वह बाइक समेत गिर गए, बाइक भी टूट गई, वह गंभीर रूप से घायल हो गए।राहगीरों ने उनको किसी निजी वाहन से अस्पताल भेज दिया टक्कर मारने के बाद कार चालक फरार हो गया।

बाइक की टक्कर से घायल बच्ची की हालत गंभीर

फरीदपुर अमृत विचार : एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने बच्ची को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। परिजन बच्ची को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। शनिवार को बाइक सवार व्यक्ति कॉलेज से ड्यूटी करके अपने गांव खजुरिया संपत जा रहा था तभी गांव खमरिया निवासी मुकेश की बेटी काजल पास में दुकान से कुछ सामान खरीद कर अपने घर जा रही थी तभी बाइक सवार ने काजल को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मौके पर बच्ची उछल कर दूर जा गिरी, जिससे उसे गंभीर चोट आई जिसे बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। काजल की हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित पिता ने सोमवार को बाइक सवार के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की है।

पोस्त की फसल बर्बाद, गेहूं-सरसों सड़ने का खतरा

दो दिन की बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरा, कर्ज लेकर फसल बोने वाले किसान संकट में

संवाददाता, भुता

अमृत विचार : झमाझम बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया, शनिवार रात से शुरू हुआ रिमझिम का दौर रविवार रात को झमाझम बारिश के साथ थमा, इससे खेतों में पानी भर गया, हालांकि तेज धूप निकलने से पानी जल्द ही सूख गया, लेकिन खेतों में अत्यधिक नमी होने से गिरी हुई गेहूं के पौधों के सड़ने के खतरे को बढ़ा दिए हैं।

बहुत से किसानों ने कर्ज लेकर फसल बोई थी, उनकी आंखों से बर्बाद फसल देखकर आंसू नहीं रूक रहे हैं। किसी को कर्ज चुकाने की चिंता है तो किसी के घर में शादी है, अब कैसे बेटी के हाथ पीले होंगे यहीं चिंता किसानों को खाए। हालांकि मुख्यमंत्री का आदेश है कि जल्द से जल्द किसानों की बर्बाद फसलों का सर्वे कर मुआवजा दिया जाए मगर, अभी तक प्रशासन के तरफ से कोई भी सदस्य गांव में नहीं पहुंचा।

किसानों को बढ़ी मुश्किलें: फतेहगंज पूर्वी में दो दिनों से हो रही बारिश से किसानों के साथ ही आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी, सड़कों पर कीचड़ होने से राहगीरों को परेशानी हो रही है वहीं किसानों की फसलें चौपट हो रही है। बारिश से ठंड बढ़ गई है, जिससे बच्चों को गर्म कपड़े पहनाने पड़ रहे हैं। ग्राम कुठिला के किसान अरुण कुमार बताते हैं कि उनकी गेहूं की फसल बारिश के चलते गिर गई जिससे काफी नुकसान हुआ है। नगर के किसान अंशु मिश्रा का कहना है कि बारिश के चलते किसान की गेहूं तथा सरसों की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष गेहूं की फसल काफी अच्छी थी परंतु बारिश ने सारी फसल बर्बाद कर दी है।

मुआवजा दिलाने की मांगः बहेड़ी में बारिश और ओलावृष्टि से नष्ट हुईं फसलों की क्षतिपूर्ति और केसर चीनी मिल पर बकाया धनराशि को लेकर एक किसान संगठन की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार को सौंपा गया। किसान नेता राकेश गंगवार, सीताराम कश्यप, मोर पाल, नत्थू लाल, चंद्रपाल, सेवा राम व राम सिंह के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में बताया कि तेज हवा के साथ हुई बरसात और ओले गिरने से लाही की तैयार फसल के साथ गेहूं और गन्ने की फसल को काफी नुकसान हुआ है। इसका सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाए। साथ ही केसर मिल पर मौजूदा पेराई सत्र और पिछले 14 साल में विलंब से भुगतान को ब्याज के साथ दिलाया जाए।

बारिश और हवा की वजह से गिरी पोस्त की फसल से दुखी किसान। ● अमृत विचार

अलीगंज में भी पोस्त की फसल गिरी

अलीगंज, अमृत विचार : बारिश और हवा से गांव खैलम, बिहारीपुर,अंत्तपुर, सत्तार नगर,बीबनी, महोलिया आदि गांवों के किसानों की पोस्त की फसल जमीन पर बिछ गई है। जिससे किसानों को मायूसी छाने लगी है। किसान बद्री प्रसाद, शिवकुमार, त्रिवेनी देवी, रामेश्वर आदि का कहना है कि पोस्त की खेती बारिश हवा व ओले से जमीन पर गिर गई जिससे फसलों की पैदावार घट गई जिससे फसलों को काफी नुक़सान हुआ है। सरकार किसानों को उनकी फसल को मदद करनी चाहिए।

बोले, मन करता है छोड़ दें खेती-किसानी

मन तो करता है खेती करना ही छोड़ दूं पहले बारिश की मार से धान की फसल बर्बाद हुई और अब गेहूं की फिर सोचता हूं अगर हम ही पीछे हट जाएंगे तो करेंगे क्या। - **रजनीश**, किसान

लगभग 5 महीने से दिन-रात मेहनत कर अपनी फसलों को तैयार करा था। घर की काफी जिम्मेदारी थी, सोचा था फसल अच्छी होगी तो सब काम बन जाएंगे, लेकिन सब बर्बाद हो गया। फसलों की दुर्दशा देख मन बहुत उदास है। - **उदयवीर**, किसान

रात रात भर ठंड में जाग कर छुट्टा पशुओं से फसल को बचा पाया था, लेकिन हवा के साथ हुई बारिश ने पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया, अब पूरे साल परिवार का खर्चा कैसे चलेगा। - **निरवान सिंह**, किसान

सूदखोर से तंग वृद्धा बेटियों को लेकर पहुंची कोतवाली

- **बोली, एक लाख के बदले दो लाख 55 हजार दिए फिर भी नहीं दे रहा मकान का कागज**
- **पुलिस ने वापस कराए महिला के मकान के कागज, कोतवाली में दोनों पक्षों में हुआ समझौता**

संवाददाता, फरीदपुर

अमृत विचार : सूदखोर से तंग विधवा वृद्ध महिला बेटियों को लेकर पहुंची कोतवाली बताया कि सूदखोर ने उसके मकान के कागजात एक लाख रुपये के बदले में लिए थे। उसे मैंने अब तक दो लाख 55 हजार दे चुकी हूं, इसके बाद भी उसका कर्जा नहीं खत्म हुआ वह अब मकान पर कब्जा करना चाहता हैं।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सूदखोर से महिला के मकान के कागत वापस कराए, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। फरीदपुर के मोहल्ला परा जाटवान निवासी आरती ने बताया कि उनके पति की मौत हो गई, जवान बेटा शराब का आदी हो गया। बेटी की शादी के लिए आय का कोई स्रोत न होने पर उन्होंने शादी में मोहल्ले के ही विनोद से 1 लाख रुपये उधार ले लिए। रुपए देने के बदले उन्होंने उसके मकान के कागज ले लिए। उसने दो बार में उसे 2 लाख 55 हजार रुपये वापस दे दिए, फिर भी मकान के कागज वापस नहीं किए। पीड़िता बेटियों और दामाद के साथ कोतवाली पहुंची और सूदखोर की शिकायत करते हुए तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी को बुलाकर पीड़ित के मकान के कागज वापस कागज वापस दिला दिए। उसके बाद दोनों पक्षों ने आपसी समझौता करके पुलिस को लिखित में दे दिया।

बीमा कंपनी के सर्वेयर पर मनमानी करने का आरोप

बहेड़ी, अमृत विचार : शाहपुर डांडी गांव के किसान सीताराम कश्यप ने फसल के नुकसान का जायजा लेने आए सर्वेयर पर मनमानी से नुकसान का आंकलन करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिला सहकारी बैंक की स्थानीय शाखा में रबी फसल का बीमा कराया था। बारिश से गेहूं की फसल गिर गई। बालियों में दाना न पड़ने से करीब 80 फीसदी फसल चौपट हो गई। इसकी सूचना इफ्को टोकियो जिला कृषि रक्षा अधिकारी, उपनिदेशक (कृषि) के साथ ही संयुक्त निदेशक को भी फोन पर दी गई। सोमवार शाम बीमा कंपनी के सर्वेयर ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। आरोप है कि सर्वेयर ने 80 फीसदी नुकसान के बदले महज 20 फीसदी नुकसान होने की बात कही।

बहनों के साथ छत पर खेल रहे बच्चे की गिरकर मौत

- **इकलौते बेटे की मौत से पूरे परिवार का रो- रोकर बुरा हाल**

संवाददाता, मीरगंज

अमृत विचार : बड़ी बहनों के साथ छत पर रविवार शाम को खेल रहे ढाई वर्षीय बच्चे का अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे आ गया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टर उसकी जान बचाने में असफल साबित हुए।

घर के इकलौते बेटे की मौत से पूरे परिवार का रो- रोकर बुरा हाल हो गया। मीरगंज के ग्राम नगरिया सादात निवासी वेद प्रकाश का ढाई वर्षीय बेटा हर्ष बड़ी बहनों के साथ दो मंजिला मकान पर खेल रहा था, अचानक वह छत से गिरकर घायल हो गया। परिजन उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में में ले गए जहां रविवार देर शाम उसने दम तोड़ दिया। हर्ष की मां ज्योति मीरगंज के संत मंगलपुरी इंटर कॉलेज में शिक्षिका है। घटना की सूचना पर कॉलेज में शोक सूचना के उपरांत अवकाश कर दिया गया। शिव कुमार कक्कू, बाबा अरविन्द गिरी, अरविन्द यदुवंशी, कवि देवेंद्र, सोनू गुप्ता गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोगों ने मासूम के परिजनों को सांत्वना दी। पिता वेदप्रकाश ने बताया कि जब उनका बेटा छत पर था तो गली में कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनाई दी, उसने ऊपर से कुत्ते के उपर लकड़ी का टुकड़ा फेंककर मारा, फेंकते समय उसका संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह नीचे गिर पड़ा।

सार-संक्षेप

इफको में 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह शुरू

आंवला, अमृत विचार : इफको इकाई में 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह शुरू हुआ। इफको के वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक राकेश पुरी ने ध्वजारोहण कर कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। इकाई प्रमुख ने कहा सुरक्षा प्रबधंन के संबंध में यांत्रिकी अखंडता और सुरक्षित संचालन प्रक्रिया पर ज्यादा बल देने की जरूरत है। यह एक निरंतर प्रक्रिया का हिस्सा है, जिससे रासायनिक संयंत्र में खतरे, जोखिम एवं दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है, इसे अनदेखा न करें। प्रो-एक्टिव सेफ्टी के लिए अनुपालन, सतत सुधार एवं प्रशिक्षण की निरंतर आवश्यकता है। अग्नि एवं सुरक्षा विभाग के उपमहाप्रबंधक अवधेश कुमार पांडेय ने सुरक्षा प्रबंध प्रणाली में सतत सुधार के सुरक्षा निष्पादन आकड़े प्रस्तुत किए। उन्होंने बीते वर्ष की तरह राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की थीम (ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दें) में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अग्नि एवं सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन इकाई प्रमुख राकेश पुरी ने किया। इस दौरान वरिष्ठ महाप्रबंधक उत्पादन एस सी गुप्ता, महाप्रबंधक श्री वेंकट एस के, महाप्रबंधक अनुरक्षण पी .वीके शास्त्री, महाप्रबंधक सत्यजीत प्रधान, महाप्रबंधक प्रदीप शर्मा समेत अन्य रहे।

जेडी ने अलीगंज में देखी परीक्षा की व्यवस्था

अलीगंज, अमृत विचार : जेडी राकेश कुमार ने सोमवार सुबह अशोक आदर्श पब्लिक स्कूल अमरोली विकासखंड मझगवां में सचल दल के साथ पहुंचे। जेडी (जॉइंट डायरेक्टर) ने हाईस्कूल के अंग्रेजी पेपर की प्रथम पाली में सुबह 8 .30 बजे निरीक्षण किया। सचल दल के आने से स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। वह 9 .45 बजे स्कूल से निकले, जबकि कुछ सचल दल के सदस्य को मौके पर छोड़ गए जो पेपर के समापन तक मौजूद रहे। यहां पर कोई भी नकल करते हुए नहीं मिला। स्कूल प्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि बरेली से जेडी टीम के साथ हाईस्कूल के अंग्रेजी पेपर में सुबह 8 .25 पर पहुंचे और एक टीचर को पकड़ा जो कि अंग्रेजी के थे, परंतु एग्रीकल्चर पेपर में ड्यूटी पर थे।

दरिया शाह बाबा का उर्स कुल शरीफ के साथ संपन्न

क्योलड़िया, अमृत विचार : दरगाह हजरत दरिया शाह बाबा उर्फ नौगजा शाह मियां की दरगाह पर चार रोज उर्स के अंतिम दिन सोमवार को नमाजे फजर दरगाह पर कुरान ख्वानी हुई। इसके बाद जायरीनों ने दरगाह पर चादरपोशी और गुलपोसी की। गांव की गलियों में चादरों का जुलूस घूमता हुआ दरगाह पर पहुंचकर समाप्त हुआ। 11:00 बजे कुल शरीफ शुरू हुआ जिसमें नातो मनकबत और उलेमाओं ने हुजूर दरिया साहब मियां की शान में तकरीरें की और औलिया अल्लाह के बताए रास्ते पर चलने की अपील की। रविवार शाम दरगाह पर कव्वाली हुई, जिसमें कव्वालों ने उर्स में शिरकत की कुल शरीफ में खुशीसी दुआ हजरत साजिद रजा ने की उन्होंने मुल्क में अमनों सुकून और खुशहाली की दुआ मांगी। उर्स में अनवर जावेद, बाबू अंसारी, डॉक्टर अंसार अहमद, इमरान अहमद, लइक अहमद, मो शाकिर समेत अन्य लोग शामिल रहे।

त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज पुलिस ने सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें महाशिवरात्रि का पर्व शांति और सौहार्द से मनाने की अपील की है। एसएचओ श्रवण कुमार व अपराध निरीक्षक विनोद यादव की अध्यक्षता में आहूत बैठक में हरित सेना के संयोजक आचार्य अरविन्द, पूर्व सभासद वीरेन्द्र गुप्ता लल्लू, रामसिंह राठौर, प्रदीप पाठक, दीपक शर्मा, प्रधान द्वारिका प्रसाद, महेश शर्मा, तेग बहादुर, लालाराम शर्मा, अवधेश शर्मा, संजीव , कमल, सुमित, बाबू जैदी व ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

एक नजर

सड़क के किनारे मिला भ्रूण पोस्टमार्टम को भेजा

बिथरी चैनपुर, अमृत विचार : गांव किनारे पड़े भ्रूण को पक्षी नोच रहे थे। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है सोमवार को बिथरी के नवदिया देहात जब्ती गांव के किनारे भ्रूण पड़ा था।जिसे पक्षी नोच रहे थे। सूचना पर चौकी इंचार्ज मनोज उपाध्याय ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया भ्रूण का पोस्टमार्टम कराया गया है, जांच की जा रही है।

दुकान का शटर काटकर सामान और नकदी चोरी

रिठौरा, अमृत विचार : रिठौरा में भोजीपुरा मार्ग पर पायलट मार्केट से रविवार रात एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान का शटर काटकर तीन पानी वाली मोटरें, 45 किलो, तांबे का नया तार, 25 किलो पुराने तार, गल्ले में रखे पच्चीस हजार रुपये चोर चुरा ले गए। सोमवार सुबह जब दुकान-स्वामी पहुंचा तो देखा दुकान के पास फर्श टूटा पड़ा है।उसकी नजर शटर की ओर गई तो देखा लकड़ी का बल्ला डालकर शटर खोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित ने रिठौरा पुलिस चौकी पर मामले की लिखित शिकायत की है।

नवाबगंज : बिना सड़कों के ही बसा दीं कॉलोनी, दिक्कत झेल रहे लोग

रास्तों पर पानी भरा रहने से लोगों का आना-जाना भी मुश्किल

संवाददाता, नवाबगंज

बालाजीपुरम की बदहाल सड़क बनी लोगों के लिए परेशानी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर से सटे क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही कालोनियों में चौड़ी - चौड़ी सड़कें डालकर आबादी तो बसा दी गई, लेकिन अब इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

यहीं वजह है कि मात्र कुछ ही वर्षों में इन कालोनियों की सड़कें रख रखाव के अभाव में दम तोड़ रही हैं और नगरीय जीवन जीने की ललक में ग्रामीण क्षेत्र से कालोनियों में बसे लोग नारकीय जीवन जीने पर विवश हैं। नगर परिषद में शामिल हुए ग्रामों याकबपुर व बहोरनगला का हाल भी कुछ बेहतर नहीं है।

नगर से सटे गांवों रिछोला किफायतुल्ला और ईंध जागीर के क्षेत्र में आए दिन नई - नई कॉलोनियां बसाई जा रही हैं, प्लाटिंग करते समय कॉलोनाइजर्स ने चौड़े - चौड़े मार्ग डालकर इन पर बजरी का लेपन कराकर कालोनियां तो बसा दीं, लेकिन इन बस्तियों के रोड कुछ ही दिनों में दम तोड़कर खस्ता हो गए है, जिससे कॉलोनियों के बाशिन्दे खासे परेशान हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। विकास के लिए धनाभाव का रोना रो रहे प्रधानों ने तो इन रास्तों का निर्माण कराने से हाथ खड़े कर दिए हैं। मजबूरी में कालोनियों के लोग ही रोडों पर अपने स्तर से मिट्टी बगैरा डलवाकर गुजर बशर करने पर विवश हैं। एक दशक पूर्व ग्राम ईंध जागीर के क्षेत्र में बनी बालाजीपुरम कालोनी का मुख्य मार्ग हो या गौंटिया यासीन नगर सबका हाल एक जैसा ही है। जरा सी बरसात होने पर ही इन बस्तियों के रास्तों पर होने वाले जलभराव और कीचड़ से लोगों की परेशानी बढ़ जाती हैं।

शिक्षकों ने कहा- ऑनलाइन उपस्थिति नहीं करेंगे मंजूर

शिक्षा अधिकारी को महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान ने फरीदपुर बीआरसी में खंड शिक्षा अधिकारी को महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन सौंपा । उन्होंने बताया कि ऑनलाइन उपस्थिति व डिजिटाइजेशन में व्यावहारिक कठिनाइयों का निस्तारण, सभी कैलेंडर वर्ष में 31 दिन उपार्जित अवकाश, दूसरा शनिवार को अवकाश, अर्द्ध आकस्मिक अवकाश अनुमान्य करने की मांग की गई है।

कहा कि यदि अनावश्यक रूप से शिक्षकों के उत्पीड़न पर रोक नहीं लगी और उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो प्रदेश अध्यक्ष डा. दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में लखनऊ में विशाल धरना प्रदर्शन व आंदोलन किया जाएगा।

भोजीपुरा के ब्लॉक अध्यक्ष अजरार हुसैन आगा, क्यार के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, मीरगंज में सचिन मुरारी शर्मा, बहेड़ी में अध्यक्ष केदार सिंह, दमखोदा में अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, सहित सभी ब्लॉकों में पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंप कर विरोध जताया। अफजल बेग, हरीश बाबू गंगवार, संजय शर्मा, रोहित सिंह, शशिभूषण कश्यप, राघवेंद्र गुप्ता, अक्षय कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

धर्मस्थल के निर्माण की सूचना पर पहुंची पुलिस

आंवला, अमृत विचार : धर्म स्थल के निर्माण की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से ईंटें हटवा दीं और बगैर अनुमति के किसी भी तरह का निर्माण न करने की चेतावनी दी। एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने बताया कि सूचना मिली थी कि नगर स्थित सोसाइटी के समीप एक स्थान पर ईंटें रखकर धार्मिक स्थल बनाने की कोशिश की जा रही है। वहां एक स्थान पर ईंटें रखी हुई पाई गईं। पुलिस को भेजकर वहां से ईंटें हटवा दी हैं। वहां पहले से मजार है। बगैर अनुमति कोई भी धार्मिक स्थल का निर्माण नहीं किया जा सकता है। उक्त स्थल को लेकर जांच कराई जाएगी।

वार्षिक समारोह में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हाफिजगंज, अमृत विचार : हाफिजगंज के एआर मेमोरियल हायर सेकेंड्री स्कूल का वार्षिकोत्सव सोमवार को मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. एमपी आर्य ने बच्चों का उत्साह बढ़ते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे हमारा देश प्रगति कर सकता है। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के साथ ही कड़ी मेहनत से पढ़ने को प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक मो. अशरफ ने वार्षिक रिपोर्ट कार्ड की जानकारी देने के साथ ही विधायक डॉ. एपी आर्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

किसान उपचारित करने के बाद करें गन्ने की बुवाई

मीरगंज, अमृत विचार : ग्राम तातारपुर में गन्ना विकास परिषद की ओर से सामूहिक सभा का सोमवार को आयोजन किया गया । सभा की अध्यक्षता प्रगतिशील कृषक जगतपाल सिंह ने की। किसानों को गन्ना किस्मों की पहचान क्षेत्र के अनुकूल किस्मों के चयन और बीज उत्पादन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि को .0238 किस्म के लाल सड़न बीमारी के प्रति रोगग्राही हो जाने के कारण उसके स्थान पर को .शा. 13235, को .लख. 14201 ,को .15023 एवं को .शा 9232 , कोशा 17231 को 0118 आदि किस्मों की बुवाई बीज उपचार के बाद ही करे। साथ ही बुवाई से पूर्व खेत की तैयारी में गहरी जुताई करे। गन्ना पर्यवेक्षक सोनपाल ने किसानों को गन्ना विकास विभाग की ओर से संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कृषक भाई बुवाई के लिए हेतु बीज एवं भूमि इलाज के लिए रसायन समिति से क्रय करे, जिस पर डीबीटी के माध्यम से 900 रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान दिया जा रहा है। किसानों को महिला स्वयं सहायता समूह के गठन व उनकी कार्यप्रणाली के रूप में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर अधिक उत्पादन लेने वाले गन्ना व पशुपालन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर सुरेंद्र पटेल, यशपाल,सोनपाल एवं संजीव कुमार, पुष्पराज सिंह,महावीर त्यागी गन्ना पर्यवेक्षक के साथ -साथ रोशन लाल, आशेराम,नत्थूलाल, हरदयाल, प्रेमपाल ,कुंवरपाल , चेतराम,रमेश कुमार आदि सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे।

शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : आगामी त्योहारों को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए थाने में शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी ने थाना परिसर में प्रधानों और ग्रामीण के साथ चर्चा की। लोगों को त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। शिवरात्रि, होली, और रमजान को देखते हुए थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने शांति एवं कानून व्यवस्था, आपसी सौहार्द बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने को लेकर अपील की गई। उन्होंने कहा कि इस कस्बे का इतिहास रहा है सभी धर्म के लोग आपस में मिल जुलकर भाई चारे के साथ एक दूसरे का त्योहार मनाते है। जो देश में लोगों को एक संदेश देता है। बैठक में पहुंचे लोगों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर थाना प्रभारी के अलावा कस्बा के सभासद प्रेम कुमार, सतीश महेश्वरी व सूरज राठौर आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

कृषि उत्पाद संगठनों की कार्यक्षमता बढ़ाने पर जोर

मंडलीय बैठक में मौजूद अधिकारी और एपीओ के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : संयुक्त विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सोमवार को आयुक्त सभागार में कृषक उत्पादक संगठनों के कार्यक्षमता विकास पर कार्यशाला हुई। इसमें मंडल के बेहतर कार्य करने वाले डेढ़ सौ कृषक उत्पादक संगठनों ने महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

राकेश कुमार, निदेशक गंगा भूमि सीड फार्मर प्रोड्यूसर शाहजहांपुर ने बताया कि पराली प्रबंधन और जैविक खेती पर विशेष कार्य किया जा रहा है। ओमप्रकाश, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी नवाबगंज ने बताया कि गन्ना की पौध बनाकर किसानों को वितरित की जाती है जिससे उपज में बढ़ोत्तरी हो रही है। जयेन्द्रपाल बीसलपुर पीलीभीत के एफपीओ ग्रामोदय फार्मर ने यूपी एफपीओ शक्ति पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन से जुड़ी जानकारी चाही जिसका निराकरण वरिष्ठ सलाहकार एग्रीकल्चर टेक्नीशियन सुभाष ने किया। एग्रीकल्चर टेक्नीशियन प्रदीप कुमार ने यूपी एफपीओ शक्ति पोर्टल की विस्तार से जानकारी दी। संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. राजेश कुमार ने समस्त कृषक उत्पादक संगठनों को आश्वस्त किया कि समय से समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सीडीओ जग प्रवेश, शाहजहांपुर के संयुक्त कृषि निदेशक, बरेली मंडल के उप कृषि निदेशक (कृषि रक्षा), उप निदेशक उद्यान, उप निदेशक, मत्स्य, समस्त जिलों के जिला गन्ना अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी के अलावा कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र आदि मौजूद रहे।

पूर्व राज्यमंत्री के भाई से 1.33 लाख रुपये की ठगी

बदायूं, अमृत विचार : उझानी के पशुधन प्रसार अधिकारी और व्यापारी के बाद अब पूर्व राज्यमंत्री भूपेंद्र सिंह उर्फ दद्दा के भाई को निशाना बनाया। उसने एक लाख 33 हजार रुपये की ठगी कर ली। नगर पंचायत गुलड़िया निवासी भूपेंद्र सिंह उर्फ दद्दा पूर्व राज्यमंत्री हैं। उनके भाई दिग्विजय सिंह ईंट भट्ठा संचालक हैं। चार दिन पहले उन्होंने कोयला मंगवाया था। कोयला भरा ट्रक ईंट भट्ठे पर पहुंचा। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक भट्ठे पर पहुंचे। ट्रक चालक को साइड में बैठा दिया। कहा कि ट्रक से कोयला उतर जाने दो उसके बाद भुगतान करा देंगे। ट्रक चालक उन बाइक सवारों को ईंट भट्ठे का मुनीम समझ बैठा। वहीं दिग्विजय सिंह समझे कि बाइक सवार युवक कोयले का भुगतान लेने आए हैं। ट्रक से कोयला उतरने के बाद उन लोगों के मांगने पर दिग्विजय सिंह ने उन्हें एक लाख 33 हजार रुपये दे दिए। जिसके बाद उन्होंने ट्रक के चालक से कहा कि अभी कुछ देर के बाद आकर रुपये दे देंगे और बाइक से वहां से चले गए।

बिना जांच कर्मचारियों की बर्खास्तगी से नरमू नाराज

बरेली जंक्शन प्रदर्शन करते नार्दन रेलवे मेन्स यूनियन के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ऑपरेटिंग विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती, समय पर 30 घंटे के विश्राम की मांग को उठाया

अमृत विचार : फिरोजपुर मंडल के कठुआ में मालगाड़ी बिना लोको पायलट के दौड़ने (रोल डाउन) के मामले में लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, स्टेशन मास्टर और प्वाइंट्समैन को बर्खास्त करने के रेलवे के फैसले के खिलाफ रेलवे यूनियन में नाराजगी है।

बरेली जंक्शन पर एनआरएमयू के शाखा सचिव राजेश दुबे के नेतृत्व में रेल कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। यूनियन ने आरोप लगाया कि मालगाड़ी रोल डाउन होने के मामले में बिना जांच के ही काले कानून के तहत कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। रेल प्रशासन का यह रवैया तानाशाही से भरा है। पूरे मामले में पहले जांच होनी चाहिए थी। इसके अलावा शाखा सचिव राजेश दुबे ने रनिंग एवं ऑपरेटिंग विभाग में रिक्त पदों पर भर्ती, समय पर 30 घंटे का विश्राम आदि मांगों को उठाया। इस दौरान विवेक चौबे, सुनील साहू, रविंद्र कुमार, आशीष प्रसाद, ए के बहोला, तेजेंद्र विक्रम, प्रतीक शर्मा, केदार शर्मा आदि मौजूद रहे।

अनुबंधित बस की टक्कर से बच्ची समेत तीन की मौत

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: मोहम्मदी-गोला मार्ग पर सोमवार की शाम दिलावरपुर के पास रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन साल की बच्ची और युवती ने शाहजहांपुर अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। चार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मोहम्मदी से एक ई-रिक्शा सवारियों को लेकर गांव दिलावरपुर जा रहा था। दिलावरपुर मोड़ के पास सामने से गोला की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। ई-रिक्शा पर चालक समेत छह सवारियां थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे सड़क पर बिखर गए। हादसे में ई-रिक्शा में सवार बलिया जिले के गांव सिसोटर निवासी बुचिया देवी (55) की मौके पर मौत हो गई, जबकि ई रिक्शा चालक दिलावरपुर निवासी मुजीब (27), रुखसाना (37) अर्सलान (3) व आलिया (3) रवीना (26) और महरुन्निसा (32) गंभीर रूप से घायल हो गए।

बाइक पर आ गई झपकी, मां की गोद से बच्चा गिरा, घर पहुंचकर चला पता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

मां सुगंधा की गोद में एक वर्ष का बच्चा।

- कुछ देर बाद बालक के गिरने की हुई जानकारी, उड़ गए होश
- भाई की शादी से पति के साथ ससुराल लौट रही थी महिला

अमृत विचार : भाई की शादी से पति के साथ बाइक से लौट रही महिला को झपकी आई तो गोद में बैठा बच्चा रास्ते में गिर गया। कुछ देर बाद महिला को बाजानकारी हुई तो उसके होश उड़ गए। बालक को ढूंढने को पुलिस को सूचना दी गई।

थाना सिढ़पुरा के गांव कुचरानी निवासी अशोक की बेटी सुगंधा सोरों कोतवाली के गांव घुरनपुर में ब्याही है। सुगंधा के भाई अनुज का विवाह था। वह अपने पति ललित और एक साल के मासूम बच्चे के साथ भाई के विवाह में शामिल होने मायके आयी हुई थी। विवाह के सभी कार्यक्रम संपन्न हो जाने के बाद वह सोमवार को दोपहर पति के साथ बुलेट बाइक से वापस ससुराल घुरनपुर लौट रही थी। उसकी गोदी में एक वर्ष का मासूम बेटा था। गंजडुंडवारा से पहले सुगंधा की आंख लग गई तो रास्ते में उसकी गोद में बैठा बालक गिर गया। गंजडुंडवारा पहुंचने पर जब सुगंधा की आंख खुली तो उसके होश उड़ गए। इसकी जानकारी रिश्तेदार और पुलिस को दी गई। सभी लोग उसकी तलाश में जुट गए।

मां-बाप के साथ सो रही बच्ची को ले गया भेड़िया

लखीमपुर खीरी कार्यालय

- अधखाया शव बरामद, घर में मचा कोहराम

अमृत विचार: थाना शारदानगर क्षेत्र के गांव नवघन में रविवार की रात एक घर में घुसा भेड़िया माता-पिता के बीच में सो रही छह साल की बालिका को उठा ले गया।

परिवार के लोग जब तक शोर मचाते और बच्ची को बचाने की कोशिश करते इससे पहले ही वह बच्ची को लेकर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ परिवार वालों ने खोजबीन की तो गांव से करीब तीन सौ मीटर दूर गन्ने के खेत में बालिका का अधखाया शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गांव नवघन जिगनियां निवासी सुखराम ने बताया कि रविवार की रात वह पत्नी लक्ष्मी और छह साल की बेटी मोहनी के साथ घर के बाहर छप्पर के नीचे सो रहे थे। बच्ची बीच में लेटी हुई थी। रात करीब तीन बजे किसी के मौजूद होने की आहट हुई। पत्नी ने भेड़िया जैसे किसी जानवर द्वारा बच्ची को खींच कर ले जाते देखा तो शोर मचाया। शोर सुन कर लोग एकत्र हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के साथ गन्ने के खेतों की कांबिंग की। करीब तीन घंटे बाद बच्ची का अधखाया शव दो टुकड़ों में घर से करीब तीन सौ मीटर दूर बरामद हुआ। उसका धड़ सिर से अलग हो गया था। सिर का काफी हिस्सा भी जानवर ने खा लिया था। शरीर पर कई जगह जानवर के नोंचने के निशान मिले हैं। एहतिहात के तौर पर मौके पर वन विभाग की टीम गांव में तैनात कर दी गई है।

> जिस तरह शव मिला है, उससे प्रतीत हो रहा है कि बाघ या तेंदुआ बच्ची को नहीं ले गया। पैरों के निशान भेड़िया के लग रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मौके पर निगरानी टीम लगा दी गई है। रिपोर्ट मिलने पर जंगली जानवर का पता चल जाएगा।
> -अभय मल्ल, रेंजर-शारदानगर

विपक्षी दलों का होगा सूपड़ा साफ : सुषमा खर्कवाल

बहेड़ी, अमृत विचार : युवाओं में प्रधानमंत्री मोदी को लेकर जो उत्साह और लगाव है उसे देखते हुए यह पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि यूपी में भाजपा सभी सीटें जीतकर इतिहास रचेगी। यह दावा लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल ने प्रेसवार्ता में किया। उनका कहना है भाजपा के पीछे दूर दूर तक कोई पार्टी नहीं है। इसकी खास वजह यह है कि, प्रधानमंत्री ने देश के लोगों से जो भी वायदे किए, उन्हें पूरा करके दिखाया। कश्मीर में धारा 370 को हटाना हो या अयोध्या में मंदिर निर्माण। दोनों ऐसे ऐतिहासिक काम हुए जिनको लेकर पहले कोई उम्मीद भी नहीं कर सकता था। भाजपा नगर उपाध्यक्ष हरवंश गुप्ता के आवास पर अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए मेयर ने कहा कि कोरोना काल में समूचे देश को मुफ्त में राशन देने के साथ ही अपने देश के लिए वैक्सीन उपलब्ध कराने के साथ साथ अन्य देशों को भी वैक्सीन भिजवाई। अंदाजा लगाया जा सकता है कि मोदी की जगह कोई और प्रधानमंत्री होता तो हालात क्या होते। उन्होंने कहा कि बदले दौर में भाजपा को अछूत समझने वाला अल्पसंख्यक समुदाय भी तेजी से जुड़ रहा है। लोग समझते हैं कि, मोदी जो भी कर रहे हैं वह देश के हित के लिए जरूरी है।

स्मार्टफोन पाकर खिले छात्रों के चेहरे

मीरगंज, अमृत विचार : मुक्ता प्रसाद डिग्री कॉलेज शाही में स्नातक के फाइनल ईयर के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किए गए। प्रबंधक ने छात्रों को स्मार्टफोन से ज्ञान अर्जन करने का आह्वान किया।इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. दिनेश गंगवार और अध्यक्ष प्रमिला गंगवार ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश पांडे, राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ. शबाब मियां, लवप्रीत सिंह, मुनेंद्र गंगवार, पुष्पेंद्र,बनवारी लाल,ख्याली राम आदि उपस्थित रहे।

बदमाश को गोली मारकर दबोचा

पूरनपुर, अमृत विचार : व्यापारी के घर हुई 40 लाख की डकैती के बाद पूरनपुर में पुलिस और बदमाशों की तीन बार मुठभेड़ हो चुकी है। पुलिस की गोली लगने से घायल होने पर बदमाश पकड़े भी गए। मगर लूट की घटना का खुलासा नहीं हो पा रहा है। सोमवार को पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए एक बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उसका एक साथी फरार है। 30 जनवरी की रात रम्पुरा गांव निवासी किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के मकान में घुसे पांच बदमाश असलहों के बल पर परिवार को बंधक बनाकर 40 लाख का माल लूटकर ले गए थे। इस घटना का अभी तक पुलिस खुलासा नहीं कर सकी थी। नवागत एसपी अविनाश पांडेय ने नए सिरे से चार टीमों को सक्रिय कर सुरागरसी शुरू कराई है। घटना के बाद से अब तक दो बार पुलिस की अपराधियों से मुठभेड़ हो चुकी है। रविवार रात तीसरी मुठभेड़ हुई। रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे पुलिस टीम घुंघचिहाई-बंडा रोड पर गश्त कर रही थी, इसी दौरान सामना हो गया।

गड़ा धन निकालने का झांसा देकर 2.46 लाख रुपये ठगे

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- ठगों ने असली नोट बदल कर गड्ढे में रख दिए चूरन वाले नोट

अमृत विचार: घर के अंदर गड़ा धन निकालने का झांसा देकर चार युवकों ने थाना फूलबेहड़ के गांव जदीदपुरवा निवासी एक महिला से 2.46 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव जदीदपुरवा निवासी लालती देवी पत्नी बालेश्वर ने बताया कि एक माह पहले इसी थाना क्षेत्र के गांव मंगलीपुरवा निवासी युनुस उर्फ कुटन्ने अपने रिश्तेदार फन्ने अली निवासी ग्राम मिर्जागंज और अन्य दो अज्ञात लोगों को लेकर उसके घर आया। घर में गड़े धन (सोना) की बात बताई और कहा कि हमारे पास ऐसे बाबा हैं जो तुम्हारे घर में गड़ा धन (15 किलो सोना) निकाल लेंगे। आरोप है कि यूनुस उर्फ कुटन्ने ने अज्ञात व्यक्ति को 35 हजार रुपये दिलवा दिए। उसके बाद यूनुस उर्फ कुटन्ने के साथ आए व्यक्तियों ने कहा की घर में पूजा होगी, जिसमें 2,11,000 रुपये नगद रखना पड़ेगा, तभी सोना निकलेगा। 23 फरवरी 2024 को सभी आरोपी उसके घर आए। रात करीब 11 बजे पूजा पाठ के बहाने 2,11,000 रुपये लाल कपड़े में बांधवाकर घर में गड्ढा खोदकर रखने की बात कही तो उसने आरोपियों को रुपये दे दिए। आरोपियों ने उसे पानी लेने के लिए भेज दिया।

इस बीच चूरन वाले नोट उसी कपड़े में बांध दिए। वह पानी लेकर आई तो उसके सामने लाल कपड़ा जमीन में गाड़ दिया और एक घंटा इंतजार करने की बात कही। सभी आरोपी बहाना बनाकर चले गए। उसने लाल कपड़ा खोला तो उसमें चूरन वाले नोट रखे थे। एसओ आलोक धीमान ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है।

हत्या के दोषी दंपती को आजीवन कारावास

बदायूं। घर में घुसकर हत्या करने के दोषी पति-पत्नी को अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. मोहम्मद इलियास ने आजीवन कारावास और 24-24 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। थाना उसावां क्षेत्र के गांव बरकतगंज निवासी रोहित पुत्र बदन सिंह ने 24 जनवरी 2019 को थाने तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके घर पर पक्की चुनाई का काम होने को था। जिसके लिए वह सामान लेकर जा रहे थे। इसी दौरान सुबह लगभग छह बजे पड़ोस में रहने वाला अजीत और उसकी पत्नी सोनी उनके घर में घुस आए। गाली देते हुए मारपीट करने लगे। बचाने पहुंचे उनके पिता बदन सिंह पहुंचे। अजीत और सोनी ने उन्हें पीटा जिससे उनकी मौत हो गई।

एसडीएम ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

नवाबगंज, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को देखते हुए उपजिलाधिकारी एन. राम ने सोमवार को नवाबगंज के गांव रूपपुर, भोलामानपुर, पैगा, मल्लपुर, हन्सा, घाटमपुर व सैदपुर के प्राथमिक पाठशालाओं में बनाए जाने वाले मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान पानी, रैंप आदि की व्यवस्थाएं उन्हें चाक चौबंद मिलीं।

पंचेश्वर नाथ मंदिर में लगती है श्रद्धालुओं की कतार

संवाददाता, फरीदपुर

महाभारत कालीन पंचेश्वर नाथ मंदिर।

अमृत विचार : महाशिवरात्रि पर फरीदपुर के पचौमी के पंचेश्वर नाथ मंदिर पर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर बाबा का अभिषेक करेंगे। पंचेश्वर नाथ मंदिर फरीदपुर कस्बे से 5 किमी दूर लखनऊ राष्ट्रीय राज मार्ग से 500 मीटर ग्राम पचौमी में स्थित है । ऐसी मान्यता है कि ये मंदिर महाभारत कालीन युग का है। द्वापर युग में जब पांडवों को दुर्योधन ने 12 वर्ष का वनवास दिया था। उस समय पांडव यहां आये थे। ऐसा माना जाता है उस समय इसका नाम चक्रा नगरी, पंचमगढ़ था। जो बाद में अपभ्रंश के कारण पचौमी हो गया। मान्यता है यहां पर पांडवों ने इस क्षेत्र में पांच मंदिर की स्थापना की। जिसमे पंचेश्वर नाथ मदिर, मोहल्ला परा स्थित शिव मंदिर, ग्राम सिसैया, बिल्हुआ और पहलऊ का शिव मंदिर ।

पंचेश्वर नाथ शिव मंदिर के महंत रामगिरि ने बताया कि महाभारत समय में इस स्थान को पंचम गढ़ कहा जाता था और यहां हिडिंब का वास था। जिसके लिए प्रतिदिन यहां से भोजन जाया करता था। जब यहां पांडव आए और यहां के ग्रामीणों की समस्या का पता चला तो माता कुंती ने हिडिंब के भोजन की जिम्मेदारी स्वयं ले ली और अपने पुत्र भीम को भेज दिया। भीम ने हिडिंब का वध कर दिया और उसकी बहन हिडिंबा से विवाह कर लिया जिससे उसके पुत्र घटोत्कच का जनम हुआ। इस मंदिर से जुड़े कई किस्से यहां के लोगों की जुबान पर रटे हैं। इसलिए यहां सावन और महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

मृदा परीक्षण के बाद ही किसान फसल उगाएं

भोजीपुरा, अमृत विचार : राष्ट्रीय कृषि विकास योजनानुसार फसलों में परीक्षण एवं प्रर्दशन से संबंधित तकनीकी और वैज्ञानिक जानकारी के लिए किसान मेला एवं कृषि ज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान संगोष्ठी में वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों ने अच्छी पैदावार लेने और फसलों के रख रखाव से संबंधित किसानों को जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक वीणा यादव ने किसानों को उन्नतशील खेती करने उपायों पर विस्तार से चर्चा की। विभिन्न फसलों के स्ट्रेस के परीक्षण के संबंध में केंद्र के परीक्षण प्रभारी मुरारीलाल गंगवार ने विस्तार से जानकारी दी। वैज्ञानिक निष्ठा रावत ने किसानों से जैविक खेती के संबंध बताते हुए कहा जैविक खेती बेहतर और सुरक्षित पैदावार की जा सकती है। मृदा परीक्षण प्रभारी अवधेश कुमार ने कहा कि मृदा परीक्षण कराने के बाद ही किसान फसल उगाएं। किन- किन पोषक तत्वों की कमी है। किसान मेले में विभिन्न संस्थाओं के स्टाल लगाए गए। स्टालों पर किसानों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक शोध, गणेश प्रसाद दुबे,डा सुरेन्द्र प्रताप,महेश कुमार,कृतज्ञ गंगवार,समेत जिलेभर के किसान पहुंचे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।
मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्य चापि नियोजयेत्॥

मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए। मंत्र के समान गुप्त रखकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। गुप्त रखकर ही उस काम को करना भी चाहिए।

संपादकीय

बड़ा कदम

उच्चतम न्यायालय ने सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। संसद या विधानसभाओं में पैसे लेकर वोट डालने वाले नेताओं को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। यह फैसला ऐतिहासिक है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के एक फैसले को बदलते हुए कहा कि चयनित प्रतिनिधियों को मिला विशेषाधिकार उन्हें घूसखोरी के मामले में कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। दरअसल, साल 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री बने। लेकिन जुलाई 1993 के मानसून सत्र में ही राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आ गया। तब आरोप लगे कि शिबू सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों ने पैसे लेकर लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोटिंग की। वर्ष 1998 में पांच सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाया था कि सांसदों और विधायकों को संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) द्वारा प्रदत्त संसदीय विशेषाधिकारों के तहत विधानसभा में भाषण देने और वोट देने के लिए लिए मुकदमा चलाने से छूट दी गई है।

अब नया मामला तब सामने आया जब सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन के एक कथित रिश्वत मामले की सुनवाई कर रहा था। सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत ली। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने कहा कि पैसे लेकर वोट डालना हमारे लोकतंत्र के लिए जहर के बराबर है। भ्रष्टाचार करने और घूस लेने वाले विधायक-सांसद भारत के संसदीय लोकतंत्र को तबाह कर रहे हैं। यानि नए फैसले के तहत अगर कोई सांसद या विधायक पैसे लेकर सदन या विधानसभाओं में वोट देता है या भाषण देता है तो उसके खिलाफ मुकदमा चलेगा। उन्हें जनप्रतिनिधि के तौर पर मिलने वाला विशेषाधिकार कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। अब सीता सोरेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस फैसले का असर महुआ मोइत्रा पर भी दिखाई दे सकता है। उन पर भी रिश्वत लेकर सदन में सवाल पूछने का आरोप है। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को शानदार करार दिया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा। भारतीय राजनीतिक परिदृश्य से मूल्य गायब हैं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय के इस फैसले को राजनीति में नैतिकता या राजनीतिक शुचिता की दिशा में बड़ा कदम कहा जा सकता है।

किसानों पर पड़ी कुदरती मार की भरपाई कैसे होगी

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं।

बदलते मौसम के मिजाज और अचानक हुई घनघोर बारिश ने अपने रौद्ररूप से अन्नदाताओं की एक बार फिर कमर तोड़ दी। खेतों में इस वक्त गेहूं की अधपकी फसल खड़ी है जिसे तेज बारिश और मोटे-मोटे ओलों ने जमींदोज कर दिया। बीते शनिवार की शाम और रविवार की रात में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर हुई बारिश ने खेतों में खड़ी हरी फसलों को पूरी तरह से चौपट कर डाला। जबकि ये सीजन तिलहन और फूल लगे दलहन फसलों का है, उन्हें भारी नुकसान हुआ।

प्रकृति के इस परिवर्तनकारी रवैये के आगे किसी का कोई जोर भी नहीं चलता। खेती किसानी पर वैसे ही संकट के बादल गुजरे कुछ सालों से मंडराए हुए हैं। फसलों को उगाने में किसान जितनी लागत लगाता है उतना वसूल भी नहीं पाता। खेती में उन्हें लगातार घाटा होता चला जा रहा है। ऊपर से कुदरत की कहर बरपाती मार उन्हें परेशान कर देती है। दो दिनों में बारिश से हुई इस लोक हानि की भरपाई कौन करेगा? इसकी गारंटी शायद कोई नहीं देगा।

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं। लाखों के नुकसान पर मात्र कुछ सौ रुपए या एकाध हजार का ही मुआवजा देकर मामले को रफादफा कर दिया जाता है, जो किसानों की नुकसान की भरपाई नहीं कर पाता।

गौरतलब है बेमौसम बारिश विगत कई वर्षों से लगातार हो रही है। तभी होती है जब फसलें पककर खेतों में खड़ी होती हैं। पिछले कई वर्षों से कमजोर मानसून मुख्य कारण तो बना ही हुआ है जिससे धान की फसल का उत्पादन घट गया है, पर इस बार रबी फसल की बुवाई और मौसम अनुकूल रहने के कारण गेहूं और तिलहन की फसल अच्छी हुई थी, लेकिन कुदरत के कहर और बेमौसम बारिश ने रबी की फसलों को पलभर में तहस-नहस कर दिया। तेज हवा के झोंकों ने बाली दे चुके गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। फसल का दाना पुष्ट नहीं हुआ था, इससे वो सड़ जाएगा। निश्चित रूप से अकाल वृष्टि ने हमारे कृषि क्षेत्र की भेद्यताओं को कहीं का नहीं छोड़ा। बारिश को आमतौर पर एक वरदान कहा जाता है, लेकिन समय पर हो तब?

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग, दुर्बल पश्चिमी विक्षोभ और प्रबल उष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम हाल में हुई बेमौसम बारिश के प्रमुख कारण हैं। अन्य कारणों को देखें तो अल नीनो एक मौसमी परिघटना है जो तब होती है, जब पश्चिमी प्रशांत महासागर का गर्म जल पूर्व की ओर प्रवाहित होता है जिसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति, जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों में बेमौसम बारिश की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। इसलिए कुल मिलाकर बेमौसम बारिश का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन ही है। वैसे मानवीय गतिविधियां भी बदलते मौसम मिजाज का कारण हैं। जंगलों की कटाई, शहरीकरण और प्रदूषण जैसी इंसानी गतिविधियां भी इसमें भरपूर योगदान देती हैं। वनों की कटाई जल चक्र को बाधित करती हैं। वहीं शहरीकरण और प्रदूषण सूक्ष्म-जलवायु को प्रभावित करती हैं जिसके चलते मौसम बदलाव के लिए करवट लेना आरंभ करता है।

फिलहाल मार्च लगते ही बेहताशा बारिश ने पूरे देश को सराबोर कर दिया है। कई जगहों पर तो बहुत मोटे-मोटे ओले पड़े जिससे फसलें खेतों में ही गिर गई, जब तक दोबारा उठ पाएंगी, तब तक उसका दाना सड़ चुका होगा। सरसों, सब्जियां, दालें, प्याज आदि की फसलों को कुछ ज्यादा ही नुकसान हुआ है। ये ऐसी फसलें होती हैं, जो बहुत कमजोर मानी जाती है, हल्की बारिश में भी खराब हो जाती हैं। अन्नदाता बर्बाद हुई फसलों को देखकर कलेजा पकड़कर खेतों में बैठे हैं। उनके रोने-चिल्लाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैर रही हैं, जिन्हें देखकर हम सभी परेशान हैं। किसान सरकारों से उम्मीद लगाए हैं कि उन्हें उनकी फसलों के नुकसान पर वित्तीय सहायता मिलेंगी। सहायता मिलनी भी चाहिए, आखिर उनकी छह महीने की कमाई पर पानी जो फिरा है। ऐसे में उन्हें सिर्फ उम्मीदें हुकूमतों से ही होती हैं, किसानों की वो उम्मीदें नहीं टूटने देनी चाहिए। हालांकि फसलों की सुरक्षा के लिए वैसे तो केंद्रीय स्तर पर कई योजनाएं अमल में हैं, लेकिन शायद कुदरती आपदाओं के वक्त किसानों को उनकी सुविधाएं तब मिल नहीं पाती। 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना', प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना' जैसी कई बेहतरीन पहलें हैं, लेकिन कम जोतकार किसान इन योजनाओं का फायदा नहीं उठा पाता। वर्ष-2016 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'फसल बीमा योजना', जो प्राकृतिक आपदाओं, कीटों या बीमारियों के कारण फसल खराब होने या नुकसान की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

इस योजना के तहत किसानों को नॉमिनल प्रीमियम देना होता है और शेष राशि का भुगतान सरकार करती है। प्रीमियम की दरें फसल के प्रकार, अवस्थिति और किसान द्वारा चुने गए कवरेज के स्तर के आधार पर तय होती हैं। यह योजना सभी खाद्य एवं तिलहन फसलों और वाणिज्यिक एवं बागवानी फसलों को दायरे में लाती हैं। दरअसल दिक्कत ये है कि मध्यम स्तर का किसान अपनी फसलों की गारंटी या बीमा नहीं करवाता। मात्र छह फीसदी सीमांत व बड़े किसान ऐसे हैं, जो इस योजना को फॉलो करते हैं।

बहरहाल मसला इस वक्त ये है, बैमौसम बारिश से हुए नुकसान से किसानों को उभारने का, सरकारी स्तर पर उनकी हर संभव सहायता होनी चाहिए। हालांकि फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को 'कृषि निवेश अनुदान योजना' के तहत 'राज्य आपदा मोचक निधि' से सहायता देने का निर्णय हुआ है। जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वो कैंप लगाकर सर्वे करवाएं। किसानों की फसलों का 33 प्रतिशत या उससे अधिक का नुकसान होने पर सूचनार्थ रिपोर्ट शासन को भेजने का आदेश दिया गया है।

प्रसंगवश

न्यौता न मिलने का दर्द

दर्द की जो अनेक किस्में हैं उसमें शादी में न्यौता न मिलने का जानलेवा दर्द भी शामिल है। खासकर ऐसे किसी के यहां होने वाली शादी जिसके बारे में आप अपने खास होने का मुगालता पाले हों। सबसे पहला झटका तब लगता है जब ऐसे किसी तथाकथित खास के यहां ब्याह होने की खबर किसी और से मिलती है। किसी और से पता चलना दुखी कर जाता है। फोन कॉल आने की उम्मीद बंधी रहती है, पर मन तैयारियां भी करने लगता है शादी में जाने की। आदमी अपने परिवार में सरसरी तौर पर जिक्र करता है। मन में पूरी उम्मीद लिए, उदासीन दिखने की कोशिश करता है।

फिर वक्त बीतता है। शादी की तारीखें नजदीक आने लगती हैं। बताने वाले, शादियों का कार्यक्रम, पूरा ब्यौरा फुसफुसा जाते हैं। बस वही से खबर नहीं आती जहां से उसे आना चाहिए था और फिर न्यौता मिलने की भी किस्में होती हैं। एक विधान तय है इसका। किसी से खुद आकर न्यौता देने की उम्मीद की जाती है। बहुत बार हम चाहते हैं कि न्यौता देने वाला सपरिवार आए। यह भी देखा जाता है कि न्यौता कितना गर्मजोशी भरा या औपचारिक था। कार्ड आया है या नहीं? ई कार्ड को न्यौता माना जाए या नहीं? एक बार कहने भर से शादी में जाना ठीक लगेगा भी या नहीं? हमसे ही दोबारा मनुहार क्यों नहीं की गई? ऐसे सवाल तंग करते हैं और बंदा जाने या न जाने की ऊहापोह में फंसा रहता है।

फिर शादी की तारीख और नजदीक आती है। जाहिर है न्योता देने वाला या तो आपको जानबूझकर कर भूल चुका या शादी की तैयारियों के चलते वह ऐसा करने से चूक गया है। आप पहले अनमने होते हैं। फिर खीझते है और बहुत जल्दी नाराज होने लगते है। सामने वाला अहसान फरामोश लगने लगता है। उसकी कृतघ्नता, उसकी कृपणता चिड़चिड़ा कर जाती है। हमने इसके लिए क्या-क्या नहीं किया जैसी बातें याद आने लगती हैं। इस नाराजगी की चपेट में बहुत बार कोरियर और डाक तार वाले भी आ जाते हैं। चूंकि न्यौता को नहीं आने वाला होता है इसलिए नहीं भी आता है। इस दर्द को बढ़ाते हैं वो लोग जिन्हें न्यौता मिल चुका होता है। वो आपसे जानना चाहते हैं कि शादी में चलने बाबत आपका क्या कार्यक्रम है। आप मन की नाराजगी थामते हुए मुस्कराते हैं। अपनी व्यस्तताओं का ब्यौरा पेश करते हैं आप। यह बताते हैं कि उसी दिन आपकी बुआ की लड़की की ननद की शादी है, ऐसे में आपका शादी में जाना मुमकिन नहीं। आप यह बताते हैं किसी जरूरी मीटिंग में होंगे उस दिन आप। आपकी पत्नी के घुटनों में दर्द है। आप उसे दुनिया भर की बातें बताते है, बस आप यह नहीं बता पाते कि आप न्यौते से वंचित रह गए हैं या कर दिए गए हैं। फिर आपके बिना शामिल हुए शादी हो जाती है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

इंस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर पर दूल्हा-दुल्हन और दूसरे तमाम निमंत्रित लोग मुस्कराते दिखते हैं आपको। आपको लगता है ये सब आपको चिढ़ाने के प्रयोजन से है। शादी में शामिल लोग लौटकर मिलते हैं आपसे। बताते हैं आपसे कि शादी जोरदार रही। ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर तक की खबरें विस्तार से पेश की जाती हैं। वहां हासिल शराब की नदियों का ज़िक्र होता है। वहां की भव्यता को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है और फिर आखिर में आप की कमजोर नस दबाई जाती है। आपसे पूछा जाता है कि आप क्यों नहीं दिखे शादी में? आप का दिल चाहता है कि सामने वाले का गला दबा दिया जाए। आप यह भी चाहते हैं कि शादी बाबत कोई सनसनीखेज गॉसिप सुनने को मिले। आप शादी में हुए किसी लफड़े के बारे में जानने को व्यग्र रहते हैं। ऐसी खबरें आपको थोड़ी तसल्ली देती हैं और ऐसा कुछ न होने पर आप थोड़ा और नाराज हो जाते हैं। मन ही मन कसम खाते हैं कि इस घटिया आदमी को अपने पिंटू, या बेबी की शादी में हरगिज हरगिज नहीं बुलाएंगे।

हमारे देश में देवता सोते-जागते रहते हैं। जब तक वे जागे हुए रहते हैं, शादियां होती है। ऐसे में शादियां रुक-रुक कर सालभर चलती हैं। जब भी शादियां होती है, हर बार हमारे कुछ भुलक्कड़ या शातिर अपने, हमें शादी में बुलाना भूल जाते हैं। जब भी ऐसा होता है, दर्द होता है दिल में और लंबे वक्त तक बना रहता है।

हमारे ज्ञान और आचरण के बीच बड़ा अंतराल

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अत: यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें।

बचपन में सुनते थे कि भारत कृषि प्रधान देश है, पर आज साफ लगता है कि कृषि प्रधान देश के साथ भारत धर्म परायण देश भी है, कर्मकांड प्रधान देश भी है, राजनैतिक अनैतिकताओं का देश भी है, भ्रष्टाचार पसंद देश है। खुले आम आया राम गया राम का देश है। राजनैतिक नैतिकता और सत्यता लहू लुहान है और अफसोस है कि लोग बेफिक्र है, ताली बजाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

इस संदर्भ में अंग्रेज विचारक-साहित्यकार अल्डस हक्सली याद आ रहे है। हक्सले अपने भविष्यदर्शी उपन्यास 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। 1939 के बाद अपने अमेरिकी प्रवास के दौरान दक्षिणी कैलिफोर्निया वेदांत संस्थान के स्वामी प्रभावानंद से वह बहुत प्रेरित हुए। वर्ष 1941 से 1960 तक उन्होंने इस संस्थान द्वारा प्रकाशित 'वेदांत और पश्चिम' पत्रिका के लिए 48 लेख लिखे। 1944 में उन्होने 'भगवद् गीताः प्रभु का गीत' नामक श्रीमद्भगवद्गीता के एक अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका लिखी। वह भारत से बहुत प्यार करते थे। जनवरी 1926 में वह भारत घूमने आए और उन्होंने एक छोटा-सा निबंध 'बनारस' 14 जनवरी 1926 को लिखा था।

उल्लेखनीय है कि जिस दिन हक्सली वाराणसी आए थे वह मकर संक्राति की ग्रहण स्नान का दिन था। हक्सले के अनुसार लाखों-लाख श्रद्धालु स्त्री-पुरुष, बूढ़े-बच्चे, धनी-गरीब, छोटे-बड़े झुंडों में दूर-दूर से धूल फांकते पैदल चलकर बनारस की घाटों पर इकट्ठे हुए थे। ग्रहण की स्थिति में ही सूर्योदय होना था। भारत में यह ग्रहण अत्यंत आंशिक था जिसे जाड़े में सुबह नंगी आंखों से देख पाना संभव नहीं था, लेकिन भारतवासियों की आस्थावान आंखें अचूक थीं। सूर्योदय होते-होते हजारों-हजार की भीड़ पवित्र डुबकी के लिए बेचैन हो उठी। घना कुहरा और भयानक ठंड के बावजूद लोग तेजी से घुटने अथवा कमर भर पानी में खड़े होते, कुल्ला करते, खंखारते, थूकते, अपने देवता सूर्य को जल अर्पण करते, जोर-जोर से मंत्रोचार करते, राम-नाम रटते और दो-चार डुबकी लगाकर नदी से बाहर निकल आते। यह अंतहीन क्रम चलता रहता। कारण?

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अतः यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें। उसे यह भी विश्वास है कि इस संकट की घड़ी में पूजा, स्नान आदि से उसके देवता को प्रेरणा व प्रोत्साहन मिलता है और वह दुष्ट राक्षसों को पराजित करने में सक्षम होता है। निबंध में मुख्यतः तीन बातों पर प्रकाश डाला गया हैः एक, हिंदू जीवन-दृष्टि सामाजिक विवेक पर नहीं, बल्कि धार्मिक अंधविश्वासों पर टिकी है। दो, भारतवासियों को धर्म और ईश्वर की नहीं, बल्कि सोच और नास्तिकता की आवश्यकता है और तीन, बुद्धि और कल्पना जो मनुष्य की विशिष्टता के आधार हैं, कभी-कभार जानवरों से भी बदतर बन जाने के लिए विवश करते हैं।

हमें आज हक्सले की कही बातें कुछ कड़वी लग सकती हैं, पर विदेशी लेखक सामान्यतः जो सोचते हैं, वही लिखते हैं, छिपाते नहीं हैं। इस पर बहस की जा सकती है, पर आज भी यह तो हमें भी लगता है कि भारतीयों की तमाम आस्थाएं ज्ञान पर नहीं टिकी है? हमारे ज्ञान और हमारे आचरण के बीच बड़ा अंतराल है वरना शायद हम शायद इतने कर्मकांडी न होते, हम अनैतिकता और झूठ बर्दाश्त नहीं करते। 'सब चलता है' यह हमारी सोच में न घुसता। नाजिम हिकमत की लाइनें याद आ रही हैं-'अगर हम नहीं जलेंगे/ अगर तुम नहीं जलोगे/अगर हम सब नहीं जलेंगे /तो इस अंधेरे में/उजाला कौन भरेगा?'

सोशल फोरम

अपनी मिट्टी का संगीतकार

जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

स्वर्गीय फणीश्वर नाथ रेणु को अपनी मिट्टी का कथाकार कहा जाता है। उनके दो उपन्यासों- 'मैला आंचल', 'परती परिकथा' और उनकी दर्जनों कहानियों के पात्रों की जीवंतता, सरलता, निश्छलता और सहज अनुराग हिंदी कथा साहित्य में संभवतः पहली बार घटित हुआ था।

हिंदी कहानी में पहली बार लगा कि शब्दों से सिनेमा की तरह दृश्यों को जीवंत ही नहीं किया जा सकता, उनसे संगीत की सृष्टि भी की जा सकती है। रेणु ने लोकगीत, ढोल-खंजड़ी, लोकनृत्य, लोकनाटक, लोक विश्वास और किंवदंतियों के सहारे बिहार के कोशी अंचल की जो जीवंत और संगीतमय तस्वीर खींची है, उससे गुजरना एक बिल्कुल अलग-सा और असाधारण अनुभव है। उनकी तुलना अक्सर कथासम्राट प्रेमचंद से की जाती है।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

मेरी अपनी समझ से रेणु प्रेमचंद से आगे के कथाकार हैं। प्रेमचंद में गांव का यथार्थ है, रेणु में गांव का संगीत। प्रेमचंद को पढ़ने के बाद हैरानी होती है कि इतनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों के बीच भी किसान अपने गांव, अपने खेत से बंधा कैसे रह जाता है। रेणु का कथा संसार यह रहस्य खोलता है कि जीवन से मरण तक गांव के घर-घर से उठते संगीत और मानवीय संवेदनाओं की वह नाजुक डोर है, जो लोगों में अपनी जड़ों, अपनी मिट्टी और अपने रिश्तों के प्रति असीम राग पैदा करती है।

जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

-फेसबुक वॉल से

और न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी

बचपन में कहानी सुनते थे कि हमारे गांव के बाबू ने अपने छोटे भाई की शादी में परफॉर्म करने के लिए बनारस से कलाकार बुलाए थे। जब बाजार में तीन रुपए किलो रोहू मछली बिकती थी तब बनारस वाली उस टोली को तीन हजार रुपये देने की चर्चा दस-दस कोस दूर के गांवों तक हुई थी। बाबू सैकड़ों बीघे खेत के मालिक थे। इलाके के बड़े बबुआनों में नाम था। उनके खेतों में खलिहानों में न जाने कितने लोग काम करते थे। औरतें भी, मर्द भी। मडुआ, मकई तौल कर मजदूरी में देते थे। गांव के श्रमिक उनके खेतों में खूब काम करते थे। मौसम साथ देता तो अक्सर अच्छी उपज भी होती। बाबू मय खानदान फलते-फूलते रहे।

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

दुर्गा पूजा में नाटक कंपनी भी गांव में आती थी जिसकी मेजबानी वही करते थे। दो दृश्यों के बीच में नटुआ नाचता तो मौज में आकर उसे नकद इनाम भी देते थे। गांव के श्रमिकों ने अथक मेहनत से फुद्दी बाबू की बबुआनी को बनाए रखा। बदले में सपरिवार भरपेट भोजन भी नसीब नहीं तो इसे नसीब का खेल माना। जमाना बदला। बाबुओं की रौनक भी घटी। रौनक शिफ्ट हुई नए दौर के बाबुओं के आंगन में। बोले तो बड़े बिजनेस मैन। सम्मान से बुलाओ तो उद्योगपति कहो, फिलॉसफी से बुलाओ तो पूंजीपति कहो। बाबुओं के जमाने में सरकारों के पास उतने पैसे नहीं होते थे कि सबको मुफ्त अनाज दो, मुफ्त मकान दो। टैक्स देने वाले मिडिल क्लास का उतना विकास और विस्तार नहीं हुआ था, अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाली नई प्रौद्योगिकियों का जलवा कायम नहीं हुआ था। तो उस टाइम गरीब बीमारी से मरते थे, अक्सर भूख से भी मरते थे। काम बाबू का करते थे, अनाज की कोठरियां उनकी भरते थे। खुद भूख और बीमारी झेलते, अपने नसीब को रोते एक दिन मर जाते थे। अब जमाना बदला है। देश ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था के दौर में है। अब टैक्स लेने और देने का अच्छा सिस्टम है। आमदनी बढ़ी है तो टैक्स भी बढ़ा है। नए दौर के बाबुओं के कर्मचारी भूख से नहीं मरें, इसका इंतजाम सरकार करती है। बीमारी के इलाज के लिए मुफ्त बीमा के कार्यक्रम सरकार अपने फंड से चलाती है।

जीतोड़ मेहनत से काम मालिक का करेंगे, लेकिन जीने के लिए न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी। अब अगर वेडिंग नहीं, प्री वेडिंग में ही हजारों करोड़ खर्च कर दिए जाएं। रिहाना को महज कुछ घंटों के परफॉर्म के लिए चौहत्तर करोड़ खर्च दिए जाएं, लेकिन मालिक की रिटेल चेन के निचले दर्जे के कर्मचारियों की विशाल फौज से जाकर मिलिए, उन्हें देखिए, जानिए। वे लगातार काम करते हैं, अथक मेहनत करते हैं, मामूली पगार पाते हैं। इतनी ही कि वे और उनका परिवार इस पर जी नहीं सकते। वे शहरों में सर की सेवा में लगे हैं। उनके बिजनेस के लिए उनके मुनाफे के लिए पूरा टाइम, पूरी एनर्जी खर्च करते हैं। उधर गांव में उनके बूढ़े और अशक्त माता-पिता मुफ्त अनाज की लाइन में खड़े हैं, उनके बच्चे मुफ्त किताबों, पोशाकों और मिड डे मील की लाइन में खड़े हैं।

आंकड़े बताते हैं कि पिछले दस-पंद्रह वर्षों में जितनी तेजी से भारत के अरबपतियों की समृद्धि में वृद्धि हुई है उतनी दुनिया के किसी और देश में नहीं। मुफ्त अनाज लेने वाली 85 करोड़ आबादी में न जाने कितने परिवारों के नौजवान बेटे शहरों में अंबानियों, अदानियों का मुनाफा बढ़ाने के लिए अपनी जवानी गर्क कर रहे हैं और हम सरकारों को कोस रहे हैं कि अब तक उन्हें मुफ्त मकान देने का वादा पूरा नहीं हुआ।

सिलई बड़ा गांव की यात्रा

रामपुर मिलक के करीब एक गांव सिलई बड़ा गांव इन दिनों चर्चा में है। जहां बीते दिनों एक दलित समाज के नौजवान छात्र सोमेश की गोली लगने से मौत हो गई। वह हाईस्कूल की गणित की परीक्षा देकर आया था। प्रबुद्ध मैत्रीय संघ व क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के पदाधिकारी रविवार को गांव पहुंचे। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस दल मौजूद था। गांव वालों ने बताया जिस स्थल पर सोमेश की मौत हुई यह जमीन दलित समाज के लोगों की कूड़ा फेंकने की जगह है। जिन लोगों से विवाद है उनकी अलग जगह है। 22 जनवरी को दलित समाज के लोगों ने सफाई अभियान के तहत ऊंची-नीची जगह को, समतल कर लिया और एक, जिस पर संविधान निर्माता का चित्र, एक झंडा जिस पर लिखा है जय भीम और बोर्ड लगा दिया। उस दिन अयोध्या में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ प्रदेश व देश के अनेक गणमान्य लोग राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल थे। गांव की महिलाओं ने बताया उस समय पुरुष घर पर थे नहीं, गरीब लोग हैं। अधिकतर भूमिहीन हैं। बीघा दो-चार बीघा जोत के किसान हैं। बिन मजदूरी के गुजारा नहीं चलता। पुलिस ने महिलाओं को भी पीटा। ऐसे में सवाल है कि आखिर क्यों किसी का लाल मरे? क्यों किसी की कोख सूनी हो? सभी की हिफाजत की जिम्मेदारी पुलिस की है। पुलिस के रहते सोमेश कैसे मारा गया? जाति-धर्म, रंग-भाषा के आधार पर घृणा क्यों हो? प्रशासन व शासन को चाहिए शांति स्थापित हो और पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा मिले। हालांकि पीड़ित परिवार को मुआवजे से सदा का सहारा नहीं मिलेगा जिसके जीने का सहारा चला गया, उसकी भरपाई कैसे हो सकती है। यह व्यवस्था हो कि चाहे उच्च वर्ग के हों या निम्न वर्ग के या किसी भी धर्म के किसी की भी जान न जाए सभी स्वतंत्र जिएं। गांव पहुंची टीम में डॉ.सतीश, डॉ.एमपी सिंह, नवीन सागर, डॉ.हीरालाल, मोहम्मद फैसल, ललित चौधरी, हरगोविंद, चरण सिंह यादव व प्रेमपाल सिंह आदि शामिल रहे।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

एसबीआई ने चुनावी बॉण्ड पर और समय मांगा, राहुल ने साधा निशाना

बैंक ने सुप्रीम कोर्ट से 30 जून तक का समय बढ़ाने का किया अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने का उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया। पिछले महीने अपने फैसले में उच्चतम न्यायालय ने एसबीआई को 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तारीख बढ़ाने की अपील पर मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने चंदे के धंधे को छिपाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

बहरहाल, उच्चतम न्यायालय के समक्ष दायर एक आवेदन में एसबीआई ने दलील दी कि 'प्रत्येक साइलो' से जानकारी फिर से प्राप्त करना और एक 'साइलो' की जानकारी को दूसरे से मिलाने की प्रक्रिया में समय लगेगा। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को विवरण साझा करने का भी निर्देश दिया था, जिसमें प्रत्येक चुनावी बॉण्ड की खरीद की तारीख, बॉण्ड के खरीदार का नाम और खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का मूल्य शामिल हो।' कोर्ट ने कहा था कि पूरा विवरण 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश किया जाना चाहिए।

पूरी दाल ही काली हैः राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एसबीआई की ओर से इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी जानकारी देने की तारीख बढ़ाने की अपील पर मोदी सरकार को घेरा है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, नरेंद्र मोदी ने चंदे के धंधे को छिपाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इलेक्टोरल बॉन्ड का सच जानना देशवासियों का हक है, तब एसबीआई क्यों चाहता है कि चुनाव से पहले ये जानकारी सार्वजनिक न हो पाए? राहुल गांधी ने लिखा, एक क्लिक पर निकाली जा सकने वाली जानकारी के लिए 30 जून तक का समय मांगना बताता है कि दाल में कुछ काला नहीं है, पूरी दाल ही काली है। देश की हर स्वतंत्र संस्था 'मोडानी परिवार' बनकर उनके भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने में लगी है। चुनाव से पहले मोदी के 'असली चेहरे' को छिपाने का यह अंतिम प्रयास है।

हिमाचल में सरकार पर खतरा नहीं

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से बात की है और अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार को कोई खतरा नहीं है। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह दावा किया। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों पर भरोसा है, इसलिए फिलहाल राज्य सरकार के नेतृत्व में बदलाव संभव नहीं लगता। प्रदेश के राजनीतिक संकट से निपटने में शामिल एक पार्टी सूत्र ने कहा, 'सरकार बहुमत में है और वह पूरे पांच साल तक हिमाचल प्रदेश के लोगों की सेवा करेगी और धन-बल की मदद से जनादेश को कुचलने का कोई भी प्रयास सफल नहीं होगा।' सूत्रों ने कहा कि बागी विधायकों के खिलाफ दलबदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग 'आया राम, गया राम' वाली राजनीति को पसंद नहीं करते।

विधान सौध में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा लगाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में विधान सौध गलियारे में गत 27 फरवरी को 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा लगाने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी।

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस नेता सैयद नसीर हुसैन की जीत के बाद उनके समर्थकों ने कथित तौर पर पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने आरोपों की सत्यता की जांच के लिए सरकारी फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला को जांच का आदेश दिया था। एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक आरोपी बेंगलुरु के आरटी नगर का रहने वाला है, दूसरा हावेरी जिले के ब्यादगी का और तीसरा आरोपी दिल्ली का रहने वाला है। ब्यादगी का रहने वाला आरोपी मिर्च व्यापारी बताया जा रहा है।

जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल प्रदेश राज्यसभा सीट से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य जगत प्रकाश नड्डा ने गुजरात से उच्च सदन के लिए दोबारा चुने जाने पर अपनी पुरानी सीट से इस्तीफा दे दिया है। नड्डा ने सोमवार को सभापति को अपना इस्तीफा सौंपा, जिसे स्वीकार कर लिया गया। नड्डा का हिमाचल प्रदेश की सीट पर कार्यकाल अगले महीने समाप्त हो रहा था, लेकिन उन्होंने सोमवार को ही इस सीट से इस्तीफा दे दिया। भाजपा नेता को गत 20 फरवरी को गुजरात से उच्च सदन के लिए चुना गया था।

डेंटिस्ट ने दो बेटियों को जहर देने के बाद की आत्महत्या

हजारीबाग। झारखंड के हजारीबाग जिले में सोमवार दोपहर 40 वर्षीय एक दंत चिकित्सक ने अपनी दो बच्चियों को जहर देने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना के वास्तविक कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

पारिवारिक कलह को इसका कारण बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर के विष्णु पुरी इलाके में राजकुमार ने अपनी दो बेटियों अनवी राज (8) और आध्या राज (5) को जहर देने के बाद अपनी कलाई की नस काट ली। कुमार की पत्नी चांदनी देवी (35) एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तीन बच्चों के साथ कुम्हारटोली स्थित मायके गई थी। दो बेटियों के अलावा उनका तीन वर्षीय बेटा रंजीत भी था। पीड़ित के रिश्तेदारों ने बताया कि तभी चिकित्सक वहां पहुंचा और दोनों बेटियों के लिए उपहार खरीदने के बहाने साथ ले गया। पुलिस ने बताया कि वह उन्हें आवास पर ले गया, जहां अपराध को अंजाम दिया।

स्वास्थ्य सेवा ऐसा पेशा जहां पैसा कमाने से समाज कल्याण संभव नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा पेशा है, जहां पैसा कमाना ही यदि मुख्य लक्ष्य हो तो समाज का कल्याण संभव नहीं है, इसीलिए स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पेशेवरों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते समय करुणा, दयालुता और परोपकार के मूल्यों को अपना चारित्रिक गुण बनाना होगा।

उन्होंने यह टिप्पणी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों के छात्रों और मेडिकल/गैर-मेडिकल परामर्शदाताओं के एक समूह से बातचीत के दौरान की। ये सभी यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात करने आए थे। यह समूह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान के 'सेवांकुर भारत कार्यक्रम' के तहत दिल्ली में है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान में मुर्मू के हवाले से कहा गया है, स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा पेशा है, जहां पैसा कमाना मुख्य लक्ष्य होने पर समाज का कल्याण संभव नहीं है। यही कारण है कि स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते समय करुणा, दयालुता और परोपकार के मूल्यों को अपना चरित्र बनाना होगा।''

उन्होंने कहा, हम बाबासाहेब आंबेडकर के जीवन से सीख सकते हैं कि अपनी व्यक्तिगत सफलता का उपयोग समाज के कल्याण के लिए कैसे किया जाए। हमें बाबा साहेब के आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक न्याय, समानता और बंधुत्व के लिए काम करना चाहिए।'' राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान पिछले तीन दशकों से जन कल्याण की भावना से जरूरतमंदों को कम दरों पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए काम कर रहा है।

नगालैंड में दो दशक बाद शहरी निकाय चुनाव की तैयारी

कोहिमा। नगालैंड राज्य निर्वाचन आयोग ने 20 वर्ष के अंतराल के बाद शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) चुनाव कराने के लिए नगरपालिका और नगर परिषदों की मतदाता सूची में संशोधन शुरू कर दिया है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त (एसईसी) टी. जॉन लॉन्गकुमेर ने यहां अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची का मसौदा आठ मार्च को प्रकाशित होगा, जबकि दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि 11 से 20 मार्च तक होगी। उन्होंने बताया कि दावों एवं आपत्तियों के निस्तारण की अवधि 21 मार्च से 27 मार्च तक निर्धारित की गई है, जबकि संबंधित अपीलीय प्राधिकारियों के समक्ष अपील दायर करने की अवधि 28 मार्च से 3 अप्रैल तक होगी। संशोधनों की सूची 8 से 10 अप्रैल तक तैयार की जाएगी और अंतिम प्रकाशन 12 अप्रैल को तय है।

भर्ती परीक्षा में 15 प्रशिक्षु उप-निरीक्षक गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

- लीक हुए प्रश्न पत्रों और डमी उम्मीदवारों का उपयोग करके परीक्षा पास करने का है आरोप

राजस्थान पुलिस ने लीक हुए प्रश्न पत्रों और डमी उम्मीदवारों का उपयोग करके 2021 में परीक्षा पास करने के आरोप में भर्ती परीक्षा के टॉपर समेत पंद्रह प्रशिक्षु पुलिस उप-निरीक्षकों को सोमवार को हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) की एक टीम राजस्थान पुलिस अकादमी पहुंची और वहां प्रशिक्षण ले रहे संदिग्धों को हिरासत में लिया। अधिकारी ने कहा कि एक उप-निरीक्षक को अजमेर के किशनगढ़ में पुलिस प्रशिक्षण स्कूल से और दो अन्य को उनके गांवों से हिरासत में लिया। राज्य पुलिस के एटीएस और एसओजी के एडीजी वी. के. सिंह ने कहा कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 2021 में उप-निरीक्षर और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। उन्होंने कहा कि जानकारी मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है कि एक आपराधिक गिरोह ने प्रश्न पत्र लीक किया और कुछ उम्मीदवारों की भर्ती कराई।

भाजपा ने वरिष्ठ उपमहापौर के पद पर जीत दर्ज की

चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम के लिए सोमवार को हुए पुनर्मतदान में भाजपा के उम्मीदवारों ने आम आदमी पार्टी समर्थित कांग्रेस उम्मीदवारों को पछाड़ कर वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पद पर जीत दर्ज की। भाजपा नेता कुलजीत सिंह संधू वरिष्ठ उपमहापौर और राजिंदर शर्मा उपमहापौर चुने गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव के 30 जनवरी को घोषित परिणाम को 20 फरवरी को पलट दिया था, जिसमें भाजपा उम्मीदवार मनोज सोनकर को विजेता घोषित किया गया था।

पब्लिक नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सोबरन सिंह पुत्र श्री नेमचन्द्र, निवासी कांधरपुर, पर.तह. व जिला बरेली ने एक किता आवासीय प्लाट रकबई 104.5 वर्ग मी. वाके कांधरपुर खेत नं.-306 पर. तह. व जिला बरेली को क्रय करने हेतु पीरामल कैपीटल एण्ड हाउसिंग फाईनेन्स लि. से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है उक्त सम्पत्ति के बाबत एक किता रजिस्टर्ड पिछला मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 11.03.2013 वही सं.-1 जिल्द संख्या-5595 पृष्ठ संख्या-17 से 40 क्रमांक 3229 स.र. बरेली कहीं खो गया है। जिसकी सूचना दिनांक 03.03.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त मूल बैनामे की अनुपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

अमिताभ भंज, एडवोकेट
कार्यालय चैम्बर नं. 11, बड़ा वकालतखाना,
सिविल कोर्ट, बरेली सूचीबद्ध अधिवक्ता

किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दे सरकार : किरण चौधरी

भिवानी। हरियाणा सरकार की पूर्व मंत्री किरण चौधरी ने कहा कि ओलावृष्टि से किसानों को फसलों का भारी नुकसान हुआ है और इससे प्रभावित किसानों को सरकार 50 हजार रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दे।

प्रदेश के तोशाम से विधायक ने कहा कि किसानों के समक्ष अब अगली फसल की बुवाई की सबसे बड़ी समस्या है और ऐसे में सरकार को चाहिए कि वे इस मुश्किल समय में किसानों को थोड़ी राहत प्रदान करें। कांग्रेस नेता ने कहा कि ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को सरकार 50 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दे। उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसल पूरी तरह से गिर गई है और जल्द से जल्द गिरदावरी करवाकर किसानों को 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा दे।

विधान परिषद चुनाव के लिए आज नामांकन दाखिल करेंगे नीतीश

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधान परिषद चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेताओं ने यह जानकारी दी। जदयू प्रमुख नीतीश लगातार चौथी बार विधान परिषद का चुनाव लड़ेंगे। 2006 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के कुछ महीने बाद वह विधान परिषद सदस्य निर्वाचित हुए थे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 2204/413सी0(ई0टेण्डर)-3/23-24 दिनांकः 28.02.2024

ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 07.03.2024 से दिनांक 06.04.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर, दिनांक 06.04.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः-

क्र0 सं0.	कार्य का नाम	खण्ड का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने अवधि (दिन में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य((निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+	ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1-	जनपद बरेली में कैन्टोनमेन्ट बोर्ड क्षेत्र के अन्तर्गत सरपेनटाइन मार्ग, थियेटर मार्ग, सिविल एरिया के विभिन्न मार्ग एवं भरतौल मार्ग का सामान्य मरम्मत के साथ हॉटमिक्स प्लान्ट द्वारा नवीनीकरण कार्य	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,बरेली	265.36	15.27	90 दिन	2725.00	ए (मार्ग कार्य)

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 205016 दिनांक 03.03.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

(नारायण सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बरेली

(अभिनेश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0 बरेली

कार्यालय ग्राम पंचायत बिथरी चैनपुर वि.खं. बिथरी चैनपुर, बरेली

निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिथरी चैनपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न निर्माण कार्यो पर निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेन्ट, बजरफुट, रोड़ा, बजरी आदि जिसकी विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है। गुणवत्तानुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 06.03.2024 को आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 06.03.2024 को दोपहर 01:00 बजे तक डाली जा सकती है। मोहरबन्द निविदाएं उसी कार्य दिवस में सायं 04:00 बजे निविदादाता व निर्धारित कमेटी के समक्ष ग्राम पंचायत में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र, निविदा खोले जाने से पूर्व कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर ग्राम पंचायत से प्राप्त किये जा सकते हैं।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
01.	रामचरन के घर से कालीचरन के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	199711/-

ममता कुमारी (ग्राम प्रधान) विवेक गंगवार (ग्राम विकास अधिकारी)

कार्यालय ग्राम पंचायत न्यामतपुर, वि.खं. शेरगढ़, जिला बरेली

निविदा सूचना

सभी पंजीकृत फर्मो/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत न्यामतपुर में वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना से सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने हैं, जिसके लिए रोड़ी, ईट, मौरंग, बजरी, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता आदि का क्रय किया जाना है। जिसके लिए सीलबंद निविदायें दिनांक 04.03.2024 से 10.03.2024 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन ग्राम पंचायत में अपरान्ह 3:00 बजे खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु. लागत
1.	दामोदर के घर से बलवंत के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य	2,00,000/- (मनरेगा)
2.	मुख्य मार्ग से पंचायत घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य	2,00,000/- (राज्य वित्त)
3.	डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण	(राज्य वित्त)

ग्राम प्रधान सचिव

कैन्टोनमैन्ट बोर्ड, बरेली

पत्रांकः सीबीबी/टैक्स/राजस्व/ई.-3 दिनांकः 04 मार्च 2024

सार्वजनिक सूचना

छावनी क्षेत्र के समस्त भवन स्वामियों / अध्यायशियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 से सम्बन्धित अपने भवन / सम्पत्ति से सम्बन्धित कैन्ट बोर्ड कार्यालय को देय बकाया टैक्स, वाटर चार्जेज, बिल्डिंग एवं मार्केट रैन्ट इत्यादि धनराशि यथाशीघ्र ऑनलाइन ई.-छावनी पोर्टल http://echhawani.gov.in/citizen/ के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित करें, यदि आप बकाया देय धनराशि जमा करने में असफल होते हैं, तो असफल होने वाले व्यक्तियों का वाटर कनैक्शन काट दिया जायेगा साथ ही साथ उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जायेगी जिसके हर्जे-खर्चे की जिम्मेदारी सम्बन्धित व्यक्ति की होगी। उक्त सूचना जनहित में प्रकाशित है।

रविन्द्र भा.र.सं.से. / Ravinder, IDES
मुख्य अधिशासी अधिकारी / Chief Executive Officer
बरेली छावनी परिषद / Bareilly Cantonment Board

कार्यालय ग्राम पंचायत नरहरपुर गौरीखेड़ा वि.खं. भदपुरा, जिला बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नरहरपुर गौरी खेड़ा में मनरेगा योजना योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य स्थल हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्नवत् है :-

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत
1.	ग्राम नरहरपुर गौरीखेड़ा में समुदाय के लिए पशु शेड निर्माण कार्य	15.04 लाख

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 05.03.2024 से 06.03.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर नियत तिथि व समय तक डाली जा सकती है। जो उसी दिन दिनांक 06.03.2024 को दोपहर 03 बजे निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

नीरा देवी
प्रधान

राजू सिंह
प्रधान

कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर-खीरी (उ.प्र. 262701)

पत्रांक : 2273/जननिर्माण/एम.बी.एल./2023-24 दिनांक : 01.03.2024

पुनः अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकरी विभागों में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से के रख-रखाव एवं संचालन कार्य हेतु दिनांक 01.03.2024 सायं 05:00 बजे से दिनांक 14.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि-01.03.2024 सायं 05:00 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि-14.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि-14.03.2024 अपरान्ह 04:00 बजे।
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेंगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(संजय कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर

(डा. इरा श्रीवास्तव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज (बदायूँ)

पत्रांक : 456/3/न.पा.परि.दातागंज/2023-24 दिनांक : 04.03.2024

संसोधन अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद दातागंज द्वारा राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद दातागंज में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो को ई-निविदायें कार्यालय के पत्रांक संख्या 448/न.पा.परि.दा./2023-24 दिनांक 27.02.2024 के द्वारा 06 कार्यो की ई- निविदायें दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 04.03.2024 सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की गयी थी। जोकि आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 05.03.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जानी थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त ई-निविदा अब दिनांक 07.03.2024 सायं 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 07.03.2024 को सायं 05:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। ई-निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदाओं से सम्बन्धित आगणन व शर्ते इस कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। शेष शर्ते यथावत् रहेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, दातागंज
जनपद बदायूँ

अध्यक्षा
नगर पालिका परिषद, दातागंज
जनपद बदायूँ

कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

पत्रांक : 700/मु.अभि./नि.वि./2023-24 दिनांक : 4.3.24

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ-5-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

15वाँ वित्त/निगम निधि के अन्तर्गत पुनः ई-निविदा हेतु (क्रमांक सं. 01 से 02 तक)	
ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय	05.03.2024 - (04:00 PM)
ई-निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय	05.03.2024 - (05:00 PM)
ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	08.03.2024 - (04:00 PM)
ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय	08.03.2024 - (05:00 PM)
फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु	After Technical Evulation

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, बरेली

कार्यालय नगर पालिका परिषद दातागंज (बदायूँ)

पत्रांक : 457/3/न.पा.परि.दातागंज/2023-24 दिनांक : 04.03.2024

संसोधन अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद दातागंज द्वारा राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद दातागंज में कराये जाने वाले निर्माण कार्यो को ई-निविदायें कार्यालय के पत्रांक संख्या 449/न.पा.परि.दा./2023-24 दिनांक 27.02.2024 के द्वारा 04 कार्यो की ई- निविदायें दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 04.03.2024 सायं 05:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की गयी थी। जोकि आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 05.03.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जानी थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त ई-निविदा अब दिनांक 07.03.2024 सायं 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 07.03.2024 को सायं 05:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। ई-निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जिसकी समस्त कार्यवाही वेबसाइट http:-e-tender.up.nic.in पर की जायेगी। निविदाओं से सम्बन्धित आगणन व शर्ते इस कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। शेष शर्ते यथावत् रहेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, दातागंज
जनपद बदायूँ

अध्यक्षा
नगर पालिका परिषद, दातागंज
जनपद बदायूँ

कार्यालय ग्रा.प. भवानीपुर वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर)

पत्रांक-07/पां./निविदा वर्ष 2023-24/ दिनांक-04.03.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा. प.भवानीपुर वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर) में वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केंद्र हेतु वांछित सामग्री की आवश्यकता है। अतः निम्नलिखित अंकित सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 03 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक को अपरान्ह 4:00 बजे संबंधित फर्म के प्रोपराइटर/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

- निविदा फार्म किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
- सबसे कम दर वाली निविदा को स्वीकृत किया जाएगा।
- निविदा स्वीकृत होने के पश्चात उसी समय सम्बंधित फर्म को अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र अवलोनार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- उक्त निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
- किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र क्षेत्र शाहजहाँपुर होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मानक
1.	गार्बेज कलेक्टर ई-रिक्शा	लीथियम बैटरी, वाट-1250 भार क्षमता-500 किग्रा तक, बॉडी-माइल्ड स्टील

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भवानीपुर
निगोही (शाहजहाँपुर)

सचिव
ग्राम पंचायत भवानीपुर
निगोही (शाहजहाँपुर)

कार्यालय ग्रा.प.दिउरिया वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर)

पत्रांक-04/पां./निविदा वर्ष 2023-24/ दिनांक-04.03.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रा. प. दिउरिया वि.ख. निगोही (शाहजहाँपुर) में वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केंद्र हेतु वांछित सामग्री की आवश्यकता है। अतः निम्नलिखित अंकित सामग्री क्रय करने हेतु पंजीकृत फर्मो से दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है जो तद्दिनांक को अपरान्ह 1:00 बजे संबंधित फर्म के प्रोपराइटर/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

- निविदा फार्म किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
- सबसे कम दर वाली निविदा को स्वीकृत किया जाएगा।
- निविदा स्वीकृत होने के पश्चात उसी समय सम्बंधित फर्म को अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र अवलोनार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- उक्त निविदा को किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
- किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र क्षेत्र शाहजहाँपुर होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मानक
1.	गार्बेज कलेक्टर ई-रिक्शा	लीथियम बैटरी, वाट-1250 भार क्षमता-500 किग्रा तक, बॉडी-माइल्ड स्टील

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत दिउरिया
निगोही (शाहजहाँपुर)

सचिव
ग्राम पंचायत दिउरिया
निगोही (शाहजहाँपुर)

नोएडा की युवती को कासगंज लाकर भाइयों ने मारी गोली

नहर में फेंका और फिर दागी गोली, लोगों की मदद से थाने पहुंची

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : नोएडा की युवती के प्रेम प्रसंग से खफा सगे और मौसेरे भाई ने कासगंज हजारा नहर पर लाकर उसे गोली मार दी और घायल अवस्था में नहर में फेंक दिया फिर गोली दाग दी। राहगीरों की मदद से पुलिस थाना पहुंची घायल युवती ने एएसपी के समक्ष घटना बयां की है। भाई और मामा पर हत्या कर देने के प्रयास का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल का उपचार जिला अस्पताल में कराया गया है।

नोएडा की एक युवती का बुलंदशहर के किसी युवक से प्रेम संबंध था। परिजनों के समझाने के बाद भी युवती अपनी जिद पर थी। परिवार के लोग नाखुश थे। रविवार मध्य रात को युवती का सगा भाई नितिन, मौसेरा भाई गोलू और मामा पवन उसे कार में बैठाकर कासगंज की हजारा नहर के किनारे ले आए। युवती का आरोप है कि कार से उतारकर उसके भाई, मौसेरे भाई गोलू ने उसे गोली मार दी। इससे वह घायल हो गई। घायल अवस्था में सगे भाई नितिन, मौसेर भाई गोलू और मामा पवन ने उसे नहर में फेंक दिया। इसके बाद भी हत्या पर आमादा मामा और भाइयों ने फिर से गोली दागी। इसके बाद वे वहां से भाग गए। मार्ग से गुजर रहे एक दूधिया से नहर की पटरी पर आ चुकी युवती ने मदद की गुहार लगाई। दुधिया व अन्य राहगीरों ने उसे थाने पहुंचाया। जहां अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारतीय के समक्ष घटनाक्रम बयां किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जिला अस्पताल में उपचार के दौरान युवती से पूछताछ करते पुलिसकर्मी।

पानी भरी बाल्टी में डेढ़ वर्षीया बच्ची की डूबने से गई जान

कलान, अमृत विचार : कलान कस्बे के वार्ड नंबर 10 सूर्य नगर निवासी अचल गुप्ता के बड़े भाई शालू गुप्ता सोमवार सुबह स्नान के बाद बाथरूम का दरवाजा बंद करना भूल गए। इसी बीच अचल गुप्ता की डेढ़ वर्षीया पुत्री शिवांशी उर्फ सिद्धि गुप्ता खेलते-खेलते बाथरूम में पहुंच गई और बाल्टी में भरे पानी से खेलने लगी। इसी दौरान वह औंधे मुंह बाल्टी में गिर गई। लगभग पौने घंटे बाद जब परिवार के लोगों को शिवांशी नजर नहीं आई, तब उसकी तलाश शुरू हुई। घर के बाहर से लेकर इधर-उधर देखने के बाद जब बाथरूम में जाकर देखा तो शिवांशी बाल्टी में औंधे मुंह पड़ी थी। उसे बाल्टी से निकाल कर देखा तो उसकी सांसें थम चुकी थीं।

500 मुस्लिम राम भक्तों ने किया रामलला का दर्शन

अयोध्या में दर्शन करने पहुंचे मुस्लिम रामभक्त। ● अमृत विचार

संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार : राम मंदिर में रामलला का दर्शन करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग भी पहुंच रहे हैं। सोमवार को राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के नेतृत्व में 500 की संख्या में मुस्लिम राम भक्त ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए जन्मभूमि पथ के रास्ते मंदिर पहुंचे और रामलला का दर्शन पूजन किया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रवक्ता मुरारी दास ने बताया कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रवादी मुसलमान हैं, जो कि पक्के नमाजी और पक्के र वाले हैं। कुरान की रोशनी में भारत मां की जय बोलने वाले सभी मुसलमान शामिल हैं।

यह सभी लोग हिंदू-मुस्लिम के भाईचारे का संदेश लेकर अयोध्या पहुंचे हैं। ताज मोहम्मद ने बताया कि हम लोगों ने ढोल नगाड़े के साथ प्रभु राम के दरबार में हाजिरी लगाई हैं। हम लोग हिंदू मुस्लिम एकता की बात करने वाले हैं।

सार-संक्षेप

तेंदुए के हमले में महिला सहित सात ग्रामीण घायल

अमरोहा, अमृत विचार : अमरोहा जिले के गांव लालापुर में तड़के करीब तीन बजे तेंदुए ने सात लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। इनमें दो की हालत गंभीर है। गांव और क्षेत्र में दहशत है। जानकारी पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दो घायलों को मेरठ रेफर किया गया है। रहरा थाना क्षेत्र का गांव लालापुर जंगल से घिरा है। सोमवार तड़के करीब तीन बजे एक तेंदुआ गांव में घुस आया। उसने एक के बाद एक कई घरों में घुसकर लोगों पर हमला कर दिया। हमले में अनिल त्यागी, राजीव त्यागी, हरिराम, दीपक जाटव, सुमित जाटव, भूरा सिंह और सोमवती घायल हो गए। सीताराम व इरफान की बकरी को तेंदुए ने निवाला बना लिया। जिन घरों में तेंदुआ घुसा उनकी चारदीवारी में दरवाजे नहीं थे। घरों में सो रहे सात लोगों पर तेंदुए के हमले से गांव में चीख-पुकार मच गई। थोड़ी देर में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लाठी-डंडे लेकर ग्रामीणों ने तेंदुए को जंगल की तरफ खदेड़ दिया।

शोरूम में लगी आग तीसरी मंजिल पर फंसा परिवार

आगरा, अमृत विचार : आगरा के थाना कमला नगर के सेंट्रल बैंक रोड पर स्थित एक कपड़े के शोरूम में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। तीसरी मंजिल पर रहा रहा कारोबारी का परिवार बिल्डिंग में फंस गया। कारोबारी की बेटी ने तीसरी मंजिल से कूद कर जान बचाई। वहीं अन्य लोगों को सीढ़ी की मदद से निकाला गया। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तक शोरूम में रखा माल राख हो चुका था। सेंट्रल बैंक रोड पर रमेश का कपड़े का शोरूम है। इसी बिल्डिंग में दूसरी और तीसरी मंजिल पर वह परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार की सुबह शोरूम में भीषण आग लग गई। शोरूम मालिक रमेश का परिवार शोरूम के ऊपर दूसरी और तीसरी मंजिल पर फंस गया। रमेश और उनकी पत्नी को स्थानीय लोगों ने सीढ़ी लगाकर उतारा। तीसरी मंजिल पर फंसी शोरूम मालिक की बेटी जान बचाने को रेलिंग पर लटककर नीचे कूदी। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे सुरक्षित बचा लिया।

तारकशी में उलझकर बाइक सवार की कटी गर्दन, मौत

संभल, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में रास्ते पर पड़े बिजली के खम्भे से टकराकर बाइक फिसली तो युवक की खेत की तारकशी में गर्दन उलझने से मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। थाना धनारी क्षेत्र के गांव रामनगर उर्फ कनुआ नगला निवासी विशांत (20 वर्ष) पुत्र राकेश सोमवार को सुबह 8 बजे बाइक पर सवार होकर थाना जुनावई क्षेत्र के गांव लोहामई में रिश्तेदारी में जाने की बात कहकर घर से निकला था। थाना धनारी के गांव दिनौरा और थाना जुनावई के लोहामई गांव के बीच में रास्ते में पड़े बिजली के खम्भे से टकराकर बाइक फिसल गई और बाइक सवार विशांत खेत की तारकशी में उलझकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने देखा तो हादसे की सूचना पुलिस को दी। दो थानों के बीच का मामला होने के कारण धनारी और जुनावई पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी।

फेक आइडी बना युवती की अश्लील वीडियो वायरल की

मुरादाबाद, अमृत विचार : भगतपुर थाना क्षेत्र की गणेशपुर पीपलसाना के निजी क्लीनिक में नर्सिंग का काम करने वाली युवती की अश्लील वीडियो-फोटो आरोपी ने फेक आइडी बनाकर फेसबुक पर वायरल कर दिए हैं। इसके बाद उसके विवाह का रिश्ता भी टूट गया है। आरोपी ने ऐसा तब किया जब उसे युवती के तय हुए रिश्ते के बारे में पता चला। इस मामले में युवती तीसरी बार सोमवार को एसएसपी के सामने आई थी। युवती ने एसएसपी को बताया है कि उसके ही गांव का युवक ने शादी का झांसा देकर उससे कई बार दुष्कर्म किया और फिर शादी करने से भी इनकार कर उसने अपने को शादीशुदा होना बताया था। जिस पर उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी और आरोपी जेल भी गया था। जेल से आने पर उसे अपनी गलती स्वीकार की और अपने छोटे बच्चों का हवाला देकर माफ कर देने को कहा, जिस पर युवती ने न्यायालय में आरोपी के पक्ष में बयान दे दिया था। लेकिन, आरोपी फिर मुकर गया। युवती ने बताया कि उसके रिश्ते की बात चल रही थी जिसकी जानकारी आरोपी को हो गई। इस पर आरोपी ने फेसबुक पर फेक आइडी बनाई फिर युवती के अश्लील फोटो की डीपी लगा दी।

सिद्धार्थनगर के चकबंदी अधिकारी बर्खास्त

लखनऊ, अमृत विचार : चकबंदी आयुक्त ने सोमवार को सिद्धार्थनगर के चकबंदी अधिकारी प्रभाकर को सेवा से बर्खास्त कर दिया। आरोप है कि मेरठ में कार्यकाल के दौरान नाला और वन विभाग की भूमि मनमाने तरीके से लोगों के नाम कर दी थी। चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि ग्राम बिसौला हस्तिनापुर मवाना मेरठ और ग्राम फिरोजपुर किठौर, मवाना, मेरठ में चकबंदी के कामों में अनियमितता की शिकायत जांच समिति बनाते हुए कराई गई। रिपोर्ट के मुताबिक ग्राम बिसौला और फिरोजपुर में चकबंदी के कामों में अनियमितता की पुष्टि हुई। इसके बाद बर्खास्त करने की कार्रवाई के साथ ही चकबंदी अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित जमीन को भी वापस लिया जाएगा। धोखाधड़ी से भूमि प्राप्त करने वालों के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई होगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक चकबंदी विभाग में कुल 22 अधिकारियों को निलंबित, चार को बर्खास्त और एक को उसके मूल पद पर भेजते हुए 40 के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

पूर्व सांसद जयाप्रदा अदालत में पेश, गैरजमानती वारंट निरस्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : आचार संहिता उल्लंघन के दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा सोमवार को कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने उनके गैरजमानती वारंट और 82 की कार्रवाई को निरस्त कर दिया। अब छह मार्च को सुनवाई होगी। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान स्वार और केमरी थाने में जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज कराए गए थे। जो कोर्ट में विचाराधीन हैं। कई तारीखों से वह पेश नहीं हो रही थीं। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। उनकी गिरफ्तारी के भी आदेश दिए थे। जयाप्रदा अपने अधिवक्ता के साथ एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में लिया फिर जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी ने बताया कि पूर्व सांसद मेडिकल ग्राउंड पर तारीखों पर पेश नहीं हो सकी थीं, तबीयत में सुधार होते ही पेश हुईं।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और रोहिलखंड अस्पताल में सोमवार को ट्रॉमा-ट्रॉमाकॉन 2024 पर चिकित्सा शिक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने सहभागिता की। इस मौके पर स्नातकोत्तर मेडिकल छात्रों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई।

इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. आर के गौतम और विशिष्ट अतिथि ऑटोनॉमस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार, वरुण अर्जुन ट्रस्ट के अध्यक्ष व बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथि वक्ता के रूप में कमांड हॉस्पिटल लखनऊ के ट्रॉमा सर्जन और क्रिटिकल केयर लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद कुमार कटियार और ऑटोनोमस मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर के जनरल सर्जरी के विभागाध्यक्ष डॉ. विभोर जैन ने ट्राइएज, रोगी परिवहन और देखभाल के महत्वपूर्ण व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर सर्जरी, एनेस्थीसिया, ऑर्थोपेडिक, न्यूरोसर्जरी, यूरो सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, मनोचिकित्सा सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा करते हुए व्यवहारिक व्याख्यान प्रस्तुत किए। खासतौर पर आघात में व्यवहारिक प्रशिक्षण, हाथों और तकनीकों के साथ प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान स्नातकोत्तर मेडिकल छात्रों के बीच हुई पोस्टर प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। यूपी राज्य चिकित्सा शिक्षा द्वारा आवंटित क्रेडिट पॉइंट सम्मेलन में स्थानीय डॉक्टरों और छात्रों के अलावा लगभग 165 चिकित्सकों ने सहभागिता की। आयोजन में वरुण अर्जुन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, वरुण अर्जुन ट्रस्ट की उपाध्यक्ष किरण अग्रवाल, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और रोहिलखंड अस्पताल के डीन एवं प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. कृष्ण गोपाल पॉल, विभागाध्यक्ष जनरल सर्जरी एवं मुख्य आयोजक डॉ. पवन कुमार बंगा आदि विशिष्टजन मौजूद रहे।

मंचासीन अतिथि सीएमओ डॉ. आरके गौतम व वरुण अर्जुन ट्रस्ट के अध्यक्ष और बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल। ● अमृत विचार

विधान परिषद चुनाव के पहले दिन कोई नामांकन नहीं हुआ

लखनऊ, अमृत विचार : विधान परिषद की 13 सीटों के लिए शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया।

चुनाव कार्यक्रम के अनुसार प्रत्याशी 11 मार्च तक नामांकन कर सकेंगे। 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 14 मार्च को प्रत्याशी नामांकन वापस ले सकेंगे। 21 मार्च को मतदान होगा। इसी दिन मतगणना होगी।

कुबेर टीले पर 20 साल बाद होगा महाशिवरात्रि उत्सव

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम जन्मभूमि परिसर में स्थित प्राचीन कुबेर टीले पर 20 साल के बाद शिवरात्रि उत्सव का आयोजन होगा। परिसर में मंदिर निर्माण के साथ प्राचीन टीले का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

आठ मार्च को महाशिवरात्रि के दिन कुबेरेश्वर महादेव का वैदिक आचार्य रुद्राभिषेक करेंगे। इस दौरान रजत प्रतिमा के रूप में भगवान रामलला भी दर्शन करने की लिए पहुंचेंगे। राम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीला भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण में दर्ज किया गया था, लेकिन अब इसकी जिम्मेदारी राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को दी गई है। 1992 में अधिग्रहण के दौरान टीले को भी परिसर की सीमा में शामिल कर लिया गया था। इस स्थान पर महाशिवरात्रि एक विशाल मेले का भी आयोजन किया जाता था। यह परंपरा 20 वर्ष पूर्व 2005 तक निरंतर चलती रही, लेकिन आतंकवादी हमले के बाद से इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक महाशिवरात्रि पर विराजमान भगवान शिव के महाअभिषेक का आयोजन किया जाएगा।

10 मार्च को मंडपोत्सव का होगा समापन

राम जन्मभूमि परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंडपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रामलला की रजत प्रतिमा का अभिषेक और परिसर भ्रमण कराया जा रहा है। ट्रस्ट के सदस्य उडुपी पीठाधीश्वर विश्व प्रसन्न तीर्थ महाराज वैदिक आचार्य के साथ इस अनुष्ठान को संपन्न कर रहे हैं। अंतिम दौर में 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व को भी उत्सव में शामिल किया जाएगा। परिसर भ्रमण के दौरान कुबेर टीले पर भी जाएंगे। 10 मार्च को अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा।

कुबेर टीले से भी निकाली जाती थी शिव बारात : वशिष्ट कुंड निवासी हरिहर यादव ने बताया कि यह परंपरा हमारे बाबा स्वर्गीय धनपत राम यादव के द्वारा शुरू की गई थी। हर वर्ष महाशिवरात्रि के दिन धूमधाम से आयोजन होता था। एक भव्य मेला लगता था और इस दिन देर शाम को शिव बारात भी निकल जाती थी। 2002 के बाद इस बारात की परंपरा पर रोक लगा दी और 2005 में आतंकी घटना के बाद उस स्थान पर दर्शन पूजन और मेले के आयोजन पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था।

उत्तराखंड

320 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

अल्मोड़ा, अमृत विचार : पुलिस, एसओजी और एएनटीएफ की टीम ने लगभग 320 ग्राम स्मैक के साथ यूपी के एक शातिर तस्कर को दबोचा है। तस्कर यूपी से स्मैक खरीदकर अल्मोड़ा बेचने आ रहा था। जनपद में स्मैक तस्करी का यह सबसे बड़ा मामला है। बरामद स्मैक की कीमत करीब 32 लाख बताई जा रही है। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर जनपद में नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। नशे के काले कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पकड़े गए तस्करों से गहन पूछताछ कर रही है। एसएसपी ने बताया कि काउंसिलिंग के दौरान एक तस्कर से पता चला कि नशे के कारोबार को फैलाने के लिए तराई क्षेत्र से तस्कर बड़ी मात्रा में स्मैक लाकर पहाड़ों में बेच रहे हैं।

उत्तराखंड पुलिस ने अंतर्राज्यीय साइबर ठग को किया गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

- साइबर सेल की टीम ने आरोपी को जयपुर से दबोचा
- शिक्षा विभाग के कर्मी से 30 लाख की ठगी का है आरोप

अमृत विचार : उत्तराखंड साइबर पुलिस ने अंतर्राज्यीय साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। ठग ने अल्मोड़ा में तैनात शिक्षा कर्मी से ट्रेडिंग के नाम पर 30 लाख रुपये की ठगी की थी। आरोपी से कई सिम कार्ड व फर्जी मुहर भी बरामद हुई हैं। पुलिस आरोपी से साइबर अपराध की अन्य घटनाओं को लेकर भी पूछताछ कर रही है।

साइबर सेल प्रभारी ललित जोशी ने सोमवार को बताया कि अल्मोड़ा में शिक्षा विभाग में तैनात एक कर्मी से ट्रेडिंग के नाम पर 30 लाख रुपये की ठगी की गई। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस जांच कर रही थी। जांच में ठग की पहचान चंदन यादव निवासी भागलपुर बिहार के रूप में हुई। पुलिस ठग को पकड़ने के लिए जुट गई। इस बीच स्पेशल टास्क फोर्स को सुराग मिला कि ठग यादव बिहार में है। इस पर एक टीम यादव को पकड़ने के लिए बिहार गई लेकिन उसको भनक गई। यादव ने अपनी लोकेशन बदल दी और वह राजस्थान भाग गया। बाद में टीम ने मॉडर्न इंटेलीजेंस का इस्तेमाल करते यादव को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया। ठग में पूछताछ ने बताया कि फेसबुक आईडी पर ट्रेडिंग कारोबार में तीन गुना मुनाफा देने का लालच दिया था। अल्मोड़ा के शिक्षा विभाग में तैनात कर्मचारी ने फेसबुक लिंक को खोला और 30 लाख रुपये का भुगतान किया। बाद में उनके फेसबुक डेस्क पर 90 लाख रुपये की रकम दिखाई। इस पर कर्मी संतुष्ट हो गया लेकिन जब बैंक खाते में रकम नहीं पहुंची तो ठगी का एहसास हुआ। आरोपी से तीन मोबाइल, एक लैपटॉप, सात चेक बुक, पासबुक, सात डेबिट कार्ड, आधार व पैन कार्ड, कई फर्जी मुहरें भी बरामद हुई हैं।

नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही मूर्तियां पकड़ीं

बनबसा, अमृत विचार : पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चेकिंग के दौरान नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों के साथ एक चालक को गिरफ्तार किया है। इन मूर्तियों की अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मूर्तियों को सीज कर कैंटर और तस्कर को बनबसा कस्टम को सौंप दिया है। मूर्तियां बनबसा के एक ट्रांसपोर्टर की बताई जा रही हैं। सोमवार को शारदा बैराज चौकी क्षेत्र में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण, चौकी प्रभारी ललित पांडेय और एएचटीयू प्रभारी सुरेन्द्र सिंह खड़ायत के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

आखिर मार्च में नैनीताल में हुई बर्फबारी

नैनीताल। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार सरोवर नगरी में रविवार देर रात मूसलाधार बारिश के बाद जमकर ओलावृष्टि व ऊंचाई वाले क्षेत्र हिमालय दर्शन, नयना पीक में हल्की बर्फबारी हुई। नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटकों ने बर्फबारी के साथ खूब मस्ती की।

बीते शनिवार से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने रविवार देर शाम विकराल रूप धारण कर लिया। रात 12 बजे तक हुई बारिश के बाद ओलावृष्टि शुरू हो गई। जब सोमवार सुबह लोग उठे तो घरों की छतों और सड़को पर ओलावृष्टि से चारों ओर सफेदी छा गई थी। हालांकि तेज धूप के बाद दोपहर तक माल रोड, बड़ा बाजार आदि क्षेत्रों में ओले पिघल चुके थे। लेकिन बारापत्थर, हिमालय दर्शन आदि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाला गिरने से आने वाले कुछ दिनों तक बर्फबारी का दीदार किया जा सकता है। इधर, मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में बारिश होने की संभावना है। शेष जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। राज्य में 3200 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की भी संभावना है।

हिमालय दर्शन में बर्फ के साथ मस्ती करते सैलानी। ● अमृत विचार

- मूसलाधार बारिश के बाद जमकर ओलावृष्टि व हल्की बर्फबारी

दंगाइयों से होगी निजी व सरकारी संपत्ति की क्षति की वसूली

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने "दंगारोधी" यानी दंगे के दौरान होने वाले संपूर्ण नुकसान की भरपाई के लिए देश के सबसे कठोर (अध्यादेश) कानून को मंजूरी दी है।

अब निजी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर दंगाइयों से क्षति की पूरी वसूली की जाएगी। साथ ही 8 लाख तक का जुर्माना लगाने के साथ ही दंगा नियंत्रण में सरकारी अमले और अन्य कार्य पर होने वाले खर्चे की भरपाई भी दोषियों से की जाएगी। सोमवार को प्रदेश मंत्रिमंडल ने इस कानून को मंजूरी देकर राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेज दिया है। देवभूमि में धामी सरकार ने देश का सबसे बड़ा नकलरोधी कानून लागू करने तथा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को मंजूरी देने के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री कैबिनेट ने दंगा रोकने तथा दंगाइयों से निपटने के लिए उत्तराखंड लोक (सरकारी) तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली (अध्यादेश) कानून 2024 पर मुहर लगा दी है। इस कानून से दंगा, फसाद, हड़ताल, बंद के दौरान उपद्रव और अशांति में निजी और लोक संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले बच नहीं पाएंगे।

ओवरसीज व्यवसाय के नाम पर एक करोड़ हड़पे

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : शहर की पॉश कॉलोनी स्थित हॉस्पिटल संचालक के ओवरसीज का व्यवसाय करने की आड़ में एक करोड़ रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। आरोप था कि रकम का भुगतान करने के बाद आरोपी का परिवार गायब हो गया और मोबाइल बंद होने पर रकम हड़पने की भनक लगी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गाबा चौक निवासी बख्शीश सिंह ने बताया कि ग्रीन पार्क निवासी राजेश कुमार अपनी कॉलोनी में ही एक हास्पिटल का संचालन करते हैं और उनका बेटा ओवरसीज का कारोबार करता है, जो विदेश जाने वाले युवाओं के दस्तावेज बनाकर विदेश भेजने का कार्य करता है। शिकायतकर्ता का आरोप था उसने मैसर्स आरबी ओवरसीज गाबा चौक के साझीदार तीसरे पार्टनर अंश मलिक व पिता राजेश कुमार ओबराय से ओवरसीज का व्यवसाय प्रारंभ किया था, जिसकी एवज में पिता-पुत्र ने नवंबर 2023 को 60 लाख रुपये बैंक खाते और 40 लाख रुपये का गूगल-पे से भुगतान कर व्यवसाय में साझेदार बना था। आरोप था कि दो मार्च की सुबह साढ़े सात बजे अचानक आरोपी पिता राजेश कुमार और बेटा अंश मलिक घर से फरार हो गए। जब उनके सभी मोबाइल नंबरों पर कॉल की तो सभी के मोबाइल फोन बंद आने लगे। शिकायतकर्ता का आरोप था कि काफी खोजबीन के बाद भी जब आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा और मोबाइल से संपर्क नहीं हुआ तब जाकर एक करोड़ की धनराशि हड़पने की भनक लगी। शिकायतकर्ता का कहना था कि रकम का भुगतान बाप और बेटे दोनों के खाते में किया गया था। आशंका जताई कि इस जालसाजी प्रकरण में आरोपी राजेश की बेटी तन्नु और पुत्र सन्नी में शामिल है और जो वर्तमान में दिल्ली में रहते हैं। उन्होंने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ठगी के आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और खुलासे के लिए एक टीम का गठन किया है जो आरोपियों की सीडीआर व सर्विलांस से पड़ताल करेगी।

मलिक के घर पर 2.68 करोड़ की वसूली का नोटिस चस्पा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : तहसील प्रशासन ने बनभूलपुरा बवाल के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के घर 2.68 करोड़ की वसूली का नोटिस चस्पा किया है। आज जिला जेल नैनीताल में मलिक को नोटिस तामील कराया जाएगा।

बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम, प्रशासन, पुलिस की संयुक्त टीम पर उपद्रवियों ने पथराव व आगजनी की और बनभूलपुरा पुलिस थाना फूंक दिया था। नगर निगम की जेसीबी, वाहन, अन्य उपकरणों को भी क्षतिग्रस्त किया था। इस पर पूर्व नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने नुकसान का आकलन करने के बाद भरपाई के लिए अब्दुल मलिक निवासी की 2,68,40002 रुपये की आरसी काट दी थी। इसमें 2.44 करोड़ रुपये जुर्माना, 24.40 लाख रुपये वसूली शुल्क व 2 रुपये साइटेशन शुल्क शामिल हैं। अब्दुल मलिक की गिरफ्तारी के बाद वसूली के लिए उसकी चल-अचल संपत्ति ढूंढने में लग गया था। साथ ही जेल में बंद बंदी को नोटिस तामीली को लेकर भी कानूनी दावपेच समझे जा रहे थे।

गेहूं खरीद नीति 24-25 को मंजूरी

लखनऊ, अमृत विचार : राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदेगी। किसानों को 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान होगा। यह सरकारी खरीद 6500 खरीद केंद्रों के जरिए की जाएगी। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से सरकार ने गेहूं खरीद नीति 2024-25 को मंजूरी दे दी है। नीति के मुताबिक कुल आठ एजेंसियां खरीद करेंगी। ये एजेंसियां हैं-खाद्य विभाग की विपणन शाखा, मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पीसीएफ), उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव यूनियन (यूपीपीसीयू), उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ (यूपीएसएस), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड), भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) और भारतीय खाद्य निगम।

पिछले लोस चुनाव में राहुल गांधी के चौकीदार चोर है के जवाब में इंटरनेट मीडिया पर शुरू हुआ था मैं भी चौकीदार

मैदान-ए-जंग में चौकीदार के बाद मोदी का परिवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निःवंश करार देने के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के निजी हमले के जवाब में भाजपा नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों-मंत्रियों समेत संगठन में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मोदी का परिवार बनने की होड़ सी मच गई है।

पांच साल पहले भी मोदी ने राफेल के संदर्भ में राहुल गांधी की ओर से चौकीदार चोर है के हमले से ऐसा ही एक हथियार मैं भी चौकीदार से विपक्ष की सारी कोशिशें ध्वस्त करते हुए बड़ी जीत के साथ दूसरी बार सत्ता हासिल की थी। अब वोटरों में संवेदनात्मक लगाव जगाने के लिए मोदी का परिवार बनने का अभियान चलाकर

बड़े अंतर से हैट्रिक की तैयारी है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने सोमवार को मोदी का परिवार अभियान शुरू कर दिया है। इसी माह कभी भी चुनावी अधिसूचना जारी हो सकती है। राजनीतिक दलों की ओर से चुनावी रैलियों की शुरुआत हो चुकी है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान पर राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी रैली में रविवार को पटना में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा था कि नरेंद्र मोदी के पास परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह बस राम मंदिर पर डींगें ही हांकते रहते हैं। वह तो एक सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा के अनुसार, एक बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवाया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने अपनी मां के निधन पर ऐसा नहीं किया। मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के अदिलाबाद में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन को निशाने पर लेते हुए उनके परिवार को लेकर किए गए हमले को हथियार बनाते हुए भाजपा के चुनावी अभियान में शामिल कर लिया। यह सब कुछ वैसा ही है जैसा 5 साल पहले 'मैं भी चौकीदार' का अभियान चलाया गया था। मोदी के इस बयान के बाद एक्स पर भाजपा ने नए अभियान का आगाज कर दिया। अभियान का नाम दिया गया मोदी का परिवार। फिर क्या था भाजपा के तमाम शीर्ष नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना बॉयो बदल दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में होगी 10 रैली

लखनऊ। भाजपा ने सोमवार को प्रदेश में चुनावी रैलियों और रोड-शो की योजना को अंतिम रूप दिया है। इसे केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। योजना के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में 10 रैली होगी और वाराणसी में रोड-शो भी करेंगे। जबकि गृहमंत्री अमित शाह की 12 रैली कराने की योजना बनी है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर लोकसभा में रैली करेंगे, इसके लिए एक दिन में दो से तीन सीटों पर उनकी सभाएं होगीं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश में 15 से ज्यादा रैलियां करेंगे। इसके अलावा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि तमाम नेताओं की रैली के कार्यक्रम तय किए गए हैं। सहयोगी दलों सुभासपा, रालोद, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) के नेताओं के भी कार्यक्रम किए गए हैं।

नड्डा, शाह व योगी ने बदला बॉयो, जोड़ा मोदी का परिवार

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रियों नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अनुराग ठाकुर आदि समेत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तमाम नेताओं ने एक्स पर अपना बॉयो बदल कर नाम के आगे मोदी का परिवार लिख दिया।

एसएससी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले तीन लोग गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- छत्तीसगढ़ व असम की परीक्षाओं में उप्र के अभ्यर्थियों को पास कराने को बनाते थे फर्जी दस्तावेज

अमृत विचार : छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम राज्य में होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के अभ्यर्थियों को पास कराने को फर्जीवाड़ा करने वाले तीन को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के हत्थे चढ़े तीनों आरोपी उन राज्यों का फर्जी आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट एवं वोटर आईडी तैयार करते थे।

पकड़े गए तरूण, रॉबिन उर्फ रवि, और सचिन बुलन्दशहर के रहने वाले हैं। एसटीएफ ने तीनों को वहीं से पकड़ा है। उनके पास से बड़ी संख्या में आधार कार्ड मूल व छाया प्रति, मूल निवास प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन फार्म, मार्कशीट की छाया प्रति, मार्कशीट बनाने का प्रोफार्मा, एसएससी एडमिट कार्ड, वोटर आईडी कार्ड की छाया प्रति और वोटर आईडी कार्ड बनाने का प्रोफार्मा आदि बरामद किया गया है। पूछताछ में पता चला कि उनका एक गिरोह है, जो फर्जी कागजात बनाते है। छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम में आयोजित होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के युवको को लाभ पहुंचाने के लिए उन राज्यों का फर्जी दस्तावेज तैयार करते है। फर्जी प्रमाण-पत्र बनाने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी से पांच लाख रूपये लेते रहे हैं। उनमें से 2 लाख रूपये फर्जी दस्तावेज बनाने वाले मनोज व टिंकू को देते रहे हैं। शेष पैसा आपस में बांट लेते है।

तंबाकू कारोबारी के यहां 100 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी

7 करोड़ नकद और 200 करोड़ संपत्ति के कागजात जब्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बंशीधर तंबाकू समूह के देश भर में ठिकानों पर पड़े छापे
- 12 करोड़ की घड़ियां व 60 करोड़ की कारें भी टीम ने बरामद की

अमृत विचार : बड़े तंबाकू कारोबारी के आर्य नगर स्थित पुराने बंगले व प्रतिष्ठानों में चल रही आयकर विभाग की छापेमारी सोमवार को पांचवें दिन खत्म हो गई। देशव्यापी छापेमारी में 100 करोड़ से अधिक टैक्स चोरी पकड़ी गई है। आयकर टीम ने अलग-अलग ठिकानों से 12 करोड़ की घड़ियां, सात करोड़ की ज्वेलरी, 60 करोड़ की कारें और सात करोड़ नकदी जब्त की है। इसके अलावा 200 करोड़ से अधिक की प्रॉपर्टी के कागजात भी जब्त किए गए हैं। हालांकि अभी दिल्ली के वसंत बिहार स्थित बंगले के अलावा अहमदाबाद स्थित फैक्ट्री पर जांच जारी है।

दिल्ली और गुजरात में कारोबार शिफ्ट कर चुके तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा उर्फ मुन्ना व उनके बेटे शिवम के देशभर के प्रतिष्ठानों (बंशीधर तंबाकू समूह) में आयकर विभाग ने छापा मारा था। आयकर अधिकारियों के मुताबिक कारोबारी ने अधिकांश कालाधन संपत्ति में खपाया है।

कानपुर, दिल्ली, गुजरात व मुंबई में 20 से अधिक संपत्तियों के कागजात मिले हैं। आयकर टीम को कारोबारी के बेटे शिवम मिश्रा के नाम पर भी कई संपत्तियां मिली हैं, जिनकी कीमत 200 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है। इन संपत्तियों को खरीदने में पैसा कहां से आया, इसकी जांच शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही नयागंज स्थित प्रतिष्ठान और आवास से बड़ी संख्या में कारोबार से जुड़ी फाइलें जब्त की गई हैं।

आयकर टीम को करीब 50 करोड़ रुपये के लेन-देन के कच्चे पर्चे भी बरामद हुए हैं। आयकर अधिकारियों के मुताबिक छह ऐसी कंपनियों के साक्ष्य मिले हैं, जिनका इस्तेमाल टैक्स चोरी और काली कमाई को खपाने में किया गया। अब तक करीब 100 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की बात सामने आई है। कारोबारी केके मिश्रा से जुड़े कई गुटखा कारोबारी भी रडार पर आ सकते हैं। कारोबारी केके मिश्रा ने हार्ट का सर्जरी का हवाला दिया है, जिस कारण टीम ने उनसे फिलहाल पूछताछ नहीं की है। टीम ने उनके बेटे शिवम मिश्रा से पूछताछ कर जानकारी हासिल की।

बिजली आपूर्ति में सुधार के लिए केंद्र को भेजा प्रस्ताव

- 42,968 करोड़ 55 लाख रुपये की वृहद कार्ययोजना तैयार

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने प्रदेश में बिजली आपूर्ति के सुधार के लिए 42,968 करोड़ 55 लाख रुपये की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव केंद्र को भेजा है। केंद्र की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत यह रकम मांगी गई है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित कार्ययोजना के तहत शहरों में बिजली तारों को भूमिगत करने, नए बिजली उपकेंद्र बनाने, उपकेंद्रों व ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाने व अन्य सुधार कार्य कराए जाएंगे। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत पहले से 13500 करोड़ रुपये से कार्य कराए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 5000 करोड़ रुपये के कार्य प्रस्तावित किए गए हैं।

ओपन जेल व्यवस्था की योजना पेश करने का आदेश

लखनऊ, विधि संवाददाता

- उपायों पर सभी जेल अधीक्षकों से भी हाईकोर्ट ने मांगी राय

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राजस्थान व महाराष्ट्र के तर्ज पर प्रदेश में 'ओपन जेल' की व्यवस्था तथा इस प्रकार के अन्य सुधारात्मक उपायों को लागू करने के संबंध में योजना अथवा प्रस्ताव पेश करने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा है कि प्रदेश के सभी जेलों के जेल अधीक्षक अपना प्रस्ताव दे सकते हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने वर्ष 1998 में मॉडल जेल से मिले एक कैदी के पत्र के आधार पर दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। हालांकि न्यायालय ने अब इस मामले को यूपी बनाम स्टेट ऑफ यूपी स्वतः संज्ञान याचिका के तौर पर टाइटिल देने का भी आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी पूछा है कि अंडर ट्रायल व दोषसिद्ध कैदियों के कमाई पर निर्भर उनके परिवारों को सहयोग किए जाने की भी क्या कोई योजना है। मामले की अगली सुनवाई 29 मार्च को होगी। न्यायालय ने अपने पूर्वे के आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार के अधिवक्ता को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश प्राप्त कर कोर्ट को अवगत कराने को कहा है कि मॉडल जेल में कुल कितने विचाराधीन कैदी और कितने सजायाफता कैदी बंद हैं और इनमें पुरूष व महिला कैदियों की संख्या कितनी है। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी पूछा था कि क्या किसी महिला कैदी के साथ कोई बच्चा भी रह रहा है। न्यायालय ने अपने इस आदेश की जानकारी अपर मुख्य सचिव, गृह व महानिदेशक, कारागार को देने का निर्देश दिया है।

सार-संक्षेप

नहर में वैन गिरी, भाई व दो बहनों सहित 4 की मौत

बुलंदशहर,एजेंसी : जिले के जहांगीरपुर थाना इलाके में एक वैन के नहर में गिर जाने से दो बहनों और एक भाई सहित 4 लोगों की मौत हो गई। दो लोग अभी लापता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि रविवार देर रात बरसात काफी तेज हो रही थी और तभी यह सूचना मिली कि थाना जहांगीरपुर क्षेत्र में कपना नहर में एक वैन गिर गई है। एसएसपी ने बताया कि नहर के ठीक बगल में एक मंदिर का प्रांगण है, जिसमें बाढ़ पीएसी (प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी) के कर्मी रुके हुए थे। आवाज सुनते ही उन्होंने तत्काल पांच लोगों को वहां से निकाला जिसमें से दो पूरी तरह सुरक्षित हैं और 4 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान ककोड़ थाना इलाके के शेरपुर गांव निवासी कांता (22), मनीष (21) और अंजलि (18) के रूप में हुई है। बादमें एक और व्यक्ति का शव मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है और सभी मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है।

12 करोड़ से अधिक ग्रामीणों तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

लखनऊ, अमृत विचार : जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना के तहत सोमवार तक प्रदेश में दो करोड़ 10 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन पहुंचा दिया गया है। इसी के साथ 12 करोड़ 62 लाख से अधिक ग्रामीणों तक शुद्ध पेयजल पहुंच चुका है। राज्य सरकार इस योजना से युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के साथ ही युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में 1,16,388 युवाओं को प्लंबिंग, 116388 इलेक्ट्रीशियन, 1,16,388 मोटर मैकेनिक, 116388 फिटर, 174582 राजमिस्त्री, 1,16,388 पम्प ऑपरेटर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर खेतों में उतरे अधिकारी, कर रहे सर्वे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अफसरों ने राहत आयुक्त कार्यालय में भेजी रिपोर्ट

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश मिलते ही सोमवार को विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी हरकत में नजर आए। वे सुबह से ही किसानों से संपर्क साधकर खेतों में पहुंचे और फसलों के नुकसान का जायजा लिया, फिर सर्वे रिपोर्ट राहत विभाग को सौंपी।

दरअसल, लगभग सभी जिलों में निरंतर सर्वे कार्य चल रहा है। इसके साथ ही बिजली गिरने से हुई जनहानि व पशुहानि का भी सर्वे कराकर मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने रविवार को अधिकारियों को खेत-खलिहानों में जाकर ओलावृष्टि व बारिश से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे करने का निर्देश दिया था। प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर ओलावृष्टि व भारी वर्षा के कारण सभी फसलों के नुकसान का सर्वे शाम तक लगभग पूरा कर लिया जाएगा। वहीं छूटे हुए किसानों के लिए विशेष क्षेत्रीय शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके डेटा से जुड़ी जानकारी राहत पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

24 घंटे में मिले किसानों को खाते में क्षतिपूर्ति राशि

मुख्यमंत्री ने आदेश दिया था कि संबंधित विभाग को डिटेल उपलब्ध कराया जाए, जिससे 24 घंटे में प्रभावित किसानों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि को भेजा जा सके। योगी ने अधिकारियों को क्षतिपूर्ति देने में लापरवाही न करने की हिदायत दी थी। इसके बाद सोमवार को सहारनपुर के जिलाधिकारी, इटावा, जालौन, मुजफ्फरनगर, झांसी समेत अनेक जिलों के अफसरों ने किसानों से संपर्क साधा और खेतों में जाकर नुकसान का जायजा लिया।

संतरी व कार्यालय ड्यूटी नहीं करेंगी महिला सिपाही

लखनऊ, अमृत विचार : थाने पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को अब संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी कार्य से निजात मिलेगी। उनकी बीट पर सक्रियता बढ़ाई जाएगी। अपर पुलिस महनिदेशक (स्थापना) संजय सिंघल ने इस आशय का आदेश जारी किया है। प्रदेश के सभी पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर तथा पुलिस कप्तानों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बीते दिनों डीजीपी ने साप्ताहिक स्टाफ बैठक में निर्देश दिया कि थानों पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों से संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी न लिया जाए। उन्हें अधिक से अधिक बीट (फिल्ड) पर भेजा जाना सुनिश्चित किया जाए।

डेढ़ लाख परीक्षक जांचेंगे तीन करोड़ उत्तरपुस्तिकाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी बोर्ड ने सोमवार को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्यक्रम भी घोषित कर दिया। 16 मार्च से 31 मार्च तक कापियों का मूल्यांकन प्रदेश के 260 केंद्रों पर होगा। बोर्ड ने मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण कर दिया है। इन सभी केंद्रों पर करीब डेढ़ लाख परीक्षक तीन करोड़ कापियों का मूल्यांकन करेंगे। परीक्षक 55 लाख से अधिक परीक्षार्थियों के शैक्षणिक भविष्य का मूल्यांकन 13 दिन के भीतर करेंगे।

यूपी बोर्ड ने परीक्षा के साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी भी शुरू कर दी है। बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 9 मार्च को समाप्त हो रही हैं। बोर्ड ने इसी बीच मूल्यांकन का कार्यक्रम भी तय कर दिया है। जिलेवार मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया है। हाईस्कूल के लिए 131 एवं इंटर की उत्तरपुस्तिकाओं के लिए 116 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। 13 मूल्यांकन केंद्र मिश्रित बनाए गए हैं।

बोर्ड ने कुल 260 मूल्याकंन केंद्र बनाए हैं। इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 29,47,311 एवं इंटर में 25,77,997 समेत कुल 55,25,308 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हाईस्कूल परीक्षा की 1.76 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 94,802 एवं इंटर परीक्षा की 1.25 कापियों के मूल्यांकन के लिए 52,295 परीक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस प्रकार कुल 3.01 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के लिए 1,47,097 परीक्षकों को तैनात किया गया है।

वर्ग पहेली-362

बाएं से दाएं

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।
5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला, बांटने वाला।
6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता
7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।; 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टांका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता, स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

ऊपर से नीचे

1.1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।
2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।
3.1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम, किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।
5. वन, जंगल, बियावान, कानन अरण्य।
6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।



वर्ग पहेली - 361 का हल

1 प	ल	■	2 उ	ट	3 ज
शु	■	■	ता	■	ग
दे	■	4 यु	व	ती	■
5 व	शी	■	ला	■	6 का
वा	■	7 उ	प	ता	प
8 द	ह	क	न	■	टि
■	■	ठा	■	9 रैं	क

सुडोकू -79

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		6	9		1			
1			2	4				
2		4				9		5
		7			9		4	
6		3	5		4			9
	8		1			6		
9		8				2		6
				2	8			7
			6		3	1		

सुडोकू - 78 का हल

4	7	3	6	9	5	1	8	2
1	9	5	2	4	8	3	7	6
8	2	6	3	1	7	4	9	5
6	1	7	4	2	3	9	5	8
9	5	2	7	8	1	6	4	3
3	4	8	9	5	6	7	2	1
7	8	1	5	3	4	2	6	9
5	6	9	1	7	2	8	3	4
2	3	4	8	6	9	5	1	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मार्च, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 08.04 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 16.00 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

मेष — आज जीवनसाथी के साथ तनाव में वृद्धि हो सकती है। परिस्थितियों को संभालने में थोड़ी कठिनाई होगी। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। नई जॉब की शुरुआत कर रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

वृष — आज आपका मन किसी कारण से अप्रसन्न हो सकता है। बिना मतलब की बातों में समय बर्बाद न करें। गले और छाती में विकार उत्पन्न हो सकते हैं। छात्र अपने भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। मन की इच्छाओं को प्रकट करने से बचें।

मिथुन — आज अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। किसी गंभीर समस्या का आपको समाधान मिल सकता है। कार्य व्यवसाय में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। अचानक आपको उच्च पद मिल सकता है। आपके मन में अच्छे विचारों का प्रभाव रहेगा।

कर्क — आज विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यवसाय में लक्ष्य तय समय पर प्राप्त कर लेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन सफलता मिलने के आसार हैं। प्रियजनों के साथ आनंद युक्त समय बिताएंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा।

सिंह — आज अपनी गलतियों की जिम्मेदारी स्वयं लें दूसरों पर न लादें। बच्चे रचनात्मक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। व्यवसाय में लाभ के अवसर चूक सकते हैं। क्रोध और आवेग से आपको बचना चाहिए।

कन्या — आज अपने खर्चों का हिसाब रखें। मानसिक रूप से संतुष्ट रहेंगे। अनावश्यक बातों में समय नष्ट न करें। व्यापार में जबरदस्त गति होने की संभावना है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को परेशानी हो सकती है।

तुला — आज पूरा दिन काफी अच्छा व्यतीत होगा। सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की संभावना है।

वृश्चिक — आज पैतृक संपत्ति का लाभ प्राप्त होगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बढ़ा-चढ़ाकर दिखा सकते हैं। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलने की संभावना है। आपका ध्यान व्यर्थ गतिविधियों में जा सकता है।

धनु — आज रुक-रुक कर आपके सभी काम पूर्ण हो जाएंगे। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। घर के सदस्यों में आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। प्रेमीजन के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

मकर — आज अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास बनाए रखें। मौसम में आए परिवर्तन के कारण कफ की समस्या हो सकती है। अकड़ू व्यवहार के कारण आपको परेशानी हो सकती है। नकारात्मक वातावरण से बचने का प्रयास करें।

कुंभ — आज आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी आनंदित हो सकते हैं। आपके मस्तिष्क में नवीन योजनाओं की रूपरेखा बन सकती है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों के वेतन बढ़ने की संभावना है।

मीन — आज आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्राओं से लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के सहयोग से आपके सभी काम आसानी से हो जाएंगे। कारोबार में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- लोहा — सुबह : 11.34
- परदेसी बाबू — रात : 08.00

SONY MAX
- पागलपंती — सुबह : 09.00
- अफवाह — रात : 07.00

SONY PIX
- सुसाइड स्क्वॉड — सुबह : 09.34
- एक्वामैन — रात : 08.45

ZEE CINEMA
- सम्राट एंड कंपनी — सुबह : 10.30
- हैक्ड — शाम : 04.30

colors CINEPLEX
- परंपरा — सुबह : 10.58
- बिल्लू — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

लड़की- जब पिता जी सो जाएंगे तो मैं सिक्का फेंकूंगी तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना।
लड़की सिक्का फेंकती है पर लड़का ऊपर नहीं आता।
एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का- अरे मैं तो सिक्का ढूंढ रहा था
लड़की- अरे पागल वो तो धागा बांध कर फेंका था वापिस खींच लिया।

पप्पू की टांग टूट गई अस्पताल गया तो देखा की वहां एक आदमी की दोनों टाँगे टूटी हैं।
पप्पू उसके पास गया और पूछा की आपकी दो पत्नियां हैं क्या?

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	73,872.29	22,405.60
बढ़त	66.14	27.20
प्रतिशत में	0.09	0.12

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, मंगलवार, 5 मार्च 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 1835, राज श्री 1350, फॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 41500, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 6850–7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000–10800, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700–11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200–14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**–डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज (नई) 4010, बहेड़ी (नई) 4020 रुपये।

मूडीज ने जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

रेटिंग एजेंसी ने 2024 के लिए भारत में वृद्धि दर 6.1 से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दी

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के कैलेंडर साल के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।

वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत रही है। ऐसे में पूरे 2023 के साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7

प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों ने 2023 में वृद्धि के मोर्चे पर सार्थक नतीजे दिए हैं। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां अब कम रह गई हैं, जिसकी वजह से भारत आसानी से छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है। मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024 में कहा, ''भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के कारण हमने 2024 के लिए अपना वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।'' मूडीज ने कहा कि 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार 2024 की मार्च तिमाही में जारी है।

चुनाव के बाद निरंतरता की कर रहे उम्मीद: मूडीज

मूडीज ने कहा–हम आम चुनाव के बाद नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा हमारा मानना है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि निजी औद्योगिक पूंजीगत व्यय की वृद्धि धीमी रही है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के लाभ और सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर निवेशकों की प्रतिक्रिया से इसमें तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024 भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे कई जी20 देशों के लिए चुनावी साल है। मूडीज ने कहा कि चुनाव का असर सीमा से आगे दिखाई देता है। मूडीज ने कहा कि इन चुनावों में जो नेता चुने जाएंगे, अगले चार से पांच साल के दौरान घरेलू और विदेशी नीतियों पर उनका प्रभाव देखने को मिलेगा।

शेयर बाजार में तेजी नए रिकॉर्ड स्तर पर सेंसेक्स, निफ्टी

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। मूडीज के 2024 के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान बढ़ाये जाने के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 66.14 अंक यानी 0.09 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 73,872.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह एक समय 183.98 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 27.20 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड स्तर 22,405.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह अपने अबतक के उच्चतम स्तर 22,440.90 अंक तक चला गया था।

दिल्ली में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपये

- आप सरकार का 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश
- वित्त मंत्री आतिशी ने योजना की घोषणा की

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये के परिव्यय का बजट पेश किया। अपना पहला बजट पेश करते हुए आतिशी ने 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' की घोषणा की, जिसके तहत 18 वर्ष और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे।

आतिशी ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है। आम चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में उन्होंने 'बिजनेस ब्लास्टर्स' योजना का विस्तार विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों

(आईटीआई) तक करने की घोषणा की। अभी तक यह योजना स्कूलों में लागू की जा रही थी। पिछले साल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे और जी20 की तैयारियों के तहत नौ योजनाओं की घोषणा की थी।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	65,300
गिन्नी (प्रति नग)	48,600–48,800
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,500
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	64,350
सोना जेवरात गिन्नी	63,350
चांदी पक्की	721 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,600
चांदी आभूषण	72,800।

आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन पर आरबीआई की रोक

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड पर सोने के बदले कर्ज की मंजूरी या वितरण पर सोमवार को तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सोना गिरवी रखकर कर्ज देने के मामले में कुछ चिंताएं सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

हालांकि, आरबीआई ने एक बयान में कहा कि आईआईएफएल फाइनेंस सामान्य संग्रह और वसूली प्रक्रियाओं के माध्यम से अपने मौजूदा स्वर्ण ऋण कारोबार को जारी रख सकता है। बयान के मुताबिक, आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लि. को निर्देश दिया है कि वह तत्काल प्रभाव से स्वर्ण कर्ज को मंजूरी देने या वितरित करने या अपने किसी भी गोल्ड लोन को असाइन/प्रतिभूतिकरण या बिक्री करना करना बंद करे। आरबीआई ने कहा कि 31 मार्च, 2023 तक आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में कंपनी का निरीक्षण किया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा-कंपनी के स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में निगरानी स्तर पर कुछ चिंताएं पाई गईं। इनमें कर्ज की मंजूरी के समय और चूक पर नीलामी के समय सोने की शुद्धता और शुद्ध वजन की जांच और सत्यापन के मामले में खामियां शामिल हैं।

आईआईटी ने दिखाया बेहद सस्ते सोलर पैनल का रास्ता

- महंगे सिलिकॉन सेल के विकल्प के रूप में सस्ती पेरोव्स्काइट सेल तकनीक विकसित की
- संस्थान की शोध को माना जा क्रांतिकारी कदम, चीन के वर्चस्व को मिलेगी चुनौती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार: आईआईटी कानपुर ने सौर ऊर्जा पर किए जा रहे शोध में बड़ी सफलता हासिल की है। विशेषज्ञों ने सौर ऊर्जा उत्पादन में सिलिकॉन सेल के विकल्प के रूप में पेरोव्स्काइट सेल तकनीक तैयार की है। यह तकनीक लागत में काफी सस्ती होने से इस शोध को क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। पेरोव्स्काइट सेल तकनीक से सौर ऊर्जा उत्पादन में लागत घटने के साथ ही लक्ष्य हासिल करना आसान हो जाएगा।

आईआईटी के सतत ऊर्जा विभाग के इस शोध अनुसंधान से माना जा रहा है कि सिलिकान सेल के उत्पादन में चीन के वर्चस्व को भारत बड़ी चुनौती दे सकेगा। विभाग की ओर से बताया गया कि शोध परिणाम चकित करने वाले हैं। पेरोव्स्काइट सेल का सौर ऊर्जा उत्पादन में अभी तक इस्तेमाल इस कारण से नहीं हो पा रहा था, क्योंकि इसकी उपयोगिता उम्र सिलिकान सेल के मुकाबले काफी कम थी। अधिक गर्मी और नमी में ये जल्दी खराब हो जाते थे। आईआईटी कानपुर ने पेरोव्स्काइट सेल की इसी कमी को दूर कर दिया है। साथ ही पेरोव्स्काइट सेल पर कार्बन की परत बिछाकर परा बैंगनी किरणों का प्रभाव रोक दिया है। इसी तरह कुछ और बदलाव करके सेल की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ उपयोग अवधि को 2 साल से ज्यादा कर दिया है।

एक लाख की जगह खर्च होंगे 10 हजार रुपये

इस वित्तीय वर्ष के बजट में भारत सरकार ने देश में एक करोड़ घरों की छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इस अभियान में तीन किलोवाट सौर ऊर्जा सिस्टम घरों की छत पर लगाया जाना है। इस सिस्टम में सौर पैनल की कीमत लगभग एक लाख रुपये आती है। पेरोव्स्काइट सेल का उपयोग करने पर ऐसा अनुमान लगाया गया है कि सौर पैनल की कीमत कई गुना कम होकर 10 हजार रुपये रह जाएगी। इससे सोलर पैनल आम लोगों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। कम कीमत वाले सोलर पैनल सौर ऊर्जा के केंद्र सरकार के अभियान को और अधिक तेजी दे सकेंगे। आईआईटी कानपुर के सतत ऊर्जा विभाग के प्रोफेसर केएस नलवा का कहना है कि पेरोव्स्काइट सेल सबसे बड़ी कमियों को दूर करने में कामयाबी हासिल करने के बाद अब इन्हे पांच साल तक टिकाऊ बनाए जाने की तकनीक पर काम किया जा रहा है।

राष्ट्रीय

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में गोली चल जाने से एक जवान की गई जान

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को नियंत्रण सीमा रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना के एक जवान की दुर्घटनावश उसकी सर्विस राइफल से गोली चल जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लांस नायक बलवीर सिंह घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली (एआईओएस) के पास तैनात थे। नौशेरा सेक्टर में उनकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल जाने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि सेना के जवान की मौके पर ही मौत हो गई।

अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में कमिश्नरेट पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने सोमवार को कहा कि गिरफ्तार ड्रग तस्कर की पहचान जसबीर सिंह उर्फ मल्ल निवासी गांव खैला कलां, लोपोके, अमृतसर ग्रामीण के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर उपायुक्त (विवेचना) हरप्रीत सिंह मंडेर ने पुलिस पार्टी के साथ एक विशेष अभियान चलाया था।

मोदी सरकार ने नौकरी के अवसर खत्म किए

मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने लगाया आरोप

शिवपुरी/गुना (मप्र), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को पहले सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नौकरियां मिल जाती थीं, लेकिन मोदी सरकार ने इस अवसर को भी खत्म कर दिया।

मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान सभाओं को संबोधित करते हुए गांधी ने मीडिया पर चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट और बॉलीवुड का राग अलापकर लोगों का ध्यान भटकाने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मीडिया अंबानी परिवार में शादी को कवर करने में व्यस्त है, लेकिन उसके पास प्रमुख मुद्दों को कवर करने का समय

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के गुना जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक नवविवाहित जोड़े के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। ● एजेंसी

नहीं है। उन्होंने कहा, ''देश तीन प्रमुख चुनौतियों, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार का सामना कर रहा है, लेकिन वे मीडिया से गायब हो गए हैं। वे (मीडिया) आपको ये मुद्दे नहीं दिखाएंगे, लेकिन वे आपसे चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट या बॉलीवुड के बारे में दिखाकर आपका ध्यान भटकाएंगे।

उन्होंने आरोप लगाया-जैसे ही आपका ध्यान इधर-उधर जाएगा, आपकी जेब से पैसा निकल जाएगा और सीधे अडाणी जी की जेब में चला जाएगा। शिवपुरी में अपने भाषण के बीच में राहुल गांधी ने एक सुरक्षाकर्मी द्वारा ले जाई जा रही राइफल की ओर इशारा किया और उससे इसके निर्माण के बारे में पूछा।

नौकरी के 'बंद द्वार' खोलेगा 'इंडिया'

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर संविदा व्यवस्था को लगातार बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) युवाओं के लिए ''नौकरी के बंद द्वार'' खोलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए ठोस योजना तैयार की गई है।

ईडी ने फेमा जांच में निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में मुंबई स्थित प्रमुख रियल्टी कंपनी हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। समझा जाता है कि 73 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी ने मामले में अपना बयान दर्ज कराते हुए संघीय जांच एजेंसी को कुछ दस्तावेज सौंपे हैं। निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत चल रही जांच के तहत ईडी ने उन्हें यहां अपने कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। दर्शन हीरानंदानी पिछले कई सालों से दुबई में रह रहे हैं। एजेंसी ने पिछले महीने मुंबई और उसके आसपास समूह के लगभग चार परिसरों की तलाशी ली थी।

50 लाख रुपये मुआवजे की याचिका पर अधिकारियों से जवाब-तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

आवारा कुत्ते के हमले का मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में पिछले माह कुत्तों के एक झुंड का शिकार हुई डेढ़ वर्षीया बच्ची के पिता की 50 लाख रुपये के मुआवजे संबंधी याचिका पर सोमवार को अधिकारियों का रुख जानना चाहा। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि आवारा कुत्ते खतरा बनते जा रहे हैं।

राष्ट्रीय राजधानी के तुगलक लेन इलाके में धोबी घाट स्थित अपने घर के बाहर बैठी डेढ़ वर्षीय बच्ची पर चार-पांच कुत्तों ने हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गयी थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के साथ-साथ दिल्ली सरकार तथा पुलिस को नोटिस जारी किए और यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों के संबंध में उनसे स्थिति रिपोर्ट मांगी कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। अदालत ने कहा-समस्या यह है कि लोग वाहनों में आ रहे हैं और कुत्तों को खाना खिला रहे हैं। इसकी वजह से कुत्ते बहुत अधिक स्थानीय हो गए हैं और वे किसी पर भी हमला कर देते हैं। वे पैदल यात्रियों के लिए खतरा बन रहे हैं।अदालत ने कहा-आवारा जानवरों को खाना खिलाना अच्छी बात हो सकती है, लेकिन खुद खाना ढूंढने की उनकी क्षमता आप छीन रहे हैं। उनके पास करने के लिए कुछ और नहीं है। याचिकाकर्ता राहुल कनौजिया के वकील ने कहा कि मौजूदा मामले में बच्चों के पार्क में कुत्तों को खाना खिलाया जा रहा है, जिससे बच्चों को खतरा है।

जयपुर में भवन निर्माण के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत

जयपुर। जयपुर के रामनगरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को एक भवन के निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जगतपुरा क्षेत्र में एक भवन के निर्माण के दौरान अचानक मिट्टी ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान झारखंड के रहने वाले राजजन्म सिंह(35), प्रेम सिंह (30) और बिहार निवासी इरशाद आलम (23) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि रामजन्म सिंह की मौके पर ही जबकि दो अन्य मजदूरों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

दो और अफसर गिरफ्तार, दो करोड़ से अधिक कैश बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

एनएचएआई रिश्वत रैकेट

सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट के भंडाफोड़ से संबंधित मामले में मध्य प्रदेश में कार्यरत एक उप महाप्रबंधक समेत एनएचएआई के दो और अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अब गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है।

भोपाल में परियोजना निदेशक का प्रभार संभाल रहे उप महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार गुप्ता और विदिशा में परियोजना निदेशक के रूप में कार्यरत हेमंत कुमार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों और भोपाल स्थित बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े रिश्वतखोरी रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए नागपुर में तैनात एनएचएआई के महाप्रबंधक और परियोजना निदेशक अरविंद काले और एमपी के हरदा में तैनात उप महाप्रबंधक ब्रिजेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा कि कुल बरामदगी बढ़कर दो करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

ईडी पर हमला : उच्च न्यायालय ने जांच संबंधी याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के परिसरों पर छापेमारी करने गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमले की जांच राज्य पुलिस से केंदीय अन्वेषण ब्यूरो को हस्तांतरित करने संबंधी ईडी की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी, राज्य सरकार और केंदीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

टीएमसी नेता तापस रॉय ने दिया इस्तीफा

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तापस रॉय ने पार्टी की कार्यप्रणाली पर निराशा व्यक्त करते हुए सोमवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। रॉय ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने विधायक पद से अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया है। संवाददाताओं से बातचीत के दौरान रॉय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके आवास पर जनवरी में छापा मारे जाने के समय उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के उप मुख्य सचेतक और बड़ानगर सीट से विधायक रॉय ने सोमवार अपराह्न अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को सौंप दिया। इससे पहले उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी गहरी निराशा व्यक्त की और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी पर ''बुरे वक्त'' में उनका साथ छोड़ने का आरोप लगाया। रॉय के इस्तीफे के बाद इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि रॉय भाजपा में शामिल होंगे या किसी विपक्षी दल का दामन थामेंगे।

गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी

अहमदाबाद। लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी दल कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और वह मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। उनके इस्तीफे की घोषणा से ठीक पहले, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा कि रविवार रात हुई एक बैठक के दौरान पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने डेर को पार्टी के सभी पदों और कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निलंबित कर दिया। गोहिल ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। गोहिल के इस बयान से पहले, भाजपा की गुजरात इकाई के प्रमुख सी आर पाटिल के पूर्व विधायक डेर के घर जाने की फुटेज स्थानीय टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित की गई। कांग्रेस की कार्रवाई की गोहिल द्वारा घोषणा किये जाने के कुछ ही मिनट के भीतर, डेर ने अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन बुलाया और कहा कि पता ही नहीं चला कि उन्हें कब पार्टी ने निलंबित कर दिया।

कंटेनर से टकराई कार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

वड़ोदरा। गुजरात के वड़ोदरा शहर के पास राजमार्ग पर खड़े कंटेनर से एक कार टकरा गई, जिससे उसमें सवार दो दंपतियों और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कपूराई पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना रविवार देर रात हुई जब एक ही परिवार के दो पुरुष, अपनी पत्नियों और दो बच्चों के साथ कार में वड़ोदरा जिले के कर्जन तालुका से वापस आ रहे थे। उन्होंने बताया कि कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि दो दंपतियों और एक साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 साल का दूसरा बच्चा घायल हो गया।

महुआ मोइत्रा की अंतरिम याचिका खारिज

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की ओर से दायर एक अंतरिम याचिका सोमवार को खारिज कर दी जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्रई को उनके खिलाफ कोई भी "फर्जी और अपमानजनक" सामग्री पोस्ट करने या प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध किया गया था। मोइत्रा को हाल ही में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने आदेश सुनाते हुए कहा, ''मैंने रोक के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी है।'' उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर, 2023 को मोइत्रा, दुबे और देहाद्रई के वकील की दलीलें सुनने

के बाद अंतरिम याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था, वह पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से सांसद थीं। मोइत्रा ने पिछले साल अक्टूबर में दायर अपनी याचिका में दुबे, वकील देहाद्रई, सोशल मीडिया मंच 'एक्स', गूगल, यूट्यूब और 15 मीडिया संस्थानों को उनके खिलाफ अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण बयानों के प्रकाशन, प्रसारण से स्थायी रूप से रोके जाने का अनुरोध किया है।

टीएमसी नेता मोइत्रा को ईडी का दूसरा समन जारी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस की नेता और पूर्व लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को फेमा उल्लंघन मामले में दूसरा समन जारी कर 11 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा (49) ने पिछले महीने एजेंसी को एक पत्र भेजकर पेश होने में असमर्थता जताई थी और पूछताछ का सामना करने के लिए कुछ सप्ताह का समय मांगा था।

इनेलो नेता के दो हत्यारोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़/नई दिल्ली। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में गोवा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इनेलो की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष राठी और पार्टी कार्यकर्ता जयकिशन की 25 फरवरी को झज्जर के बहादुरगढ़ में अज्ञात हमलावरों ने उनके वाहन पर गोलीबारी कर हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि आशीष और सौरभ को हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल, जिला पुलिस और दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के संयुक्त अभियान में गोवा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को गोवा से दिल्ली लाया गया और फिर झज्जर ले जाया गया।

स्मृति मंधाना

80 रन
50 गेंद
10 चौके
3 छक्के

मंधाना और पैरी के अर्धशतकों के दम पर आरसीबी ने यूपी वारियर्स को हराया

बेंगलुरु की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर बनाए 193 रन, यूपी वारियर्स को 23 रन से दी मात

बेंगलुरु, एजेंसी

कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला एलिसे पैरी के अर्धशतकों से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को यूपी वारियर्स को 23 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर आरसीबी ने 3 विकेट पर 193 रन बनाए। पैरी ने 37 गेंद में 4 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। मंधाना और पैरी ने दूसरे विकेट के लिए 64 गेंद में 95 रन की साझेदारी की। जवाब में यूपी वारियर्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 175 रन ही बना सकी। कप्तान एलिसा हीली (38 गेंद में 55 रन) को छोड़कर यूपी की कोई बल्लेबाज टिक नहीं सकी। यह डब्ल्यूपीएल के बेंगलुरु चरण का आखिरी मैच था और अब मैच मंगलवार से दिल्ली में होंगे।

वारियर्स की शुरुआत शानदार रही और उसने 4.2 ओवर में ही 47 रन बनाए। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहला ओवर मेडन डाला, लेकिन हीली और किरण नवगिरे ने आक्रामक बल्लेबाजी की। हीली ने तेज गेंदबाज सोफी डेवाइन को दूसरे ओवर में 2 छक्के जड़े और रेणुका के अगले ओवर में दोनों ने 24 रन निकाले। डेवाइन ने नवगिरे को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा और रनगति पर अंकुश लगाया। यूपी ने चामरी अटापट्टू (8), ग्रेस हैरिस (5) और श्वेता सहरावत (1) के विकेट गंवा दिए। बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू ने हीली को आउट करके यूपी की उम्मीदें खत्म कर दी। इससे पहले दो मैच हारने के बाद आरसीबी ने सोफी डेवाइन की जगह एस मेघना से पारी की शुहरुआत कराई। मेघना और मंधाना ने 5.3 ओवर में 51 रन जोड़कर आरसीबी को मजबूत शुरुआत दी। आरसीबी ने पावरप्ले में 1 विकेट पर 57 रन बनाए। मंधाना ने 50 गेंद में 10 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। मंधाना ने 28 रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए आफ स्पिनर चामरी अटापट्टू और बाएं हाथ की तेज गेंदबाज अंजलि सरवनी की धुनाई की। आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने उन्हें पवेलियन भेजा और डीप मिडविकेट में पूनम खेमनार ने कैच लपका। बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ को लगातार 2 छक्के लगाने वाली पैरी और रिचा घोष ने तीसरे विकेट के लिए 18 गेंद में 42 रन जोड़े। यूपी वारियर्स की वृंदा दिनेश कंधे की चोट के कारण डब्ल्यूपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गई। उन्हें 28 फरवरी को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी। यूपी टीम ने विकेटकीपर बल्लेबाज उमा छेत्री को विकल्प के तौर पर दस लाख रुपए की बेसप्राइज पर लिया। आरसीबी ने चोटिल श्रेयांका पाटिल की जगह अनुभवी एकता बिष्ट को उतारा।

विमेंस प्रीमियर लीग

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	नेट रन रेट
दिल्ली	4	3	1	6	1.251
मुंबई	4	3	1	6	0.402
बेंगलुरु	5	3	2	6	0.242
यूपी	5	2	3	4	-0.073
गुजरात	4	0	4	0	-1.804

संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : 198/3, स्मृति मंधाना 80, एलिस पेरी 58, एस मेघना 28, ऋचा घोष 21*। **विकेट :** अंजली सरवानी 1, दीप्ति शर्मा 1, सोफी एकल्सटन 1

यूपी वॉरियर्स : 175/8, अलिसा हीली 55, दीप्ति शर्मा 33, पूनम खेमनार 31, किरण नवगिरे 18। **विकेट :** सोफी डिवाइन 2, सोफी मोलिन्यू 2, जॉर्जिया वेयरहम 2, सोभना आशा 2

खेल डायरी

आईसीसी फरवरी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में जायसवाल

दुबई। इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट शृंखला में सर्वाधिक रन बना चुके भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी फरवरी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में हैं जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और श्रीलंका के पाथुम निसांका भी नामित हैं। आईसीसी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने फरवरी 2024 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए महिला और पुरुष वर्ग में नामांकन का ऐलान किया है। इसमें कहा गया कि गत माह कई बड़े मुकाबले हुए और आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में टेस्ट में बड़े स्कोर बनाने वाले दो खिलाड़ी और श्रीलंका के रिकॉर्ड तोड़ने वाले वनडे बल्लेबाज हैं। जायसवाल को पहली बार नामांकन मिला है, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 4 टेस्ट में 655 रन बनाए हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम और राजकोट में दोहरे शतक जड़े। राजकोट में उन्होंने एक पारी में 12 छक्कों के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। लगातार दो दोहरे शतक जड़ने वाले वह डॉन ब्रैडमेन और विनोद कांबली के बाद तीसरे युवा खिलाड़ी बने। दूसरी ओर विलियमसन ने द. अफ्रीका के खिलाफ शृंखला में पहली जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने माउंड माउंगानुइ में पहले टेस्ट में दो शतक जमाने के बाद हैमिल्टन में नाबाद 133 रन बनाए।

अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन को प्रणीत ने कहा अलविदा

नई दिल्ली। विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता बी साइ प्रणीत ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन को अलविदा कह दिया। हैदराबाद के प्रणीत ने तोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था लेकिन उसके बाद से चोटों से जूझ रहे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा कि मैं उस खेल को अलविदा कह रहा हूं जो 24 से अधिक साल से मेरे लिए सब कुछ रहा है। अपने अब तक के सफर के लिए अभिभूत और कृतज्ञ हूं। प्रणीत ने लिखा कि बैडमिंटन मेरा पहला प्यार और साथी रहा है। इसने मेरे वजूद को मायने दिए। जो यादें हमने साझा की, जो चुनौतियां हमने पार की, वे सदैव मेरे हृदय में रहेंगी। प्रणीत अगले महीने अमेरिका में ट्रायंगल बैडमिंटन अकादमी के मुख्य कोच के रूप में जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मैं अप्रैल में वहां जाऊंगा।

टेबल टेनिस टीम ओलंपिक के लिए हुई क्वालीफाई

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। बुसान में विश्व टीम चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और समापन के बाद 7 स्थान बचे थे और टीमों को रैंकिंग से चुना गया। आईआईटीएफ ने कहा कि शीर्ष टीमें जो क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस के लिए टिकट हासिल किया। महिलाओं में भारत 13वीं रैंकिंग पर था, उसने पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड के साथ ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष टीम स्पर्धा में क्रोएशिया (12), भारत (15) और स्लोवेनिया (11) ने टिकट कटाया। भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल ने ट्वीट किया कि भारत ने ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया।

मुंबई फाइनल में, तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया

रणजी ट्राफी : शार्दुल की 109 रन की पारी और 4 विकेट लेने से मुंबई को मिली जीत

मुंबई, एजेंसी

शार्दुल ठाकुर के प्रदर्शन की बदौलत कई बार की चैंपियन मुंबई ने सोमवार को तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से हराकर रणजी के फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे दिन 109 रन की पारी खेलकर मुंबई को पहली पारी के आधार पर 232 रन की बढ़त दिलाने के बाद ठाकुर की अगुआई वाले मुंबई के गेंदबाजी ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया। मेहमान टीम के लिए केवल बाबा इंद्रजीत (70 रन) ही टिक सके और तमिलनाडु अपने पहले रणजी नॉकआउट मैच में कोई चुनौती पेश नहीं कर सकी। हालांकि इंद्रजीत और प्रदोष रंजन पॉल ने चौथे विकेट के लिए 73 रन बनाकर चुनौती पेश करने की कोशिश की लेकिन इससे काम नहीं चलने वाला था। मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर 2 विकेट और 16 रन देकर 2 विकेट) की भूमिका अहम रही, जिन्होंने दूसरे दिन पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में 7 विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलाई थी। तीसरे दिन ठाकुर ने शुरू में ही तमिलनाडु के 2 विकेट झटक लिए, जिससे मुंबई ने मेहमान टीम के दूसरी पारी में 10 रन तक 3 विकेट ले लिए थे। बीसाई सुदर्शन को हालांकि श्रेयस अय्यर ने पहले ओवर में मिडविकेट पर कैच छोड़कर जीवनदान दिया, लेकिन ठाकुर ने शानदार इनस्विंगर पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट करा दिया।

ठाकुर ने नई गेंद से खतरनाक स्विंग हासिल की और एन जगदीशन को खाता भी नहीं खोलने दिया। मोहित अवस्थी ने भी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वाशिंगटन सुंदर को आउट कर सफलता का स्वाद चखा। शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद तमिलनाडु के लिए इंद्रजीत और प्रदोष रंजन ने जिम्मेदाराना साझेदारी की और मुंबई के गेंदबाजों को कोई और झटका नहीं देने दिया। इंद्रजीत ने 105 गेंद खेलकर 9 चौके की मदद से 70 रन बना लिए थे लेकिन अवस्थी की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। मुंबई के स्पिनर तनुष कोटियान (18 रन देकर 2 विकेट) और शम्स मुलानी (53 रन देकर 4 विकेट) ने फिर साथी तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर तमिलनाडु के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया तथा बाकी बचे 6 विकेट झटककर मेजबान टीम को जीत दिलाई। इससे पहले मुंबई की टीम पहली पारी में 378 रन पर सिमट गई। सुंदर ने तुषार देशपांडे (26 रन) को आउट कर कोटियान (नाबाद 89 रन) के साथ उनकी 10वें विकेट की साझेदारी समाप्त की।

सनराइजर्स के तीन साल में चौथे कप्तान बने कमिंस

हैदराबाद, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे। वह तीन साल में सनराइजर्स की कप्तानी संभालने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस तेज गेंदबाज को 20.50 करोड में खरीदा था। वह नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर हैं। कमिंस द. अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 में टीम की अगुआई की थी। सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारे नए कप्तान पैट कमिंस। सनराइजर्स 2023 के सत्र में मार्कराम की कप्तानी में अंतिम स्थान पर थी। टीम तब 14 मैच में चार जीत सकी थी। मार्कराम की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 का खिताब जीता था, लेकिन वह आईपीएल में कप्तानी बरकरार नहीं रख सके। हालांकि वह टीम का हिस्सा रहेंगे। सनराइजर्स में कप्तान बदलने की शुरुआत 2021 में तब हुई जब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर को सत्र के बीच में कप्तानी से हटाया गया था। सनराइजर्स ने वार्नर की कप्तानी में 2016 में आईपीएल का खिताब जीता था। वार्नर की जगह न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को कप्तान बनाया गया लेकिन टीम आठवें स्थान पर रही और उन्हें 'रिलीज' कर दिया गया था।

तेज गेंदबाजी के कोच बनाए गए फ्रैंकलिन

हैदराबाद। सनराइजर्स ने आईपीएल के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। फ्रैंकलिन ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन की जगह ली जिन्होंने फ्रेंचाइजी से व्यक्तिगत कारणों से ब्रेक देने का अनुरोध किया था। सनराइजर्स ने अपने सोशल मीडिया मंच पर घोषणा की कि डेल स्टेन सत्र में टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे जिससे इस सत्र में तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी जेम्स फ्रैंकलिन को दी गयी है। जेम्स आपका स्वागत है।

कुश्ती में वापसी नहीं करूंगी : साक्षी

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने सोमवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी को खारिज करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के लिए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन से वह मानसिक रूप से थक गई हैं। पिछले साल दिसंबर में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कश्ती महासंघ के चुनाव में अध्यक्ष चुनने के बाद साक्षी ने प्रेस कांफ्रेंस में कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी। वह बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के साथ प्रदर्शन कर रही हैं। उनकी मांग बृजभूषण को हटाने और गिरफ्तार की थी। साक्षी ने 'मी टू' के प्रभाव पर पैनल चर्चा में कहा कि हम तरीके से इस प्रदर्शन को सफल बनाने की कोशिश में जुटे हैं इसलिए मैं कुश्ती जारी नहीं रख पाऊंगी।

कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई चुनाव के खिलाफ याचिका पर महासंघ से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर केंद्र और भारतीय कुश्ती महासंघ से जवाब मांगा है। पहलवानों ने दिसंबर 2023 में हुए महासंघ के चुनावों को अवैध घोषित करने की मांग की है। जस्टिस सचिन दत्ता ने केंद्र, डब्ल्यूएफआई और उसकी तदर्थ समिति को नोटिस जारी किए हैं। केंद्र सरकार के वकील अनिल सोनी को मामले में निर्देश के लिए समय दिया है। अगली सुनवाई 7 मार्च को होगी।

अश्विन आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते हैं: रूट

बेंगलुरु, एजेंसी

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आक्रामक मानसिकता, विविधता और विकेट लेने के प्रयासों से प्रभावित हैं उनका मानना है कि वह प्रतिद्वंद्वी को थकाने की सोच में विश्वास नहीं करते और हर समय खतरा बने रहते हैं। अश्विन ने हाल में 500 विकेट लेने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। अश्विन धर्मशाला में 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवें मैच में 100वां टेस्ट खेलेंगे।

रूट ने कहा कि अश्विन हमेशा आपको आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं। अश्विन के पास गेंदबाजी में इतनी विविधता है कि बल्लेबाज उनकी गेंदबाजी पर हमेशा अनुमान ही लगाते रहते हैं। वह पारंपरिक ऑफ स्पिनर की तुलना में क्रीज का अलग तरह से इस्तेमाल करता है। वह ओवर स्पिन, साइड स्पिन के साथ स्टंप पर कसी गेंदबाजी करता है, वह वाइड और कैरम गेंदबाजी भी करता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि इसलिए आपको उसके अलग-अलग खतरों से सतर्क रहना पड़ता है और सुनिश्चित करना पड़ता है कि आपके पास उसकी गेंदों से निपटने के लिए बहुत अच्छा बल्लेबाजी कौशल हो ताकि आप उस पर हावी हो सकें।

नई चीजें आजमाने से हिचकिचाते नहीं अश्विन

नई दिल्ली। अश्विन के साथ खेलने वाले चेतेश्वर पुजारा का कहना है कि यह सीनियर ऑफ स्पिनर हमेशा नई चीजें आजमाने के लिए तत्पर रहता है और हमेशा खुद को बल्लेबाजों से एक कदम आगे रखता है। पुजारा ने लिखा कि अश्विन के लिए बल्लेबाजों को पढ़ना हमेशा अहम हिस्सा रहा है। वह हमेशा एक कदम आगे रहता है, वह छोटी से छोटी चीज पर भी सतर्क रहता है। वह बल्लेबाज की हरकतों को देखता रहता है, उसके लिए कोई जानकारी छोटी नहीं है। वह प्रत्येक गेंद के लिए काफी प्रयास करता है। 500 टेस्ट विकेट लेने के बाद अब वह 100 वां टेस्ट खेलने के करीब है। वह विभिन्न कारणों से यहां तक देर से पहुंचा। लेकिन मैं उसके लिए बहुत खुश हूं।

ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर हुआ रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर इसका ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म में सारा उस जाबांज महिला की कहानी दिखाएंगी, जिन्होंने रेडियो से अंग्रेजों की हालत खराब कर दी थी। ट्रेलर में सारा को स्वतंत्रता की आखिरी लड़ाई लड़ने के लिए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड स्टेशन शुरू करते और इसी के जरिए अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते देखा जा सकता है। इसमें सारा अली खान, उषा मेहता के रोल में नजर आएंगी।

शुभी की फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर जारी

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा की आने वाली फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जय मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म जय वट सावित्री मैय्या में शुभी शर्मा ने वट सावित्री मां का किरदार निभाया है।जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर से निर्मित फिल्म जय वट सावित्री मैय्या के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, अंशुमन सिंह और मोनिका सिंह हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव और कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म जय वट सावित्री मैय्या को लेकर शुभी शर्मा ने कहा कि फिल्म बेहद खूबसूरत है और इस फिल्म में मेरा किरदार शानदार है। इसके लिए मैं फिल्म के निर्माताओं का आभार व्यक्त करती हूं। वैसे फिल्म के ट्रेलर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म कितनी भव्य है और यह किस लेवल की बनी है। इस फिल्म मां वट सावित्री की महिमा का भी बखान है। मां अपने भक्तों की सारी मनोकामना है। इस फिल्म के जरिए उनकी महिमा को अलग ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा

मुंबई, एजेंसी। वर्ल्डवाइड चैनल एवं जीतेन्द्र गुलाटी की भोजपुरी फिल्म पंख का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी से रिलीज हो गया है। पंख के ट्रेलर में संजय पांडे, माही श्रीवास्तव, श्वेता म्हारा, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह (मटरू) मुख्य भूमिका में हैं। जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए विदेश जाना चाहते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में वाराणसी के पंडित संजय पांडे को दिखाया गया है जो दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं, जिसकी पत्नी उनको ताना मरते हुए नजर आती है। इसके बाद श्वेता म्हारा की एंट्री होती है, जो एक मीडिल क्लास घर की बेटी है और महत्वाकांक्षी है। वही रोहित सिंह (मटरू) विदेश जाकर खूब पैसा कमाना चाहते हैं। ट्रेलर में माही श्रीवास्तव और आयशा कश्यप दो बहनें हैं। जो दुबई जा रही है। ये सभी किरदार अपनी मजबूरी और महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए दुबई जाते हैं। विदेश में इनको क्या काम करना पड़ता है और किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसी की कहानी है पंख। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा है कि हमारी फिल्म पंख ट्रेलर आज रिलीज किया गया है, जिसमें हर कलाकार को जगह दी गई है। फिल्म में आपको कॉमेडी, ड्रामा और इमोशन का तगड़ा डोस देखने को मिलेगा। संजय पांडे ने कहा कि ये फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि इसका किरदार शानदार है जो अपने लिए नही अपनी बेटी के लिए पैसा कमाना चाहता है और पत्नी के तानों का जवाब देना चाहता है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि पंख जैसी फिल्म में योगदान का अवसर पाकर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर बहुत पसंद आने वाला है। निर्देशक पराग पाटिल ने कहा कि हमने फ़िल्म को देश से लेकर विदेश तक फिल्माया है। पंख में संजय पांडे, श्वेता महरा, माही श्रीवास्तव, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह मटरू, सुबोध सेठ, संजीव मिश्रा, यादविंदर यादव, श्वेता वर्मा, विजया सिंह, शिखा चौबे, अवनी गिरी, रानी जयसवाल, अखिलेश शुक्ला, अमरेश आनंद त्रिपथ, जुबैर शाह, योगेश पांडे, राजेश गिरी हैं।

चांदनी की फिल्म हम नहीं सुधरेंगे हुई पूरी

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री चांदनी सिंह की आने वाली फिल्म हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो गयी है। भोजपुरी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे में भोजपुरी फ़िल्म जगत के कई सारे हास्य कलाकार इकट्ठे नज़र आने वाले हैं, जहां वे सब के सब अपने अपने तरीके से चांदनी सिंह को परेशान करते नजर आने वाले हैं। हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो चुकी है ,फ़िल्म का पोस्ट प्रोडक्शन भी अपने अंतिम चरण में है।इस फ़िल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश के गोरखपुर और आसपास के इलाकों में की गई है । फ़िल्म निर्माता आनन्द रूंगटा के रूंगटा फ़िल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे का निर्देशन सुनील मांझी ने किया है।इस फ़िल्म के लेखक पिंकू दुबे हैं। फ़िल्म हम नही सुधरेंगे के गीत प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्थानी एवं संदीप साजन ने लिखे हैं, जिसका संगीत निर्देशन मधुकर आनन्द एवं ओम झा ने किया है। फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे के नृत्य निर्देशक रिक्की गुप्ता हैं, छायांकन सरफराज खान ने किया है। इस फ़िल्म में चांदनी सिंह, संजय पांडे, लोटा तिवारी, मनोज टाईगर, केके गोस्वामी, माया, मधु, महेश आचार्य, प्रकाश जैश, संजय वर्मा, आनंद मोहन , सीपी भट्ट, कुअर सुधीर सिंह , क्रिश भैया ,वीआईवी विजेंद्र, सन्तोष श्रीवास्तव, गजेंद्र एवं प्रमोद चोखानी की अहम भूमिका है।

अंकुश का होली स्पेशल 'आहि रे दिदिया' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अंकुश राजा का होली स्पेशल गाना आहि रे दिदिया रिलीज हो गया है। आहि रे दिदिया गाने को अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है।गाना आहि रे दिदिया अन्नपूर्णा फिल्म के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर अंकुश राजा ने कहा कि होली बिना संगीत कैसे हो सकता है। इसलिए हम इस बार होली को और खास बनाने के लिए एक से बढ़कर एक गाने लेकर आ रहे हैं उसी क्रम में यह भी खाना है जो आपको बेहद पसंद आएगा। हम आप सबों से आग्रह करेंगे कि आप हमारे इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इसके साथ होली के रंग को हमारे इस गाने के साथ और रंगीन बनाएं उम्मीद करता हूं कि हमारे गाने आपकी भोजपुरी होली को यादगार बनाने के लिए सक्षम है। गाना आहि रे दिदिया के गीतकार अखिलेश कश्यप, दीपक मतलबी और संगीत निर्देशक आर्य शर्मा हैं। संगीतकार शुभम तिवारी हैं। वीडियो निर्देशक आशीष सत्यार्थी हैं। निर्माता अखिलेश कश्यप हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

एक नजर

अमेरिकी सेना में एआई लड़ाकू विमान शामिल करने की मांग

वाशिंगटन। अमेरिकी वायु सेना ने अगले पांच वर्षों में एक हजार मानव रहित छोटे लड़ाकू विमान को सेवा में शामिल करने की मांग की है। जिनमें से कई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों की बदौलत स्वायत्त रूप से संचालित हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट ने कहा कि ऐसे मानवरहित लड़ाकू विमानों को एफ-35 लड़ाकू विमानों या बी-21 बमवर्षकों सहित मानवयुक्त विमानों का साथ देने और उनकी सुरक्षा करने के लिए डिजाइन किया जाएगा। अन्य विमानों और जमीनी ठिकानों पर हमला करने के लिए अपने हथियार ले जाने में भी सक्षम होंगे और उनका इस्तेमाल टोही विमान और संचार केंद्र के रूप में भी किया जाएगा।

ईरानः चुनाव में कट्टरपंथियों का दबदबा, 11 महिलाएं भी शामिल

दुबई। ईरान में हुए आम चुनाव को लेकर सोमवार को नतीजे जारी किए गए। चुनाव में कट्टरपंथी राजनेताओं का दबदबा रहा। 11 महिलाओं ने भी पकड़ बरकरार रखी है। हालांकि, अधिकारियों ने अब भी शुक्रवार को हुए मतदान के आंकड़े जारी नहीं किए हैं और न ही देरी का कोई कारण बताया। राजधानी तेहरान में मतदान केंद्रों पर कम मतदाता देखे जाने के बाद मतदान का प्रतिशत कम होने की आशंका जताई गई थी। चुने गए 245 नेताओं में से 200 को चुनाव से पहले प्रकाशित मतदाता गाइडों में कट्टरपंथी समूहों द्वारा समर्थन दिया गया था। लगभग 45 सांसदों को अपेक्षाकृत उदारवादी, रूढिवादी या स्वतंत्र बताया गया था।

अमेरिकाः पार्टी में गोलीबारी, 4 लोगों की मौत, 3 घायल

किंग सिटी (अमेरिका)। अमेरिका के कैलिफोर्निया में रविवार को अज्ञात हमलावरों ने पार्टी में गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हुए हैं। सोमवार को पुलिस ने बातया है कि, रविवार शाम 6 बजे के आसपास गोलीबारी की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। किंग सिटी पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा, किंग सिटी में तीन लोग गोली लगने से चार की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूस से घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने कहा मामले की जांच की जा रही है।

पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार, यातायात ठप

शिमला। हिमाचल समेत पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार रही, बारिश-हिमपात से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। सात क्षेत्रों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। हिमाचल में सोमवार को चार नेशनल हाईवे सहित 601 सड़कें बंद रहीं जबकि 1436 बिजली ट्रांसफार्मर अभी भी ठप हैं 124 पेयजल परियोजनाएं प्रभावित हैं। भारी हिमपात के बाद मौसम साफ होते ही लाहौल-किन्नौर में 20 जगह हिमखंड गिरने की चेतावनी जारी हुई है। जम्मू संभाग में भी कई हिस्सों में भूस्खन-बारिश हुई। स्थानीय प्रशासन ने चेतावनी जारी कर पहाड़ी क्षेत्रों में न जाने की हिदायत दी है।

बेंगलुरुः रामेश्वरम कैफे में विस्फोट की जांच एनआईए को सौंपी

नई दिल्ली, एजेंसी। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी गई है। बता दें कि 1 मार्च को ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। घटना के मुख्य संदिग्ध का अभी तक पता नहीं चला है। इससे पहले, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने रविवार को कहा था कि जरूरत पड़ने पर सरकार रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) मामले की जांच कर रही है। बता दें, रामेश्वरम कैफे में यह धमाका शुक्रवार दोपहर 1 बजे हुआ। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध कैफे के अंदर बैग रखते हुए नजर आया है। पुलिस का मानना है कि विस्फोट को अंजाम देने के लिए टाइमर के साथ एक आईईडी डिवाइस का इस्तेमाल किया गया था। संदिग्ध हमलावर का सीसीटीवी फुटेज हासिल करने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। विस्फोट स्थल कैफे के आस-पास पुलिस गहन जांच में जुटी हुई है। अब आगे की जांच एजेंसी एनआईए करेगी।

एक्स पर अब ऑडियो वीडियो कॉल की सुविधा

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) अब सभी यूजर्स को ऑडियो-वीडियो कॉल की सुविधा देने जा रहा है। एक्स ने पिछले साल यह सुविधा अपने प्रीमियम यूजर्स को दी थी। लेकिन अब इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। यह फीचर एक्स के डायरेक्ट मैसेज (डीएम) में है। आप कुछ खास लोगों या सभी को कॉल करने की अनुमति दे सकते हैं...आइए जानते हैं इसके बारे में।

फीचर कैसे करें एक्टिवेट

इसके लिए सेटिंग्स और सपोर्ट पर जाएं। फिर सेटिंग्स और प्राइवेसी, इसके बाद प्राइवेसी और सेफ्टी फिर डायरेक्ट मैसेज (डीएम) पर जाएं। वहां आपको 'ऑडियो और वीडियो कॉल की अनुमति दें' का विकल्प दिखेगा। यदि आप कॉल लेना चाहते हैं, तो वे सामान्य कॉल की तरह आएंगे। लॉक स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम (या उनके द्वारा एक्स को दिया गया नाम) दिखाई देगा।

कॉल करने का प्रोसेस

- इनबॉक्स आइकन टैप करें। आप मैसेजेज पर डायरेक्ट हो जाएंगे।
- मौजूदा डीएम कन्वर्सेशन पर टैप करें या न्यू कन्वर्सेशन शुरू करें।
- ऑडियो या वीडियो कॉल शुरू करने के लिए फोन आइकन टैप करें।
- अब ऑडियो कॉल शुरू करने के लिए ऑडियो कॉल पर टैप करें।
- वीडियो कॉल शुरू करने के लिए वीडियो कॉल पर टैप करें।
- जिस अकाउंट पर आप कॉल करेंगे उसे एक नोटिफिकेशन मिलेगा।

कैसे करें मैनेज

ऑडियो कॉल के दौरान कॉल को स्पीकर पर रखने के लिए ऑडियो आइकन पर टैप करना होगा। वहीं माइक्रोफोन आइकन टैप करके अपने माइक्रोफोन को म्यूट या अनम्यूट कर सकता हैं। कॉल के दौरान आप फ्लिप कैमरा आइकन पर टैप करके फ्रंट या बैक कैमरे के बीच स्विच कर सकते हैं। स्पीकर बंद करने के लिए ऑडियो आइकन टैप करना होगा। कैमरा आइकन टैप करने से कैमरा बंद हो जाएगा।

इंस्टाग्राम बताएगा कहां हैं आपके दोस्त

इंस्टाग्राम फ्रेंड मैप फीचर लाने वाला है। इससे आप जान सकेंगे कि आपके दोस्त कहां हैं। आप यह चुन पाएंगे कि आपके कौन से दोस्त आपकी लोकेशन देख सकेंगे और जब आप अपनी लोकेशन छिपाना चाहते हैं, तो 'घोस्ट मोड' में जा सकेंगे। आपकी लोकेशन एंड-टू- एंड एन्क्रिप्टेड होगी। इसमें मैप पर ही नोट्स छोड़ने को सुविधा भी होगी। हालांकि, यह भी जरूरी है कि यूजर्स अपनी प्राइवेसी सेटिंग्स को ध्यान से देखें और सिर्फ उन्हीं लोगों को कॉल करने या लोकेशन शेयर करने की अनुमति दें, जिन पर उन्हें भरोसा है।

हैती में जेल तोड़कर भागे 3700 कैदी इमरजेंसी लागू

पोर्ट-ऑ-प्रिंस। कैरेबियाई देश हैती में जेल तोड़कर कैदियों के भागने का मामला सामने आया है। रविवार को सशस्त्र गुटों ने पोर्ट-ऑ प्रिंस जेल पर हमला बोला था। हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए और 3700 कैदी जेल से फरार हो गए हैं।

हैती सरकार ने इस घटना को देखते हुए 72 घंटों के लिए इमरजेंसी लगाने का एलान किया है। वर्ष 2020 के बाद से देश में सशस्त्र गुटों के बीच हुई हिंसक झड़पों में हजारों लोग मारे गए हैं। इन गुट के नेताओं का कहना है कि वे प्रधानमंत्री एरियल हेनरी का इस्तीफा चाहते हैं। गुटों का दावा है कि उन्होंने पोर्ट-ऑ-प्रिंस के 80 प्रतिशत इलाके पर कब्जा कर लिया है। हैती में ताजा हिंसा बीते गुरुवार को तब हुई, जब प्रधानमंत्री ने नैरोबी का दौरा किया। उन्होंने केन्या की मल्टीनेशनल फोर्स को हैती भेजने की चर्चा की।

आर्थिक व सुरक्षा चुनौतियों के बीच शहबाज ने संभाली सत्ता की कमान

24वें प्रधानमंत्री के रूप में ली शपथ, समारोह में शामिल हुए सेना प्रमुख

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में शहबाज शरीफ ने 24वें प्रधानमंत्री तौर पर बागडोर संभाल ली है, लेकिन उनकी राह आसान नहीं है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के अलावा गठबंधन और पाकिस्तानी सेना के साथ तालमेल बिठाना बड़ी चुनौती है। यह उनका प्रधानमंत्री के तौर पर दूसरा कार्यकाल है। देश के सामने आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों के बीच 2022 के बाद उन्होंने दूसरी बार देश की बागडोर संभाली। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी दोपहर में राष्ट्रपति आवास पर आयोजित एक समारोह में शहबाज शरीफ को शपथ दिलाई।

यह शपथ ग्रहण समारोह पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठबंधन सरकार बनाने के लिए सत्ता-साझाकरण समझौते पर सहमति बनने के कुछ दिनों बाद हो रहा है। पिछले महीने आम चुनाव कराने के लिए संसद भंग होने से पहले शहबाज ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर, सभी चार प्रांतों के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों के शामिल हुए। रविवार को विपक्ष की नारेबाजी के बीच शहबाज ने नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल कर लिया। पीएमएल-एन और पीपीपी के सर्वसम्मत उम्मीदवार शहबाज को 336 सदस्यीय संसद में 201 वोट मिले।

शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू

शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि विदेश और वित्त मंत्रालय को संभालने वाले मंत्रियों के नाम पर अंतिम फैसला पाकिस्तानी सेना ही करेगी। मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान में शहबाज शरीफ सरकार की सबसे बड़ी चुनौती अर्थव्यवस्था है, क्योंकि पाकिस्तान में मुद्रास्फीति 30% की रिकॉर्ड दर से बढ़ रही है और आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है। राजकोषीय और चालू खाते के दोहरे घाटे का संकट मंडरा रहा है। सेंट्रल बैंक की रिपोर्ट के अनुसार जून 2024 में 1.99 लाख करोड़ रुपये के विदेशी ऋण के मुकाबले पाकिस्तान में 66 हजार करोड़ रुपये रिजर्व है। पाकिस्तान को डिफॉल्ट होने से बचाने के लिए आईएमएफ के 24,900 करोड़ के राहत पैकेज की समयसीमा इस माह के अंत में खत्म होने वाली है। पाकिस्तान के इस सबसे महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो को संभालने वाला व्यक्ति अपनी पार्टी की किस्मत बना देगा या बिगाड़ देगा।

नेपाल में टूटा सत्तारूढ़ गठबंधन, दहल बने रहेंगे प्रधानमंत्री

काठमांडू। नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच काफी समय से दरार देखी जा रही थी। आखिरकार अब यह गठबंधन टूट गया। पूर्व वित्त मंत्री सुरेंद्र पांडे ने बताया कि देश में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) और शेख बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच सत्तारूढ़ गठबंधन टूट गया है और प्रधानमंत्री पुष्प कुमार दहल के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार सोमवार को शपथ ली।

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी के उपाध्यक्ष पांडे ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, 'सरकार आज बदल जाएगी। नया मंत्रिमंडल बनाया जाएगा। आज कम संख्या में मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। पीएम सचिवालय के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि दहल प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। वहीं नए गठबंधन में पार्टियों द्वारा सुझाए गए मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। बता दें, पिछले आम चुनावों के गठन के एक साल बाद कैबिनेट में फेरबदल हो रहा है।

सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राजनाथ सिंह समेत मौजूद अन्य।

दूसरे देशों की तकनीक सीखने की जरूरत नहीं: राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले-चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी तरीके से विकसित करें नई तकनीक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को मानेकशा सेंटर में डेफकनेक्ट का उद्घाटन किया। स्वदेशी नवाचार को प्रोत्साहन देने और बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए साझेदारी को सुगम बनाने के लिए इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सिलेंस-डिफेंस इनोवेशन आर्गनाइजेशन (आइडीईएक्स-डीआइओ) द्वारा इसका आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा, कोई भी देश सर्वोत्तम तकनीक साझा नहीं करता है। दूसरे देशों से प्राप्त तकनीक का भी हमारे सीखने से कोई संबंध नहीं होता है। यह तभी हो सकता है जब हम इसे स्वदेशी तरीके से विकसित करें। उन्होंने आगे कहा, हम युवाओं को नए विचार लाने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया है। रक्षा क्षेत्र में नवीनीकरण और तकनीक को बढ़ावा देने के लिए इनोवेशन ऑफ डिफेंस एक्सीलेंस (आईडीईएक्स) लाया गया है।

मैं रक्षा उत्पादन विभाग को आईडीईएक्स (एडीआईटीआई) योजना के साथ विकास शुरू करने के और इस नाम के लिए बधाई देना चाहता हूं, जिसका अर्थ है देवताओं की मां। राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र को फलने-फूलने देने के लिए एक मंच की आवश्यकता है।

इजराइलः मिसाइल हमले में एक भारतीय की मौत, सात घायल

यरूशलेम। उत्तरी इजराइल के लेबनान में हिजबुल्लाह आतंकवादियों के टैंक रोधी मिसाइल हमले में सोमवार को एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। इजराइली मीडिया के अनुसार, मिसाइल हमले में सात भारतीय श्रमिक घायल हुए हैं, जबकि एक की मौके पर ही मौत हो गई।

इजराइली सेना के हेलीकॉप्टरों से घायलों को अस्पतालों पहुंचाया गया, जहां दो की हालात गंभीर है। इजराइली सैन्य प्रवक्ता के अनुसार, गाजा में चल रहे युद्ध के बीच इजराइल-लेबनान सीमा पर 150 दिनों की लड़ाई में यह हिंसा नवीनतम थी। जंग में अब तक 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा की एक चौथाई आबादी भुखमरी का शिकार है।

उमड़े भक्त...

अबु धाबी : संयुक्त अरब अमीरात (यूएसई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, 27 एकड़ में बना बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर शुक्रवार से आम लोगों के लिए खोल दिया गया। रविवार को मंदिर में करीब 65 हजार भक्त दर्शन के लिए उमड़े। भीड़ को काबू करने के लिए दो हजार के बैच में दर्शन कराए गए। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। ● एजेंसी

गर्भपात के अधिकार को मिला संवैधानिक दर्जा, विश्व का पहला देश बना फ्रांस

पेरिस, एजेंसी। फ्रांस गर्भपात को संवैधानिक अधिकार का दर्जा देने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा बुलाए गए संसद के दोनों सदनों के विशेष सत्र में गर्भपात को संवैधानिक अधिकार का दर्जा दिया गया है।

मीडिया के मुताबित, फ्रांस की संसद में इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया गया है। विधेयक के पक्ष में 780 जबकि विरोध में 72 वोट पड़े। महिला अधिकारी कार्यकर्ताओं ने विधेयक को मंजूरी मिलने पर खुशी जताई और इस कदम की सराहना की। फैसले के बाद प्रधानमंत्री गेब्रियल अटाल ने कहा कि हम सभी महिलाओं को एक संदेश भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का शरीर उनका है और कोई भी उनके बदले निर्णय नहीं ले सकता है।

चार नए अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना

केप केनवरल। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रविवार को चार अंतरिक्ष यात्री रवाना हुए। वह छह महीने तक वहां रहेंगे। स्पेसएक्स का फाल्कन राकेट कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ, जिसमें नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बैरेट और जेनेट एप्स और रूस के अलेक्जेंडर ग्रीबेनकिन शामिल हैं।

ये नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, डेनमार्क, जापान और रूस के दल की जगह लेंगे, जो अगस्त से वहां हैं। उनके अगले सप्ताह पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है। नासा ने कहा कि स्पेसएक्स फाल्कन-9 राकेट और ड्रैगन अंतरिक्ष यान के उड़ान पथ में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण पहले इसके उड़ान को टालना पड़ा था।

यूएन में भारतीय चुनाव प्रक्रिया पर तुर्क की टिप्पणी अनुचित

संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा

- भारत की दो टूक बयान को निराधार बताया

भारत ने सोमवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष मानवाधिकार अधिकारी द्वारा देश की चुनावी प्रक्रिया को लेकर की गई टिप्पणियां अनुचित और निराधार हैं।

जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि अरिंदम बागची ने कहा कि नई दिल्ली देश के आगामी आम चुनावों के बारे में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क की टिप्पणियों से भारत पूरी तरह वाकिफ है। जिनेवा में मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में तुर्क ने 'नागरिक अधिकारों पर बढ़ती पाबंदियों-पत्रकारों और कथित आलोचकों को निशाना बनाने के साथ-साथ अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव और नफरती भाषण को लेकर चिंता जताई थी। बागची ने कहा, इस संबंध में उनकी चिंताएं अनावश्यक हैं। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं। किसी भी लोकतंत्र में तर्क-विवाद स्वाभाविक है। यह जरूरी है कि सत्ता के पदों पर बैठे लोग अपने फैसले का दुष्प्रचार न होने दें। बागची ने कहा कि बहुलता, विविधता, भारत की लोकतांत्रिक राजनीति और इसके संवैधानिक मूल्यों के आधार हैं।

जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत प्रवेश पर 9 बांग्लादेशी गिरफ्तार

भुवनेश्वर। पुरी के जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने के आरोप में ओडिशा पुलिस ने नौ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुछ बांग्लादेशी नागरिकों को मंदिर के भीतर जाते देखा। उन्होंने सिंहद्वार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया।

पुरी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसपी सुशील मिश्र ने कहा, हमें शिकायत मिली कि कुछ गैर हिंदू बांग्लादेशी मंदिर में प्रवेश कर गए हैं। हमने नो बांग्लादेशियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।

ट्रंप के खिलाफ निक्की हेली की पहली जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

- रिपब्लिकन पार्टी में पहला प्राइमरी चुनाव जीता, आज कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद

निक्की हेली ने रिपब्लिकन प्राइमरी के चुनाव में अपनी पहली जीत दर्ज की है। निक्की हेली ने रविवार को कोलंबिया में हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को हराकर 2024 की अपनी पहली जीत दर्ज की। अब सभी की निगाहें मंगलवार को होने वाले प्राइमरी चुनाव पर है, जिनमें निक्की हेली को कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद है।

वहीं किसी रिपब्लिकन प्राइमरी इलेक्शन में जीत दर्ज करने वाली निक्की हेली अमेरिकी इतिहास में पहली महिला बन गई हैं। अब तक हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते आए हैं। हालांकि कोलंबिया में उन्हें झटका लगा है। इसके बावजूद ट्रंप की अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दावेदारी सबसे मजबूत है। मंगलवार को 16 राज्यों में प्राइमरी चुनाव होने हैं और मंगलवार को ट्रंप और

निक्की हेली के बीच के मुकाबले की स्थिति साफ हो सकती है। कई हार के बावजूद निक्की हेली ने राष्ट्रपति पद की दावेदारी से हटने से इनकार कर दिया था।

अब पहली जीत मिलने से यकीनन उनकी प्रचार टीम को नई ऊर्जा मिलेगी। निक्की हेली को कोलंबिया में सभी 19 डेलिगेट्स का समर्थन मिला। शनिवार को ही डोनाल्ड ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की थी। ट्रंप को अब तक 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है।

शीर्ष कोर्ट ने ट्रंप को प्राथमिक चुनाव में भाग लेने के लिए ठहराया योग्य

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की शीर्ष अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राहत दी। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने कोलाराडो की एक अदालत के उस फैसले को रद कर दिया, जिसमें राष्ट्रपति चुनाव 2024 के लिए प्राथमिक मतदान में ट्रंप के भाग लेने पर रोक लगा दी गई थी। राज्य की अदालत ने कैपिटल हिल दंगों को आधार बनाते हुए उन्हें कोलाराडो के प्राथमिक चुनाव के लिए अयोग्य ठहराया था। रिपब्लिकन पार्टी राष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार चुनने के लिए प्राथमिक चुनाव कराती है। कोलाराडो की अदालत ने ट्रंप को अयोग्य ठहराया था। इसके प्रावधान उन लोगों को सरकारी पद तक पहुंचने से रोकते हैं, जो अमेरिकी संविधान की रक्षा की शपथ लेते हैं, लेकिन फिर उसी के खिलाफ बगावत करते हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के नौ न्यायाधीशों ने कोलाराडो की अदालत का फैसला पलटा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान राज्यों को राष्ट्रपति उम्मीदवार को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने की अनुमति नहीं देता है और राज्यों के पास केंद्रीय उम्मीदवारों को अयोग्य ठहराने की शक्ति नहीं है। वहीं, शीर्ष कोर्ट से फैसला आने के बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, अमेरिका के लिए बड़ी जीत। ट्रंप को कोलाराडो के अलावा इलिनॉय, मेन में प्राथमिक चुनाव के लिए अयोग्य ठहराया गया था। शीर्ष अदालत का ताजा फैसला ट्रंप को इन राज्यों से बाहर करने के प्रयासों पर भी रोक लगाता है।

विज्ञान इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक किया गया रिकार्ड, 11 वर्ष का माना जाता है एक सौर चक्र

पृथ्वी से नौ गुना बड़ा सौर कलंक सूर्य की सतह पर उभरा

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक रिकार्ड किया गया। इसका आकार पृथ्वी से नौ गुना बड़ा आंका गया है। इस सौर कलंक से एक्स श्रेणी की कई ज्वालाएं उभरी हैं।

इस सौर कलंक की संख्या एआर 3590 है। यह 25वां सौर चक्र का चल रहा है, जो अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजर रहा है। 11 वर्ष का एक सौर चक्र माना जाता है। अधिकतम सक्रियता के दौरान सूर्य की सतह पर कई भयानक विस्फोट पिछले एक वर्ष के दौरान हो चुके हैं और इस पूरे वर्ष इनके सक्रिय रहने की आशंका बनी हुई है। इस बीच सनस्पॉट एआर 3590 में उभरा सौर कलंक रिकॉर्डतोड़ रहा। इसका उभरना 18 फरवरी से शुरू हो चुका था और 2 मार्च तक देखा गया। अब यह सूर्य के पिछले हिस्से में जा चुका है।

जिस कारण दृश्य से ओझल हो गया है। 26 फरवरी के आसपास इसका आकार लगभग 9 पृथ्वियों के बराबर रहा। इस सौर चक्र का अब तक का सबसे बड़ा सनस्पॉट था।

इसे नग्न आंखों से देखा जा सकता था। यहाँ ध्यान रहे कि जब भी सूर्य देखना हो, सौर चश्मे के बिना न देंखे, अन्यथा आंखों को बड़ा खतरा हो सकता है। इस सौर कलंक में 21 व 22 फरवरी के बीच तीन एक्स श्रेणी की विशाल ज्वाला उभरी, जबकि एक एक्स 6.4 फ्लेयर की भी उभरी थी। अभी भी यह सौर कलंक बना हुआ है, जो अब लगभग 10 दिन बाद सूर्य के पिछली ओर से पृथ्वी के सामने की तरफ लौट आएगा।



सूर्य की तस्वीर में नजर आ रहा काला धब्बा पृथ्वी से नौ गुना बड़ा है यह सन स्पॉट।

ऐतिहासिक है सौर कलंक

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार यह ऐतिहासिक सन सपॉट है, जो अब सूर्य के पिछली ओर जा चुका है। इस तरह विशाल आकर के सन स्पॉट मुश्किल से देखने को मिलते हैं। यह सूर्य की सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है। जिनसे बड़ा नुकसान पृथ्वी के इलेक्ट्रिनिक्स व इलेक्ट्रिक्स ग्रीडस को पहुच सकता है। जिस कारण वैज्ञानिक सदा इनकी निगरानी करते हैं।